जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल

## आईपीएलः बेंगलुरु और हैदराबाद के मुकाबलेसे होगा आज आईपीएल का आगाज



Page 09 देश

## योगी को बच्ची ने गिफ्ट में दिया खिलौना, वाला बुलडोजर, गदगद हो गए मुख्यमंत्री

शुक्ल पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 28 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 115 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,32,650 | ₹ 2,40,000 |

## आज का इतिहास

**1969 :** भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल किया गया।

**1993 :** भारतीय क्रिकेट इतिहास में विनोद कांबली ने 227 रन बनाए। मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ था। यह उनका लगातार दूसरा शतक था।

## न्यूज बाइट्स

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नामांकन की तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी

**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में नामांकन कराने की तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि चयनित बच्चों का 10 अप्रैल तक नामांकन कराना सुनिश्चित करें। नामांकन में उदासीनता बरतने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 फीसदी अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के ऑनलाइन नामांकन के लिए 23 फरवरी को सभी जिलों में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया था। इसमें चयनित बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए 20 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई थी।ऑनलाइन नामांकन के लिए चयनित 70155 छात्रों में 53479 का नामांकन हो सका है। इसको देखते हुए 10 अप्रैल तक नामांकन की तिथि विस्तारित की गई है। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला कार्यक्रम अधिकारियों के पास पत्र भेज निर्देश दिया है कि ऑनलाइन चयनित सभी छात्रों का विस्तारित तिथि तक संबंधित विद्यालयों में नामांकन करना सुनिश्चित करें। जिन विद्यालयों द्वारा नामांकन करने में शिथिलता बरती जा रही है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 मार्च को देंगे इस्तीफा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिल रही है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 मार्च को विधानमंडल से इस्तीफा दे सकते हैं। यानी वे इस दिन बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। 30 मार्च, सोमवार को परिषद की सदस्यता छोड़ने के साथ ही उनके मुख्यमंत्री पद से हटने की भी अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं, जिसके बाद उनका मुख्यमंत्री पद छोड़ना तय माना जा रहा है। ऐसे में बिहार की सियासत में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। संविधान के मुताबिक कोई व्यक्ति एक साथ दो सदनों का सदस्य नहीं रह सकता। नीतीश कुमार हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। ऐसे में उन्हें 14 दिनों के भीतर एक पद छोड़ना अनिवार्य है। इसी नियम के तहत 30 मार्च की तारीख अहम बन गई है।

उर्वरक कालाबाजारी पर सरकार की बड़ी कार्रवाई

# देशभर में 6,900 से अधिक लाइसेंस रद्द

### किसानों को सस्ती आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में उर्वरकों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में सरकार ने 6,900 से अधिक उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब खेती के मौसम में उर्वरकों की मांग बढ़ जाती है और कालाबाजारी की आशंका भी अधिक रहती है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसानों को किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या बढ़ी हुई कीमतों का सामना न करना पड़े।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, कई स्थानों पर उर्वरकों की जमाखोरी कर बाजार में कृत्रिम कमी पैदा की जा रही थी, जिससे किसानों को ऊंचे दाम पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों द्वारा औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अनियमितताएं सामने आईं। जांच में दोषी पाए गए विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस रद्द किए गए हैं। साथ ही अन्य संदिग्ध प्रतिष्ठानों की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए यूरिया की उपलब्धता को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है। वर्तमान में 45 किलोग्राम यूरिया की बोरी का अधिकतम खुदरा मूल्य 242 रुपये निर्धारित है। यह मूल्य सब्सिडी के कारण संभव हो पाया है, क्योंकि वास्तविक उत्पादन लागत इससे कहीं अधिक होती है। सरकार इस अंतर को वहन कर किसानों को सस्ती दर पर यूरिया उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही नीम-कोटेड यूरिया के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उर्वरक का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। फॉस्फेट और पोटाश आधारित उर्वरकों की उपलब्धता को भी किफायती बनाए रखने के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना (एनबीएस) लागू है। इस योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद किसानों को स्थिर और उचित दर पर उर्वरक मिल सके, इसके लिए सरकार समय-समय पर सब्सिडी दरों में संशोधन करती रहती है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ता और खेती की लागत नियंत्रित रहती है। इसके अतिरिक्त, किसानों को और अधिक राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने खरीफ 2025 और रबी 2025-26 सीजन के लिए डीएपी और आयातित टीएसपी पर 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की अतिरिक्त सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इस कदम से किसानों की उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और उन्हें बेहतर लाभ मिल सकेगा। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परिवहन लागत और वैश्विक बाजार की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उर्वरकों की आपूर्ति बाधित न हो। सरकार का कहना है कि उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली को भी मजबूत किया जा रहा है।



### रबी सीजन में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक

किसानों को खाद की किल्लत न हो, इसके लिए सरकार ने उपलब्धता के आंकड़े भी जारी किए हैं। 18 मार्च 2026 तक की स्थिति के अनुसार 191.72 लाख मिट्रिक टन की मांग के विपरीत 249.17 लाख मिट्रिक टन पर्याप्त स्टाक मौजूद है। इसी प्रकार 52.72 की मांग के बावजूद 74.55 लाख मिट्रिक टन और एनपीकेएस 80.34 की मां के सापेक्ष 114.66 लाख मिट्रिक टन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

### किफायती दरों पर सब्सिडी का कवच

सरकार ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय किसानों को 45 किलो यूरिया का बैग 242 (करों के बिना) की वैधानिक दर पर मिलता रहेगा। लागत और एमआरपी के बीच के अंतर की भरपाई सरकार सब्सिडी के रूप में कंपनियों को कर रही है। इसके अलावा, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत फॉस्फेट और पोटेशियम उर्वरकों की किफायती आपूर्ति जारी है। विशेष प्रावधान के तहत, खरीफ 2025 और रबी 2025-26 के लिए डीएपी और टीएसपी पर 3500 प्रति मीट्रिक टन की अतिरिक्त सहायता भी सुनिश्चित की गई है।

औरंगाबाद में दिल दहला देने वाली वारदात

# चाचा ने तीन बच्चों की गला काटकर किया हत्या, खुद भी किया आत्महत्या का प्रयास



निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के खुटहन गांव में शुक्रवार की सुबह एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज वारदात सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। एक युवक ने अपने ही तीन मासूम भतीजे-भतीजी की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया। आरोपी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे पटना रेफर किया गया है। मृत बच्चों की पहचान अनीश कुमार (10 वर्ष), आयुष कुमार (7 वर्ष) और अनुष्का कुमारी (5 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों सगे भाई-बहन थे। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। बच्चों के पिता गुड्डु पेशे से ट्रेन में पैंट्री कार में काम करते हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे। घर में उनकी पत्नी और तीनों बच्चे ही मौजूद थे।

इसी दौरान बच्चों का चाचा घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि उस समय बच्चों की मां नहा रही थीं, जिससे दरवाजा खोलने में थोड़ी देर हुई। दरवाजा खुलते ही आरोपी घर में घुसा और पहले से तैयार साजिश के तहत बच्चों को बहाने से एक कमरे में ले गया। उसने मोबाइल दिखाने के बहाने बच्चों को कमरे में बुलाया, फिर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद तेज आवाज में स्पीकर चलाया, ताकि बच्चों की चीख-पुकार बाहर तक न पहुंचे। फिर एक-एक कर तीनों बच्चों का गला काट दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पड़ोसियों ने बताया कि बच्चे रोज उनके सामने खेलते थे और उन्हें अंकल कहकर बुलाते थे। अचानक हुई इस घटना से हर कोई सदमे में है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। इलाज कर रहे डॉक्टर के अनुसार, आरोपी के गले पर गहरा जख्म है, जो किसी धारदार हथियार से किया गया प्रतीत होता है। उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है।

### कमरे का मंजर देख दहल उठे लोग

जब बच्चों की मां नहाकर बाहर आईं, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला और अंदर से तेज आवाज में गाना बज रहा था। काफी आवाज देने के बावजूद जब दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों को बुलाया गया। दरवाजा तोड़कर जब लोग अंदर पहुंचे, तो चारों ओर खून फैला हुआ था और तीनों बच्चे जमीन पर पड़े थे। पास में ही आरोपी भी घायल अवस्था में पड़ा था, जिसने खुद का गला काटने की कोशिश की थी, लेकिन वह पूरी तरह सफल नहीं हो पाया।


### प्रारंभिक जांच में तीन प्रमुख एंगल सामने आए हैं

आरोपी की अब तक शादी नहीं हुई थी, जिसको लेकर घर में विवाद होता था।

दोनों भाइयों के बीच जमीन-जायदाद को लेकर भी विवाद की बात सामने आई है।

घर में अक्सर झगड़े होने की बात भी ग्रामीणों ने बताई है।

## पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 की कटौती, कीमतें स्थिर



- पेट्रोल पर ड्यूटी 13 से घटकर 3 प्रति लीटर हुई
- डीजल पर ड्यूटी 10 से घटाकर शून्य कर दी गई

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आम लोगों को राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 प्रति लीटर की कटौती की है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 से घटकर 3 प्रति लीटर रह गई है, जबकि डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी 10 से घटाकर शून्य कर दी गई है। सरकार के इस कदम से फिलहाल पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के कारण यह निर्णय लिया गया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गया है। इससे देश की तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा और उन्हें प्रति लीटर लगभग 30 तक का घाटा होने लगा था। इस स्थिति में कंपनियां कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही थीं, जिसे रोकने के लिए सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाई।

ड्यूटी में कटौती का असर सरकारी राजस्व पर भी पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में प्रतिदिन पेट्रोल की औसत खपत 13.82 करोड़ लीटर और डीजल की 27.79 करोड़ लीटर है। ऐसे में इस फैसले से सरकार को रोजाना करीब 416 करोड़ के राजस्व का नुकसान होगा, जिसमें पेट्रोल से 138.20 करोड़ और डीजल से 277.90 करोड़ की कमी आएगी।

सरकार के इस निर्णय से आम लोगों को तत्काल राहत मिलेगी। ईंधन की कीमतें बढ़ने से बच गई हैं, जिससे परिवहन लागत नियंत्रित रहेगी और महंगाई पर भी असर कम पड़ेगा। हालांकि, यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो भविष्य में फिर से कीमतों में बदलाव संभव है।

## राज्यसभा जीत के बाद नीतीश कुमार को 30 मार्च तक छोड़ना होगा एमएलसी पद

- इस्तीफा देने के बाद भी 6 महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं
- संभावित अवधिः सितंबर 2026 तक सीएम पद पर बने रह सकते हैं



निज संवाददाता | पटना

बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा चुनाव जीत चुके हैं, जिसके बाद अब उन्हें विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता छोड़नी होगी। नियमों के अनुसार उन्हें 30 मार्च 2026 तक अपना इस्तीफा देना अनिवार्य है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत कोई भी व्यक्ति एक साथ दो सदनों का सदस्य नहीं रह सकता। ऐसे में यदि कोई नेता एक सदन का सदस्य रहते हुए दूसरे सदन के लिए निर्वाचित होता है, तो उसे निर्धारित समयसीमा के भीतर एक पद छोड़ना पड़ता है। इसी नियम के तहत मुख्यमंत्री को एमएलसी पद से इस्तीफा देना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी सदन का सदस्य बने अधिकतम छह महीने तक मुख्यमंत्री पद पर बना रह सकता है। यानी नीतीश कुमार चाहें तो इस्तीफा देने के बाद भी करीब सितंबर 2026 तक मुख्यमंत्री पद संभाल सकते हैं। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नितिन नवीन भी राज्यसभा के लिए चुने गए हैं, जिसके चलते उन्हें विधायक पद छोड़ना होगा। माना जा रहा है कि सभी नेता तय समयसीमा के भीतर अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे और अप्रैल से राज्यसभा में नई भूमिका निभाएंगे।

हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर आगे क्या होगा। अभी तक नीतीश कुमार के इस्तीफे की कोई आधिकारिक तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक बिहार को नया मुख्यमंत्री मिल सकता है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अगला मुख्यमंत्री भाजपा से हो सकता है, जबकि जदयू को गठबंधन में अन्य अहम जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। फिलहाल अंतिम निर्णय एनडीए नेतृत्व के स्तर पर ही लिया जाएगा, जिस पर पूरे राज्य की नजर टिकी हुई है।

## बिहार के 38 जिलों में मिट्टी की जांच से कृषि को मिल रहा नया बल

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में कृषि क्षेत्र को आधुनिक और वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में एक अहम पहल के तहत राज्य के सभी 38 जिलों में मिट्टी की जांच का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इस पहल का सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी जमीन की उर्वरता और आवश्यक पोषक तत्वों की सही जानकारी मिल पा रही है, जिससे फसल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार कृषि के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देते हुए नई तकनीकों को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। मिट्टी जांच के जरिए किसानों को यह समझने में आसानी हो रही है कि किस फसल के लिए कौन-सी भूमि उपयुक्त है और किस प्रकार के उर्वरकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इससे न केवल लागत में कमी आ रही है, बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार देखने को मिल रहा है। नई तकनीकों के इस्तेमाल से खेती अब पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हो रही है। इसका सकारात्मक प्रभाव किसानों की आय पर भी पड़ा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। राज्य में इस बदलाव के चलते किसानों के बीच खुशहाली का माहौल बनता दिखाई दे रहा है, और कृषि क्षेत्र में सतत विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं।

## डूबने से तीन मासूमों की हुई मौत लकड़ी काटने गए थे भाई-बहन



निज संवाददाता | छपरा (सारण)

जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत मटियार गांव में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसा हुआ, जहां सरयू नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान पप्पू महतो के 10 वर्षीय पुत्र गुंजन कुमार, उनकी बेटी रागिनी कुमारी तथा रिश्तेदार कृष्णा महतो की 13 वर्षीय बेटी प्रियांशु कुमारी के रूप में हुई है। तीनों आपस में मौसेरे भाई-बहन थे।

बताया जाता है कि घर में गैस सिलेंडर खत्म हो जाने के कारण पिछले दो दिनों से खाना बनाने में परेशानी हो रही थी। इसी वजह से शुक्रवार सुबह गांव के सात बच्चे कुल्हाड़ी लेकर दियारा क्षेत्र में लकड़ी काटने के लिए नदी पार गए थे। लकड़ी काटने के दौरान गुंजन को प्यास लगी और वह पानी पीने के लिए नदी किनारे पहुंचा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। भाई को डूबता देख बहन रागिनी उसे बचाने के लिए नदी में कूद गई, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठी और डूबने लगी। दोनों को बचाने के प्रयास में उनकी मौसेरी बहन प्रियांशु भी नदी में उतर गई, लेकिन वह भी गहरे पानी में समा गई। इस तरह एक के बाद एक तीनों बच्चे डूब गए।

घटना के समय मौजूद अन्य बच्चों और ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव घटनास्थल से लगभग 100 मीटर के दायरे में बरामद किए गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई। एक साथ तीन बच्चों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

## एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा, देश में लॉकडाउन नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें

- पश्चिम एशिया तनाव से क्रूड और गैस सप्लाई प्रभावित, कीमतों में बढ़ोतरी
- देश में 2 महीने का पर्याप्त क्रूड स्टॉक मौजूद
- घरेलू उपभोक्ताओं को दी गई प्राथमिकता



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार के लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां 100 फीसदी क्षमता से काम कर रही हैं और एलपीजी उत्पादन में 40% की वृद्धि की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें। अफवाहों के कारण कई जगह पेट्रोल पंपों पर भीड़ और लंबी कतारें देखी गई हैं, जबकि वास्तविकता में किसी भी तरह की कमी नहीं है।

सरकार के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं और आपूर्ति पर असर पड़ा है, लेकिन भारत ने स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त तैयारी कर रखी है। देश के पास अगले दो महीनों के लिए पर्याप्त कच्चे तेल का स्टॉक मौजूद है, जबकि एलपीजी, एलएनजी और पीएनजी की सप्लाई भी संतोषजनक बनी हुई है। यह भी बताया गया कि भारत की लगभग 90% एलपीजी आपूर्ति होर्मुज मार्ग से आती है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी है। शुरुआत में कमर्शियल सप्लाई सीमित की गई थी, जिसे अब चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 70% तक कर दिया गया है। 14 मार्च से अब तक करीब 30 हजार टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है। सरकार ने रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों, औद्योगिक कैंटीन और प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता देते हुए गैस उपलब्ध कराई है। प्रवासी मजदूरों के लिए करीब 30 हजार छोटे सिलेंडर भी वितरित किए गए हैं। इसके अलावा स्टील, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, केमिकल और प्लास्टिक उद्योगों की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है।

अफवाहों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने सख्ती भी दिखाई है। हाल ही में करीब 3 हजार छापेमारी की गई, जिसमें 1500 सिलेंडर जब्त किए गए और 350 डिस्ट्रीब्यूटर्स को नोटिस जारी किया गया है। इधर, केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया के हालात पर नजर रखने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित अन्य मंत्री शामिल हैं। सरकार ने दोहराया है कि देश में किसी भी प्रकार की ईंधन संकट की स्थिति नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। नागरिकों से अपील की गई है कि घबराहट में खरीदारी न करें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## एक अप्रैल से बिहार में सख्त प्रशासनिक व्यवस्था लागू हड़ताल पर सख्ती के संकेत : विजय कुमार सिन्हा

- जनहित के कार्यों में बाधा डालने वालों पर कोई नरमी नहीं
- किसी भी अंचल कार्यालय को खाली नहीं रहने दिया जाएगा
- हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार मिलेगा
- एक अधिकारी को एक से अधिक अंचलों की जिम्मेदारी दी जाएगी



निज संवाददाता | पटना

बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार से जुड़े कार्यों को निर्बाध बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और एक अप्रैल 2026 से पूरे राज्य में सख्त प्रशासनिक व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि राज्य के किसी भी अंचल कार्यालय को खाली नहीं रहने दिया जाएगा। जिन पदाधिकारियों ने हड़ताल में हिस्सा नहीं लिया है, उन्हें उनके मूल पद के साथ-साथ अन्य रिक्त अंचलों का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाएगा, ताकि कार्य प्रभावित न हो।

इस व्यवस्था के तहत अंचलाधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी और कानूनगो जैसे पदों पर तैनात अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी जाएंगी। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर हाल में प्रत्येक अंचल में पदाधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, जिससे आम जनता के कार्यों का निष्पादन समय पर हो सके।

सरकार के इस फैसले को प्रशासनिक सख्ती के रूप में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य राजस्व सेवाओं को बाधित होने से बचाना और आम नागरिकों को राहत देना है। साथ ही यह संदेश भी स्पष्ट किया गया है कि हड़ताल या कार्य बहिष्कार के जरिए सरकारी कामकाज को प्रभावित करने की कोशिशों पर अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

## तेज रफ्तार और रॉन्ग साइड में चलना खतरनाक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के प्राणचक व सिमरकोल मोड़ के बीच एनएच-20 पर शनिवार को एक भंयकर सड़क दुर्घटना हुआ। इस सड़क दुर्घटना में दो बाइक अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गई। इस टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार रहे कुल तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सूरज कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में होरिला गांव निवासी अर्जुन राम के पुत्र अनिल कुमार,गयाजी जिले के गुरुआ गांव निवासी देवनन्दन यादव के पुत्र छोटेलाल कुमार एवं नरहट थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी गांव निवासी पप्पू कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां



अस्पताल में इलाजरत घायल युवक

दी गई है। वहीं घायल छोटेलाल कुमार के सिर और पैर में फैक्चर होने के कारण उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने कहा कि एनएच-20 पर यूटर्न होने के बावजूद लोगों द्वारा लापरवाही बरतते हुए रॉन्ग साइड में चलने से सड़क दुर्घटना में बढ़ोत्तरी हो गई है। महीनों में तीन-चार घटनाएं रजौली क्षेत्र में देखने को मिल जाती है। शनिवार की सुबह भी दो बाइक सवार आमने सामने टकरा गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमलोगों से परिवहन के नियमों के अनुकूल वाहन चलाने की अपील की है,ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

# संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी शोभायात्रा के दौरान रजौली प्रमंडल में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, समय से पूर्व जल संचयन की अपील

**रजौली**। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रखंडों के उपभोक्ताओं के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार के द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है, जिसके तहत आगामी 27 एवं 28 मार्च 2026 को रामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्राओं के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार नारदीगंज, हिसुआ, मेसकौर, नरहट, गोविंदपुर, अकबरपुर, सिरदला एवं रजौली के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय पूजा समितियों द्वारा आयोजित जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय बिजली दुर्घटना को रोकने के लिए एहतियातन विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। सुरक्षा के इस अनिवार्य कदम से आम जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए विभाग ने सम्मानित नागरिकों और उपभोक्ताओं से विनम्र अनुरोध किया है कि वे शोभायात्रा के निर्धारित समय से काफी पहले ही अपने घरों में आवश्यकतानुसार पानी भरकर रख लें ताकि बिजली कटौती की अवधि में उन्हें दैनिक कार्यों में किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। शांतिपूर्ण और सुरक्षित उत्सव संपन्न कराने के उद्देश्य से जारी की गई इस पूर्व सूचना का पालन कर लोग जल संकट से बच सकते हैं और बिजली विभाग के इस सुरक्षा अभियान में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

### कौआकोल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ रामनवमी का पर्व

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को रामनवमी का पावन पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कौआकोल बाजार सहित ग्रामीण इलाकों के घर और मंदिर महावीरी पताकों से पट गए,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। रामनवमी के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य धार्मिक आयोजन किए गए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से पूरा इलाका दिनभर गूंजता रहा। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था और भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। कौआकोल थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, ताकि उत्सव में किसी प्रकार का खलल न पड़े।

### अजब रंगीला ग़ज़ब रंगीला खाटू महोत्सव 2026 की तैयारी जोरों पर

**सहरसा**। श्री खाटू श्याम भक्त मंडल द्वारा 29-30 मार्च को श्री बड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय अजब रंगीला ग़ज़ब रंगीला खाटू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति और सेवा में समर्पित होना है।इस दो दिवसीय महोत्सव में भजन कीर्तन, भंडारा, निशान यात्रा, बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा भजनों की अमृत गंगा, और 31 घंटे का अखंड ज्योत का आयोजन किया जाएगा।साथ ही निशान यात्रा 29 मार्च को सुबह 6:30 बजे निकलेगी। भजनों की अमृत गंगा 29 मार्च को 2 बजे से शुरू होगी।श्री खाटू श्याम भक्त मंडल के सचिव आदित्य मित्तल ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति और सेवा में समर्पित होना है और समाज के लोगों को एक सुखद अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं का स्वागत है और उन्हें इस महोत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### गांधी पथ स्थित बजरंग बली मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय रामनवमी मेला का शुभारंभ

**सहरसा**। गांधी पथ स्थित बजरंग बली मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय रामनवमी मेला का शुभारंभ किया गया। मेला का विधिवत उदघाटन पूर्व चेयरमेन श्याम सुंदर साह, समाजसेवी हरिहर प्रसाद गुप्ता,पूर्व विधायक गुंजेश्वर साह,नीरज गुप्ता,रतन दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इससे पहले पंडित सुधीर झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया।समिति की ओर से आगत अतिथियों को चादर प्रदान कर स्वागत किया गया।इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन चरित्र हम सबों का सच्चा राह दिखाती है।आज के समय में उनके आदर्शों व चरित्रों को अपनाकर ही समाज में समरसता कायम किया जा सकता है। इसीलिए आज का दिन भगवान श्रीराम के बताए पद चिन्हों पर चलने का दिन है।हम सबों को प्रण करें कि अपने व्यवहार से परिवार ही नहीं समाज व राज्य का कल्याण हो। राम के जन्मोत्सव को उत्सव के रूप में मनाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लेने का आहवान किया। यजमान कन्हैया कुमार चौधरी सपत्नी बैठे थे।वहीं पूजन कार्य पंडित नीतीश झा के संयोजन में सुधीर झा,गोपाल पंडित सहित अन्य ने सहयोग किया। पूजन कार्य के बाद 24 घंटे का हवन - अष्टयाम संकीर्तन शुरू किया गया। शुरू में ही समिति की ओर से सर्वप्रथम ध्वज की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

### हिन्दी साहित्याकाश में महिषी से एक नव हस्ताक्षर ऋतिका रश्मि हुई उपस्थित

**सहरसा**। मीमांसक मंडन मिश्र व उनकी धर्मपत्नी विदुषी भारती और हिंदी, मैथिली व बंगला के चर्चित लेखक राजकमल चौधरी की जन्मभूमि महिषी से एक नव हस्ताक्षर हिन्दी साहित्य पर दस्तक दी है ऋतिका रश्मि के नाम से।पिछले दिनों शहर के स्थानीय सभागार में शशि सरोजिनी रंगमंच' के तत्वावधान में भव्य कोसी साहित्योत्सव तथा "साहित्यकार हरिशंकर श्रीवास्तव 'शलभ' 2026" एवं "पूनमलता सिन्हा स्मृति सम्मान समारोह" अनुष्ठित हुआ। साथ ही भव्य कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक आयोजन भी सम्पन्न हुआ जिसमें समकालीन समय के देश व प्रदेश के हिंदी कवियों ने शिरकत की।इस साहित्यिक समागम में पर भूतपूर्व आईपीएस अधिकारी और वरिष्ठ साहित्यकार आदरणीय धुव्र गुप्त सहित दर्जन से भी अधिक कवियों ने सहभागिता की थी। कर्नाटक में प्रवास करने वाली महिषी में जन्मी और सहरसा से शिक्षित ऋतिका रश्मि की कविता ने अलग छाप छोड़ी।कवयित्री ऋतिका पिछले एक दशक से गंभीर रचना कर रही है। अपनी स्वरचित कविताओं के संख्या सौ से पार कर चुकी ऋतिका रश्मि की दो कविता संग्रह बहुत ही जल्द ही आम पाठकों के मध्य प्रतिष्ठित प्रकाशन से आने वाली है। ऋतिका की कविता विभिन्न साहित्यिक प्रतिकाओं में निरंतर कई वर्षों से प्रकाशित होती आ रहीं हैं।

# सवैयाटांड़ में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा वातावरण



रामनवमी शोभायात्रा में शामिल मुखिया,पुलिस व ग्रामीण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड के सुदूरवर्ती सवैयाटांड पंचायत में रामनवमी के अवसर पर धूमधाम से शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं द्वारा जय श्रीराम के जयकारे पूरे पंचायत में गूंजते रहे। रामनवमी के पावन अवसर पर पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर चारों ओर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सवैयाटांड में रामनवमी का पर्व इस बार भी पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव-गांव में भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। पुरानी परंपरा के अनुसार नवमी के दिन ही सपही गोदाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न गांवों का भ्रमण करता हुआ एक स्थान पर एकत्रित हुआ। इस दौरान जगह-जगह आकर्षक अखाड़े सजाए गए, जहां युवाओं ने परंपरागत हथियारों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए। अखाड़ों में तलवारबाजी, लाठी और अन्य पारंपरिक हथियारों के प्रदर्शन ने लोगों को रोमांचित कर दिया। श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर प्रखंड के उपप्रमुख विनोद राजवंशी,मुखिया नारायण सिंह एवं पीटीसी राहुल कुमार के साथ पुलिस बल के अलावे सैकड़ों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# इंटर साइंस में प्रदेश की सेकंड टॉपर सपना का गांव में हुआ भव्य अभिनंदन

## नावाडीह में सम्मान समारोह का आयोजन कर सपना को किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) के इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में प्रखण्ड के नावाडीह गांव की सपना कुमारी ने 479 अंक (95.80%) प्राप्त कर पूरे राज्य में संयुक्त रूप से दूसरा (2nd) स्थान हासिल किया। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद पूरा गांव जश्न में डूब गया। शुक्रवार को ग्रामीणों के सौजन्य से नावाडीह गांव स्थित पुस्तकालय भवन में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने अपनी लाडली को फूल-मालाओं से लाद दिया और वाहन पर बिठाकर पूरे गाँव में अभिनन्दन जुलूस निकाला। इसके बाद पुस्तकालय भवन परिसर में सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अनूप प्रसाद यादव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह



का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित ग्रामीण श्रीकांत पांडेय,शिक्षक अरुण कुमार,पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी,मनोहर पासवान,तूफानी प्रसाद यादव आदि ने सपना को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्हें सपना पर गर्व है। गांव की बिटिया सपना की इस उपलब्धि ने गांव का नाम पूरे राज्य में रोशन कर दिया है। बता दें कि सपना एक बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता सुधीर चौरसिया गाँव में ही एक छोटी सी परचून (किराना) की दुकान चलाते हैं,जबकि माता संजुला देवी गृहिणी हैं। संसाधनों के अभाव के बावजूद सपना ने कभी हिम्मत नहीं हारी और यह साबित कर दिया कि गाँव के सरकारी स्कूल में पढ़कर भी राज्य की मेरिट लिस्ट में अपनी जगह पक्की की जा सकती है।

# हरदिया में माता रानी का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सेक्टर-डी में बीते गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे माता रानी का पट खुलते ही दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रजौली विधायक विमल राजवंशी भी माता रानी के दरबार में अर्जी लगाने पहुंचा। मुखिया पिंटू साव और पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार ने विधायक का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

चैत्र नवरात्रि को लेकर हरदिया सेक्टर-डी में 100 से अधिक वर्षों से माता रानी की मूर्ति स्थापित कर पूजा की जा रही है। विधायक ने माता रानी के दर्शन के बाद विधिवत पूजा-अर्चना किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य में सुख, शांति और समृद्धि को लेकर माता से अर्जी लगाई। विधायक ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-अर्चना करने की

## विधायक भी दरबार में पहुंच लगाई अर्जी



माता रानी के साथ विधायक, मुखिया व अन्य

अपील की।

पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शनिवार को हवन होगा और रविवार को बाजे गाजे के साथ ग्रामीण श्रद्धालुगण धूमधाम से माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। शुक्रवार की अहले सुबह से मंदिर परिसर में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर पूजा समिति से मुकेश कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, ओमकार साव, सोहन साव, समाजसेवी दिलीप साव, जयशंकर कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बब्लू पंडित, राजन कुमार, रंजीत कुमार, नंदलाल राजवंशी सहित सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# चौकीदार के साथ मारपीट कर जब्त ट्रक ले जाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## पूछताछ के बाद भेजा गया जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के करिगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप वैशाली ढाबा के समीप खनन मामले में जब्त गिट्टी लदे हाइवा ट्रक चौकीदार की निगरानी में रखा गया था,जिसे तीन निजी वाहनों पर सवार असमाजिक तत्व के लोगों ने बीते 29 जनवरी की देर रात्रि चौकीदार से मारपीट कर जबरन लेकर भाग खड़े हुए थे। घटना के बाद पुलिस जब्त हाइवा ट्रक की खोजबीन में एवं मारपीट में शामिल लोगों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी में जुटी हुई थी। इसी बीच फरवरी माह में पुलिस बलों ने मुजफ्फरपुर के गायघाट स्थित टोल प्लाजा के समीप से हाइवा ट्रक संख्या बीआर27जीए8411 को जब्त किया है। साथ ही ट्रक चालक वारसलीगंज थाना क्षेत्र निवासी विजय यादव के पुत्र विकास कुमार को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है।

**अवैध खनन में एसडीएम ने ट्रक को किया था जब्त**:- बीते 28 जनवरी को गिट्टी लदे ट्रक संख्या बीआर27जीए8411 को जांच हेतु रोका गया एवं आवश्यक कागजात मांगे गए। ट्रक चालक अथवा मालिक द्वारा कागजात नहीं जमा किए जाने पर उसे खनन विभाग को अग्रतर कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया था। साथ ही जब्त ट्रक को वैशाली ढाबा के समीप लगाकर चौकीदार अजय राजवंशी को सुरक्षा हेतु प्रतिनियुक्त किया गया था।

**चौकीदार के साथ मारपीट कर ले भागे जब्त ट्रक** :- पुलिस व प्रशासन से बेखौफ असमाजिक तत्व के लोग बीते 29 जनवरी की देर रात्रि लगभग 12:30 बजे वैशाली ढाबा पर पहुंचे एवं चौकीदार पर जानलेवा हमला कर जब्त ट्रक को लेकर भाग खड़े हुए। घटना को लेकर चौकीदार ने बताया कि एक उजला रंग का स्कॉर्पियो,एक काला रंग का स्कॉर्पियो एवं एक सुमो नामक वाहन पर सवार लगभग 20 लोगों द्वारा गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए जब्त ट्रक को जबरन लेकर चले गए। उक्त लोगों ने चौकीदार के मोबाइल को भी पटककर क्षतिग्रस्त कर दिया था,जिससे पुलिस बलों को देर से सूचना मिल पाई थी। हालांकि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद बीते फरवरी माह के पहले सप्ताह को ही मुजफ्फरपुर जिले से ट्रक को जब्त कर वापस रजौली लाया गया एवं ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर की जा रही छापेमारी** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि जब्त गिट्टी लदे ट्रक को लेकर भागने वाले लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है एवं विशेष टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आलोक में अप्राथमिकी अभियुक्त नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र के काली बिगहा गांव निवासी कृष्ण यादव के पुत्र विक्की कुमार को पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त से आवश्यक पूछताछ के बाद शनिवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# हाजिरी लगाओ, गायब हो जाओ— स्कूल बना मजाक, बच्चों का भविष्य बर्बाद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सिकरहना**। अनुमंडल के चिरैया प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुलती नजर आई है। खाड़ताड़ी पूर्वी पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय मठ कोलासी में गुरुवार को लचर व्यवस्था सामने आई, जहां शिक्षक 'हाजिरी बनाकर गायब' हो गए।जानकारी के अनुसार विद्यालय में कुल चार शिक्षक तैनात हैं, लेकिन गुरुवार को सभी शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के बाद विद्यालय छोड़कर चले गए। दोपहर 1 बजे तक किसी भी शिक्षक का कोई अता-पता नहीं था, जिससे पढ़ाई पूरी तरह ठप रही।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह स्थिति यहां आम हो चुकी है। बच्चों को नियमित शिक्षा नहीं मिल रही है और उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है।

मिड डे मील (MDM) को लेकर भी गंभीर अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में न तो सही तरीके से खाना बनता है और न ही बच्चों को समय पर भोजन मिलता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिक्षक सिर्फ हाजिरी बनाकर चले जाते हैं और विद्यालय में पढ़ाई नाम मात्र की होती है। इससे अभिभावकों में भारी आक्रोश है।

गुरुवार को नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने मांग की कि दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई हो और विद्यालय की व्यवस्था में सुधार लाया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में चार शिक्षक और एक टोला सेवक कार्यरत हैं, इसके बावजूद बच्चों को बुनियादी शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। अब सवाल यह उठता है कि शिक्षा विभाग के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी स्तर पर आखिर कब सुधार होगा और बच्चों को उनका हक कब मिलेगा।

# निरंकारी सत्संग में कबड्डी खिलाड़ी निक्की यादव सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)**: शुक्रवार को छोटा शेखपुरा ब्रांच में आयोजित निरंकारी सत्संग के दौरान क्षेत्रीय संचालक महात्मा सुनील जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम, नम्रता और सहनशीलता ही संतजनों का वास्तविक आभूषण है। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि हनुमान जी का ध्वज आज भी भक्ति, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सत्संग और सेवा से जुड़ा रहता है, उसे किसी प्रकार की अभिलाषा रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। सतगुरु मानव जीवन को सुखमय बनाने के लिए इस संसार




कबड्डी खिलाड़ी को सम्मानित करते क्षेत्रीय संचालक महात्मा

में आते हैं, इसलिए उनके बताए मार्ग पर चलना और सत्संग के उपदेशों को जीवन में उतारना अत्यंत आवश्यक है। महात्मा सुनील जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं से सत्संग से जुड़े रहने तथा सदगुरु माता सुदीक्षा जी का दिया ब्रह्मज्ञान को समझकर उसे व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया, जिससे इस लोक और परलोक दोनों में सुख की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम के दौरान निरंकारी सेवादल की सदस्य किरण यादव की पुत्री निक्की यादव को राज्यस्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को उपविजेता बनाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निरंकारी सेवादल क्षेत्रीय संचालक महात्मा सुनील जी, मुखी महात्मा विनोद गुप्ता एवं सेवादल संचालक महात्मा डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर निक्की यादव का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर हरि राजवंशी, रामवृक्ष राजवंशी, मुन्नी कुमारी, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में संत-बहनों ने सत्संग में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

# रजौली में गूंजा जय श्रीराम, आस्था के सैलाब के साथ हर्षोल्लास से मना रामनवमी का महापर्व

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। भक्तिमय माहौल और गगनभेदी जयकारों के साथ रजौली प्रखंड में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया, जिससे समूचा क्षेत्र राममय हो उठा। सुबह से हीं मुख्यालय के बजरंगबली चौक मंदिर, मनोकामना धाम मंदिर, पंचमुखी धाम राजशिवाला, न्यू बाइपास स्थित पंचमुखी मंदिर समेत क्षेत्र अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और 'जय श्रीराम' के नारों से आकाश गुंजायमान रहा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर लोगों में ऐसा जुनून था कि हर चेहरा भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। नगर के मुख्य चौक-चौराहों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक केसरिया झंडों की बहार छाई रही, जिससे हर ओर उत्सव का माहौल जीवंत हो गया।मंदिरों और घरों पर लहराए महावीरी पताके इस पावन अवसर पर रजौली के ऐतिहासिक मंदिरों और निजी आवासों की छतों पर विशेष रूप से विशालकाय ध्वज स्थापित किए गए। इन ध्वजों पर संकटमोचन हनुमान जी की तस्वीर वाले 'बजरंगी पताके' पूरे गौरव के साथ लहरा रहे थे, जो विजय और शक्ति का प्रतीक बनकर क्षेत्र की शोभा बढ़ा रहे थे। घरों की साफ-सफाई कर लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने-अपने द्वारों पर नए ध्वज गाड़कर सुख-समृद्धि की कामना की।

आध्यात्मिक संदेश पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय ठाकुरबाड़ी मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश पंडित ने कहा, "रामनवमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संकल्प है। आज के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जीवन में उतारना ही सच्ची पूजा है। घरों और मंदिरों में ध्वज स्थापित करना इस बात का प्रतीक है कि हम प्रभु राम की छत्रछाया में सुरक्षित हैं और बुराइयों से लड़ने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अभिजीत मुहूर्त में भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाना अत्यंत कल्याणकारी होता है।

सांप्रदायिक सौहार्द और सुरक्षा के बीच शनिवार के दिन रजौली की सड़कों पर निकलने वाली शोभायात्राओं की तैयारी हेतु युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर थिरकने एवं श्रद्धालु हाथों में लहराते महावीरी झंडे एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करने को लालायित दिखाई दे रहे थे। स्थानीय लोगों ने एक-दूसरे को रामनवमी की बधाई दी और प्रसाद वितरण कर खुशियां बांटी, जिससे सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल पेश हुई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सुगौली में कैडेट स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण 29 मार्च से

**सुगौली पू०च०।** जिले के सुगौली में 29 मार्च 2026 से कैडेट स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वी चंपारण जिला वेटलिफ्टिंग संघ के तत्वावधान में किया जा रहा है।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 300 कैडेट खिलाड़ी भाग लेंगे। अब तक बिहार के 24 जिलों की टीमों ने अपनी प्रविष्टियां भेज दी हैं। यह देश की एक अनोखी प्रतियोगिता है, जिसमें 8 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं।बिहार भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला संघ के सचिव मो. रुस्तम आलम को आयोजन सचिव तथा नवीन कुमार श्रीवास्तव को आयोजन अध्यक्ष बनाया गया है।यह प्रतियोगिता सुगौली स्थित राजकीय नंद +2 उच्च विद्यालय में आयोजित होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुगौली विधानसभा के पूर्व विधायक इंजीनियर शशिभूषण सिंह उपस्थित रहेंगे।यह प्रतियोगिता 28 से 30 मार्च तक चलेगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के दक्ष रेफरी की टीम द्वारा खेलों का संचालन किया जाएगा।

### बगही के ग्रामीणों ने अतिक्रमण मुक्त को लेकर जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**सुगौली पू०च०।** प्रखंड क्षेत्र के बगही पंचायत में सार्वजनिक जमीन पर कथित अतिक्रमण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले को लेकर पहले अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, मोतिहारी के यहां शिकायत दर्ज कराई गई थी, वहीं अब ग्रामीणों ने सीधे जिलाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि खाता संख्या-151, खेसरा संख्या-346 की गैर-मजरुआ आम जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। इस संबंध में पूर्व में अंचलाधिकारी (सीओ) सुगौली को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। ताजा घटनाक्रम में ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी (सीओ) सुगौली को मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी के इस आदेश के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है और अब सभी की नजर सीओ की रिपोर्ट पर टिकी है।बताया जाता है कि पूर्व में राजस्व कर्मियों की जांच में उक्त जमीन को गैर-मजरुआ आम बताया गया था, इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लंबित है। अब जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि मामले में जल्द निष्पक्ष कार्रवाई होगी। इस पूरे प्रकरण में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें गणेश कुमार, हरेन्द्र कुमार, शिवजी कुमार, अभिषेक कुमार, कृष्णा कुमार, नीरज कुमार, भोला ठाकुर, अब्दुल सत्तार, अमर साहदेव एवं रामू राम शामिल हैं।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। वहीं प्रशासन का कहना है कि सीओ की रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### थाना परिसर में एसआई रामशरण पासवान की हुई बिदाई



**केसरिया, पू.च।** थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में एसआई रामशरण पासवान को भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण मधुबनी जिले में हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस निरीक्षक निक्कू कुमार सिंह ने कहा कि पासवान ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया, जिससे विभाग की छवि मजबूत हुई। उन्होंने भरोसा जताया कि नए स्थान पर भी उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि उनका व्यवहार सहयोगपूर्ण और मिलनसार रहा, जिससे टीम भावना के साथ बेहतर पुलिसिंग संभव हो सकी। विदाई के दौरान भावुक हुए रामशरण पासवान ने कहा कि यहां के लोगों से मिले स्नेह और सहयोग को वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में एसआई अरुण कुमार यादव, एएसआई राकेश कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### सीएचसी में पदस्थापित डॉ प्रमोद कुमार के मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन



**केसरिया, पू.च।** सीएचसी केसरिया में पदस्थापित चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार का निधन हो गया। वे मुजफ्फरपुर के निवासी थे और पिछले कुछ दिनों से एक निजी अस्पताल में इलाजरत थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से स्वास्थ्य सेवाओं को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे अपने पीछे एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शुक्रवार को सीएचसी परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में बीएचएम धर्मराज कुमार, डॉ प्रियंका, डॉ धर्मेंद्र चौधरी, जीएनएम स्वाति, शोभा सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### ढ़ेकहाँ धवलपीठ में धुमधाम से मनाया गया रामनवमी का त्योहार



**केसरिया, पू.च।** प्रखंड के ढ़ेकहाँ स्थित धवलपीठ मठ में रामनवमी उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मठ परिसर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्सव के दौरान प्रसिद्ध संत धवल बाबा एवं कर्ता बाबा से जुड़े करीब 300 वर्ष पुराने पगड़ी, बर्तन तथा अन्य अवशेषों का दर्शन कराया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं संत गिरधारी बाबा, लक्ष्मी बाबा, कृष्णमोहन बाबा सहित कई संतों के समाधि स्थल पर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। मौके पर महंत शत्रुध्न दास, पुजारी प्रमोद दास, आचार्य बलिराम पाण्डेय, कन्हैया पाण्डेय, पुजारी कुंदन पाठक, मदन गिरी, प्रफुल्ल कुंवर, मुखिया दिलीप यादव, कैलाशपति कुंवर, समल दास, अग्नीश कुमार, अखिलानंद उर्फ लड्डु ठाकुर, संजय ठाकुर, नवीन कौशल सिंह, प्रकाश ठाकुर, जयलाल गिरी, मदन सिंह, बिजली यादव, संतोष कुमार, रामेश्वर प्रसाद, मनोज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# रामभक्ति में डूबा इमामगंज: कड़ी सुरक्षा के बीच निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा

## हर चौक-चौराहे पर सख्त निगरानी, प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण रहा आयोजन







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड में शुक्रवार को रामनवमी का पर्व आस्था, उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। हर ओर "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रखंड के रानीगंज, इमामगंज, पकरी-गुरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के संवेदनशील चौक-चौराहों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रही। जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती, बैरिकेडिंग और सादे लिबास में जवानों की मौजूदगी ने पूरे आयोजन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखा। पुलिस प्रशासन हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए था। रानीगंज क्षेत्र में किशुनीचक हनुमान मंदिर से दोपहर करीब 12 बजे शोभायात्रा की शुरुआत हुई, जो बस बाजार, गड़ेरिया, ऊपर बाजार, नीचे बाजार और हाट बाजार होते हुए संपन्न हुई। वहीं इमामगंज में नीचे बाजार हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए गांधी मैदान पहुंची, जहां यह सभा में तब्दील हो गई। शोभायात्रा के दौरान मां जानकी सीता की आकर्षक झांकी लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयघोषों के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरा इलाका मानो श्रीराम के जन्मोत्सव में सराबोर हो गया।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार के नेतृत्व में संभाली गई। उनके साथ थानाध्यक्ष अमित कुमार, एसआई पवन कुमार, उपेंद्र कुमार, योगेंद्र पाल सिंह सहित कई

भक्ति में लीन श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल, चारों ओर तैनात सुरक्षा बलों की सघन व्यवस्था।

पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त करते और निगरानी करते रहे। प्रशासन की सक्रियता के कारण आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इससे पहले सुबह से ही प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग फल-फूल और पूजा सामग्री के साथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते दिखे और भगवान श्रीराम को विशेष भोग अर्पित कर सुख-शांति की कामना की। रामनवमी के इस पावन अवसर पर इमामगंज में आस्था और सामाजिक सौहार्द की सुंदर तस्वीर देखने को मिली।

गयाजी में कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई

## बाराचट्टी में 13,500 घनफीट कोयला जब्त, विभाग ने 1.5 करोड़ का जुर्माना लगाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



इजराइल-ईरान युद्ध की वजह से एलपीजी क्राइसिस के बीच गयाजी में कोयला की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने लगातार दो रात तक विशेष अभियान चलाया। खनन विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने गांव चेटिया, भलूआ में छापेमारी की। इस दौरान अवैध कोयला भंडारण का खुलासा हुआ। टीम जब मौके पर पहुंची तो कई जगहों पर भारी मात्रा में कोयला स्टोर किया हुआ मिला। जांच के दौरान संबंधित लोगों से कागजात मांगे गए। लेकिन कोई वैध चालान या फिर दस्तावेज उनकी ओर से कोयला भंडारण का नहीं दिखाया गया। इस पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई और कार्रवाई करते हुए करीब 13,500 घनफीट कोयला मौके से जब्त किया। मौके से 5 हाइवा और लोडर मशीनें पकड़ी गईं। इसके अलावा 7 ट्रक और ट्रेलर भी बरामद किए गए। कई अन्य वाहन जैसे ट्रैक्टर भी जब्त किए गए। हालांकि हमेशा की तरह कार्रवाई के दौरान वाहन चालक मौके से फरार हो गए। प्रशासन ने मौके पर लगे बैनर और अन्य सूचनाओं के आधार पर अवैध भंडारण करने वालों की पहचान की। सभी के खिलाफ बाराचट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस पूरे अभियान में करीब 1.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक कार्रवाई MMDR Act 1957 की धारा 4(1), 4(1A) और 21 के तहत की गई है। इसके अलावा बिहार खनिज नियमावली 2024 के नियम 56 और आईपीसी की संबंधित धाराओं में भी केस दर्ज किया गया है। प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# महाचक गया में भव्य रामनवमी शोभा यात्रा आस्था, उत्साह और एकता की मिसाल

## सतचंडी महायज्ञ के समापन पर निकली विशाल शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी से ऐतिहासिक बना आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया।** जिले के महाचक गांव में इस वर्ष नवरात्र और रामनवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के नेतृत्व में आयोजित श्री सतचंडी महायज्ञ ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। नौ दिनों तक चले इस महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक रूप प्रदान किया। महायज्ञ के दौरान महाचक के साथ-साथ आसपास के कई गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और भक्ति-भाव से ओतप्रोत वातावरण ने पूरे इलाके को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सहयोग और एकजुटता का संदेश भी देता नजर आया।

महायज्ञ के समापन के उपरांत रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाचक से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हाथी-घोड़े, आकर्षक झांकियां और "जय श्रीराम" के गूंजते जयकारों के बीच हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में डूबा नजर आया। यह शोभा यात्रा महाचक से प्रारंभ होकर उपथू होते हुए सिद्ध शिवाला तक पहुंची, जहां विधिवत समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का अनुशासन, उत्साह और भक्ति भाव देखते ही बन रहा था। मार्ग के दोनों ओर लोगों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया, जिससे माहौल और भी श्रद्धामय हो उठा।

इस आयोजन की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों की सक्रिय सहभागिता ने सामाजिक सौहार्द और सर्वधर्म समभाव की प्रेरणादायक तस्वीर प्रस्तुत की।

इस अवसर पर बिपिन सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का माध्यम है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत बनते हैं। साथ ही उन्होंने सभी वर्गों की सहभागिता को भारत की असली पहचान बताया और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कुल मिलाकर, महाचक में आयोजित यह सतचंडी महायज्ञ और भव्य शोभा यात्रा आस्था, सेवा, संस्कार और एकता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी, जिसने पूरे क्षेत्र में गहरी छाप छोड़ी और लोगों के दिलों में लंबे समय तक याद रहने वाली स्मृतियां संजो दीं।

# करंट लगने से किसान की मौत, नंगे तार ने छूने से हुई मौत, सुबह बेटी को लगा था करंट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**हाजीपुर।** हाजीपुर के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या सात में गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसे में किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**खेत जाने के दौरान हुआ हादसा:** मृतक की पहचान 58 वर्षीय पारस राय (पिता- स्वर्गीय सकल राय) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह शाम के समय अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में लगे बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह मौके पर ही गिर पड़े और उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

**सुबह ही बेटी भी हुई थी करंट की शिकार:** परिजनों के अनुसार, घटना से पहले उसी दिन सुबह मृतक की 14 वर्षीय पुत्री आशा कुमारी खेत देखने गई थी, जहां उसे भी करंट लग गया था। हालांकि, वह किसी तरह बचकर घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पारस राय ने संभावित खतरे को देखते हुए संबंधित लोगों को आगाह भी किया था।

**चेतावनी के बावजूद नहीं हटाया गया तार:** मृतक ने खेत के मालिक हरिचंद राय और रंजीत राय को स्पष्ट तौर पर बताया था कि खेत में पड़ा बिजली का नंगा तार कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। परिजनों का आरोप है कि चेतावनी के बावजूद लापरवाही बरती गई और तार को नहीं हटाया गया, जिसका खामियाजा पारस राय को अपनी जान गंवाकर चुकाना पड़ा।

**ग्रामीणों में मचा हड़कंप:** घटना के बाद जब आसपास के लोगों ने पारस राय को जमीन पर गिरा देखा, तो इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जुड़ावनपुर थाना के एसआई महादेव पाल ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, पारस राय के छह बेटियां और दो बेटे हैं, जिनमें अधिकांश अभी छोटे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी और अब मुखिया की मौत से परिवार पर संकट और गहरा गया है। इस हादसे ने एक बार फिर बिजली विभाग और स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नंगे तार को हटा दिया जाता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन गांव में गम और गुस्से का माहौल बना हुआ है।

# हाजीपुर रामचौरा मंदिर में 20 हजार श्रद्धालु पहुंचे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**हाजीपुर।** हाजीपुर के प्रसिद्ध रामचौरा मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। करीब 20 हजार की संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीराम के पदचिह्नों के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

**भगवान राम के पदचिह्नों के लिए प्रसिद्ध है मंदिर:** रामचौरा मंदिर अपनी विशेष धार्मिक मान्यता के कारण देशभर में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ यहां पहुंचे थे। कहा जाता है कि इसी स्थान पर भगवान राम के पदचिह्न अंकित हुए, जो आज भी मंदिर परिसर में मौजूद हैं। इन्हीं पदचिह्नों के कारण इस क्षेत्र का नाम रामभद्र पड़ा, जो बाद में रामचौरा के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

**त्रेता युग से जुड़ी है धार्मिक आस्था:** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, तारकासुर वध के बाद भगवान राम, लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र नारायणी नदी के तट पर पहुंचे थे। यहां दोनों भाइयों ने मुंडन संस्कार के बाद स्नान किया और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सीता स्वयंवर में भाग लेने के लिए जनकपुर रवाना हो गए। माना जाता है कि इसी दौरान भगवान राम ने अपने पदचिह्न यहां छोड़े थे।

**151 फीट ऊंचा भव्य मंदिर बना आकर्षण का केंद्र:** भगवान राम के पदचिह्नों के स्थान पर आज 151 फीट ऊंचा भव्य मंदिर निर्मित है। इस मंदिर की भव्यता और स्थापत्य शैली लोगों को काफी आकर्षित करती है। स्थानीय लोग इस मंदिर को अयोध्या मंदिर की तर्ज पर बना मानते हैं, जो इसकी विशेषता को और बढ़ा देता है।

**रंग-बिरंगी रोशनी से सजा मंदिर परिसर:** रामनवमी के अवसर पर मंदिर को आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। शाम होते ही पूरा परिसर जगमगा उठता है, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

**पौराणिक कथाओं में वर्णित है महत्व:** पुराणों के अनुसार, भगवान राम और लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर के लिए जनकपुर जाते समय गंगा नदी के रास्ते यहां पहुंचे थे। वैशाली के राजा सुमति ने उनका स्वागत किया था। इसी स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया और पूजा-अर्चना के बाद गंगा स्नान किया।

**श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह:** रामनवमी के अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। रामचौरा मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष रामनवमी के अवसर पर यहां भव्य आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# मगर नजरों से गिरने का कोई मौसम नहीं होता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कोटवा।** जसौली पट्टी में आयोजित चंपारण सत्याग्रह महोत्सव के दूसरे दिन कवि-सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें देश के नामचीन कवियों ने भाग लिया। शाइर गुलरेज शहजाद ने पढ़ा -ये पतझड़ है तो गिरते हैं हरे पेड़ों से भी पत्ते / मगर नजरों से गिरने का कोई मौसम नहीं होता तो सुहैल उस्मानी ने कहा - तू अपनी आज खोएगा तू अपनी शान खोएगा/कभी तू मुस्कुराएगा कभी जी भर के रोएगा/ मोहब्बत और सियासत का यही तो खेल है प्यारे/ जो तेरे साथ रहता है वही तुझको डूबोयेगा। कवि अनुपम प्रियदर्शी ने पढ़ा- यह देशभक्तों को सत्य निष्ठा/ की पूर्ण शक्ति बताने वाली/ यह लोकनायक को लोकमंगल/ का मार्ग मनहर दिखाने वाली/ यह पूज्य बापू की कर्मभूमि/ है सत्य आग्रह की जन्मभूमि।

कवि बादशाह प्रेमी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को हास्य-व्यंग्य की दुनिया की सैर करायी तो अरुण गोपाल ने अपनी रचनाओं से गंभीर माहौल बनाया। गुंजा गुनगुन और शुभांगी भारती ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को जोड़े रखा। "रोज सवेरे जीने की तैयारी है/ शाम हुई तो मरने की लाचारी है" - उर्दू के स्थापित तंजिया एवं मजहिया शाइर तंग इनायतपुरी ने कार्यक्रम का मंच-संचालन किया। देर रात तक कविता और ग़ज़लों की प्रस्तुति होती रही और श्रोतागण जमे रहे।

इस कार्यक्रम में चिरंजीवी पाण्डेय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,प्रो अरुण कुमार मिश्र पूर्व प्राचार्य, रामाकांत पाण्डेय अधिवक्ता, पवन राज,डॉ विनय सिंह, मनोज मुखिया जिला परिषद सदस्य, संजय पाण्डेय,राय सुन्दर देव शर्मा,संजीव साह,डॉ चंदन जायसवाल,अरुण कुमार सिंह के साथ हजारों की संख्या में श्रोता देर रात तक जमे रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 29 एवं 31 मार्च को खुले रहेंगे राजस्व संग्रहण काउंटर : ईएसई

**बिक्रमगंज / रोहतास**। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के मद्देनज़र राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की प्राप्ति एवं उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि दिनांक 29 मार्च (रविवार) एवं 31 मार्च (मंगलवार) को जिले के सभी राजस्व संग्रहण काउंटर यथावत खुले रहेंगे। सामान्यतः अवकाश रहने के बावजूद इन तिथियों पर काउंटर संचालित किए जाएंगे ताकि उपभोक्ता आसानी से अपना विद्युत विपत्र (बिल) जमा कर सकें। विभाग द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर काउंटर का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें एवं उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस विशेष व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपने बकाया विद्युत बिल का समय पर भुगतान करें। समय पर बिल जमा करने से जहां एक ओर उपभोक्ता विलंब शुल्क से बच सकेंगे, वहीं दूसरी ओर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में भी सहयोग मिलेगा।

### रामनवमी पर बगहा में उमड़ा आस्था का सैलाब, महिलाओं ने मंदिरों में चढ़ाई कढ़ाई





**बगहाः** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को बगहा अनुमंडल क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा।शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। खासकर महिलाओं में उत्साह देखने लायक रहा। कई श्रद्धालु महिलाओं ने माता के मंदिरों में कढ़ाई चढ़ाकर भगवान को भोग अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।वार्ड संख्या 27 स्थित राम धाम मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। यहां अर्चना कुमारी और तारामती देवी ने पूरे विधि-विधान से पूजा कर कढ़ाई चढ़ाई। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

### टॉप-3 में जगह बनाने वाली नसरीन के लिए विधायक ने मांगी छात्रवृत्ति, शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र



**बगहा** । इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर राज्य की टॉप-3 सूची में स्थान बनाने वाली छात्रा नसरीन परवीन के लिए अब जनप्रतिनिधि भी आगे आए हैं। वाल्मीकि नगर के विधायक सुरेंद्र प्रसाद ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर छात्रा को प्रोत्साहन और छात्रवृत्ति देने की मांग की है।पत्र में विधायक ने बताया कि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, बोरवल की छात्रा नसरीन परवीन ने कला संकाय में 477 अंक (95.4 प्रतिशत) हासिल कर प्रदेश स्तर पर तीसरे स्थान में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नसरीन साधारण परिवार से आती हैं और आर्थिक सीमाओं के बावजूद उन्होंने यह सफलता हासिल की है। आगे की पढ़ाई में आर्थिक दिक्कतें बाधा बन सकती हैं। इसी को देखते हुए विधायक ने सरकार से मांग की है कि छात्रा को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाए और विशेष छात्रवृत्ति सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। उनका कहना है कि इससे नसरीन जैसी प्रतिभाएं आगे बढ़ेंगी और समाज में सकारात्मक संदेश

### हर्षोल्लास के माहौल में मनाया गया रामनवमी पर्व



**चकिया-पू०च०**। सनातन धर्म में रामनवमी पर्व का विशेष महत्व है।शहर से लेकर गांव कस्बो तक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव को धर्मावालम्बी हर्षोल्लास के माहौल में मनाते हैं।इस दौरान विशेष मेवा पकवान खाने के अलावा विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली जाती हैं जो परिभ्रमण कर पर्व के प्रति समाज मे संदेश दिया जाता है।इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर के साहेबगंज रोड स्थित बीफे बाजार से गाजे बाजे के साथ झांकी निकाली गई जो शहर के सभी मार्गो से गुजरी इस झांकी में बाहर से आए कलाकारों ने देवी देवताओं का मुकुट व वेशभूषा को पहनकर माहौल को भक्ति में बना दिया था जबकि विभिन्न प्रकार के धार्मिक नारों के अलावा गीतों पर युवा वर्ग झूमते नजर आए। वहीं केसरिया रोड मे चकिया हनुमंत सेवा समागम द्वारा शर्बत व पानी का स्टाल लगा गया था आनेजाने वाले यात्रियों व आमजन को पिलाया गया एंव झांकी पर पुष्प की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।दूसरी तरफ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव सेमरा निवासी समाज सेवी चंदन सिंह के पैतृक आवास से हाथी घोड़े व गाजे बाजे के साथ रामनवमी की झांकी निकाली गई जो गांव के अलावा टोल प्लाजा तथा वनझुला आदि का भ्रमण किया।पूनःआवास वापस पहुंच झांकी समाप्त हुई। इस दौरान समाज सेवी चंदन सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है तथा रावण पर राम की विजय का संदेश देता है जो प्रेम एंव करुणा तथा कर्तव्य एवं नैतिक मूल्यों का प्रेरणा स्त्रोत है। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद थी व्यवस्था का कमान वरीय अधिकारी स्वयं सम्भाल रखा था। साथ ही जगह जगह पर्याप्त संख्या मे महिला पुरूष बल तैनात किया गया था।

### गांधी-दर्शन सदैव प्रेरणास्रोत : प्रो0 अरुण कुमार

**कोटवा**। जसौली पट्टी में आयोजित चंपारण सत्याग्रह महोत्सव-2026 (25-27 मार्च) के दूसरे दिन के सायंकालीन सत्र में संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का विषय था, 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे महात्मा गांधी का जीवन दर्शन'। प्रो० अरुण कुमार ने कहा कि जब तक शोषण, अत्याचार और परिग्रह की प्रवृत्ति रहेगी गांधी-दर्शन की प्रासंगिकता रहेगी। वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि गांधी का दर्शन जीवन से जुड़े तो हमारा जीवन सार्थक होगा। गांधी संग्रहालय के सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि गांधी सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। साहित्यकार डॉ० विनय ने कहा कि वर्तमान दौर में युद्धरत देशों की व्यापक हिंसा के दौर में गांधी का दर्शन और अधिक प्रासंगिक है। इस संगोष्ठी में विधायकद्वय सचिन्द्र प्रसाद सिंह और बब्लू गुप्ता , अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पाण्डेय उपस्थित रहे। संगोष्ठी के मंच-संचालन आदित्य मानस ने किया।मौके पर प्रधानाध्यपक अशोक कुमार सिंह,पूर्व मुखिया कमलेश कुमार सिंह,रमाकांत पाण्डेय अधिवक्ता, सुनील दास, तेजनारायण सिंह, रविंदर सिंह, सुनील सिंह, विनोद यादव, भूपेंदर ना सिंह, जुलुम यादव,धर्मेंद्र सिंह, रामशेष्ट बैठा,प्रकाश सिंह, रमाकांत पाण्डेय,अभय सिंह, ललन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार के साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का हुआ सफल उद्भेदन





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)** । रोहतास जिले में मोटरसाइकिल चोरी के बढ़ते मामले को गंभीरता से लेते हुए रोहतास पुलिस ने की कार्रवाई, इस कार्रवाई के दौरान हुआ बड़ा खुलासा। डेहरी नगर और इंद्रपुरी थाना क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दस मोटर साईकिल सहित चोरी के मामलों का सफल उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने डेहरी नगर थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चोरी के मामलों में संदिग्ध मोहम्मद इरशाद राइन उर्फ शेरा को डेहरी से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी की दस मोटरसाइकिलें बरामद की गईं है। इरशाद राइन के सहयोगी रंजीत भुइयां और बिट्टू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जहां चोरी की मोटरसाइकिलें बेची जाती थीं। तीनों अभियुक्तों ने चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद इरशाद राइन दिन में फल बेचने का काम करता था। उसकी निशानदेही पर रात में मोटरसाइकिलें चोरी की जाती थीं। चोरी के बाद मोटरसाइकिलों को सुनसान जगहों पर रखा जाता था, जिसके बाद रंजीत भुइयां और बिट्टू कुमार उन्हें बेच देते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त मोटरसाइकिलों के अलावा लॉक तोड़ने वाली चाबियां और अन्य संबंधित सामग्री भी बरामद की है। रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

## बिक्रमगंज गायत्री मंदिर में नवरात्र अनुष्ठान संपन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास** : शुक्रवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति हवन,यज्ञ एवं कन्या पूजन के साथ बिक्रमगंज गायत्री मंदिर में संपन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रस्टी जयप्रकाश सिंह एवं संचालन ट्रस्टी चितरंजन सिंह ने की । देश की एकता,अखंडता एवं शूचिता हेतु विशेष आहुति दी गई । नवीन चंद्र साह ने उपस्थित कन्या एवं मां बहनों से जयघोष लगवाई । गायत्री माता की जय,वेद भगवान की जय,सत्य सनातन धर्म की जय,भारतीय संस्कृति की जय,एक बनेंगे.. नेक बनेंगे । व्यास पीठ के माध्यम से विशेष आग्रह किया गया । 21 वीं सदी का हमारा संविधान,हमारा युग निर्माण सत्संगकल्प पर विशेष बल दिया गया तथा नियमित रूप से अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना पत्रिका स्वाध्याय करने का आग्रह किया गया । स्थान के शुभ अवसर पर गायत्री परिजन भाई रमन साह,सुशीला देवी,अरविंद सिंह, सुदर्शन प्रसाद वैश्य,कृष्णकांत सिंह, शंभू शरण सिंह,सुनैना देवी,किरण देवी,धनंजय शर्मा,कुसुम तिवारी सहित अन्य लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही । कार्यक्रम का समापन भंडारे एवं आरती प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ ।

## लावारिस हालत में पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**केसरिया, पू.च**। बीजधरी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक चोरी की बाइक बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक घर के सामने संदिग्ध स्थिति में एक बाइक खड़ी है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बाइक की जांच एचएचडी मशीन से की। जांच के दौरान वाहन पर लगे रजिस्ट्रेशन नंबर BR 06 BP 2874 एवं चेचिस नंबर में भिन्नता पाई गई, जिससे वाहन के संदिग्ध होने की पुष्टि हुई। अग्रिम जांच में यह सामने आया कि उक्त बाइक के चोरी होने के संबंध में सरैया (मुजफ्फरपुर) थाना कांड संख्या 12/26, दिनांक 3 जनवरी 2026, धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस को यह भी सूचना मिली है कि सुंदरापुर गांव के एक व्यक्ति ने इस बाइक को खरीदा था। संबंधित व्यक्ति के नाम व पते का सत्यापन किया जा रहा है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## शहर में श्रद्धालुओं और समाजसेवकों की भागीदारी से भव्य शोभायात्राओं ने नगरवासियों के हृदयों में भक्ति और उल्लास का संचार

**भगवा छटा और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा बिक्रमगंज,रामनवमी और हिंदू नववर्ष पर निकली भव्य शोभायात्रा**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज** : शुक्रवार को रामनवमी और हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर नगर ने उत्सव का अनुपम संगम देखा । पूरे शहर में श्रद्धालुओं और समाजसेवकों की भागीदारी से भव्य शोभायात्राओं ने नगरवासियों के हृदयों में भक्ति और उल्लास का संचार किया । अनुमंडल मुख्यालय और सभी प्रखंडों में पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच यह आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ । नगर के श्री दुर्गा पूजा समिति सासाराम रोड बिक्रमगंज से वैदिक परंपरा के अनुसार ध्वज पूजन के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में भगवा परिधान में सजे श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष और भजन-कीर्तन के साथ नगर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए नगर को भक्तिमय माहौल से भर दिया ।

शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों ने नगरवासियों का ध्यान खींचा और हर उम्र के लोगों में उत्साह और आनंद का संचार किया । शोभायात्रा के दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा जलपान और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई थी । उसी कड़ी में अवध मेडिकेयर सासाराम रोड के निदेशक नेत्र सर्जन डॉ. रवि रंजन और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमारी रूपम ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर श्रद्धालुओं को मौसम के अनुसार ठंडा शरबत और जलपान उपलब्ध कराया । भक्तों ने इस सेवा को अत्यंत सराहा और इसे आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान माना । इस भव्य पर्व में प्रशासन की सतर्कता भी साफ देखी गई ।

बिक्रमगंज डीएसपी सिंधु शेखर सिंह, बीडीओ सुनील कुमार गौतम, थानाध्यक्ष ललन कुमार सहित कई अधिकारी तेंदुनी चौक और अन्य मुख्य मार्गों पर मुस्तैदी से तैनात रहे । उनके प्रयासों से शोभायात्रा पूरी तरह अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई,जिससे नगरवासियों ने सुरक्षा और व्यवस्था दोनों का अनुभव किया । नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को भक्ति,उत्साह और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया । भगवा परिधान में सजे श्रद्धालु,समाजसेवक और प्रशासन का समन्वय इस भव्य शोभायात्रा को बिक्रमगंज के लिए अविस्मरणीय पर्व बना गया ।

## यमुना सीकरीया के द्वारा अपना राधा ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन एंड इंडस्ट्रीज का स्टॉल लगाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मोतिहारी**। नगर भवन के प्रांगण में पहली बार चंपारण एक्सपो 2026 का आयोजन एम०एस०एम०ई० के दिशा निर्देश पर किया गया। जिसमें 80 स्टॉल लोकल उत्पादको एवं उद्यमियों द्वारा जनता के बीच भागीदारी के लिए लगाए गए। उक्त एक्सपो में भाजपा युवा नेता एवं उद्योगपति यमुना सीकरीया के द्वारा अपना राधा ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन एंड इंडस्ट्रीज का स्टॉल नंबर 8 लगाया था। जिस पर उन्होंने अपने लोकल उत्पादों को प्रदर्शित किया था। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर पुलिस उपाधीक्षक, दिलीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अभिनव पराशर एवं उपमेयर लालबाबू प्रसाद के द्वारा किया गया। पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा कहा गया कि हम सभी प्रकार के छोटे-बड़े व्यवसायों के साथ हैं। जब उन्हें आवश्यकता हो, हम सहयोग करेंगे। हम अपनी निगरानी अपने स्तर से बनाये हुए हैं। इसलिए स्वतंत्र होकर लोकल उत्पादों को बढ़ावा दीजिए ताकि देश में नियोजन को प्राथमिकता मिले।इसके साथ ही साइबर डीएसपी ने साइबर क्राइम से बचने के लिए मोबाइल पर प्रदर्शन करते हुए। कई प्रकार की सतर्कता बरतने का आवाहन किया। इस अवसर पर लालबाबू प्रसाद उपमेयर ने कहा कि यमुना जी को बहुत-बहुत धन्यवाद है की स्वदेशी अपनाओ नियोजन बढ़ाओ लोकल को वोकल बनाओ। कार्यक्रम में अहम हिस्सा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत कर रहे हैं। जिससे देश का अग्रणी भविष्य सुरक्षित हो रहा है। अन्य लोगों को यमुना सीकरीया के राह पर चलने की अपील की ताकि स्वदेशी अपनाओ और विदेशी भगाओ का नारा मजबूत हो। इस अवसर पर उद्योगपति यमुना सीकारीया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ स्वस्थ आत्मनिर्भर भारत हमारे प्रधानमंत्री की कल्पना है, जो की हमारे भविष्य का घोतक है। हम अधिक से अधिक शुद्ध स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करें ताकि हम हमारा परिवार स्वस्थ रहे। ताकि स्वस्थ समाज स्वस्थ देश स्वस्थ संस्कृति का निर्माण हो और सभी शहर वासियों को आवाहन करते हुए कहा कि आप लोग इस एक्सपो में आवे तथा आयोजनकर्ता से आग्रह किया कि ऐसे एक्सपो बार-बार लगे ताकि आम जनता में जागरूकता आये ।

## राजयोगिनी दादी जानकी का स्मृति दिवस मनाया गया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**केसरिया, पू.च**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के दिव्य अनुभूति सेवा केंद्र में शुक्रवार को राजयोगिनी दादी जानकी का छठा स्मृति दिवस 'वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दादी जानकी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। केंद्र प्रभारी बीके मनोरमा दीदी ने उनके प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जानकी ने बचपन से ही अपना जीवन ईश्वरीय सेवा को समर्पित कर दिया था। समृद्ध परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने परमात्मा ज्ञान को सर्वोपरि रखा और विश्व कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने बताया कि दादी जानकी को विश्व की 'सबसे स्थिर मन वाली महिला' का सम्मान प्राप्त हुआ था और उन्होंने 135 से अधिक देशों में राजयोग का संदेश फैलायी।

## 6 माह 14 दिनों बाद मुखिया को मिली जमानत, समर्थकों में उत्साह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**तुरकौलिया**। प्रखंड मुख्यालय से सटे मुरारपुर पंचायत की मुखिया फरजाना अंसारी तकरीबन 6 महिना 14 दिनों बाद जमानत पर न्यायिक हिरासत से गुरुवार को बाहर आ गईं। मुखिया जब अपनी सरिसवा आवास पर पहुंची तो प्रशंसक व समर्थक फूलमाला से स्वागत करने लगे। मुखिया की बाहर आने की खबर फैलते ही समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। महिलाएं मुखिया से लिपट कर रोने लगी। मुखिया ने बताया कि जो काम 75 वर्षों से पंचायत में नहीं हुआ था। पिछले वर्ष जब वह उपचुनाव जीतकर मुखिया बनीं तो उनके कार्यकाल में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाने लगा। वैसे सड़क का निर्माण कराया गया जो आजादी के बाद से आजतक बदहाली का नमूना बना हुआ था। पंचायत में गरीबों का बोलबाला कायम हो गया। लेकिन यह विकास कुछ लोगों को ठीक नही लग रहा था। विकास रास नही आने पर विरोधियों ने किसी तरह साजिश रच दिया। मकसद विकास कार्यों को बाधित करने का था। जिसमें वह कामयाब भी हो गए। लेकिन इससे कोई फर्क पड़ने वाला नही है। पंचायत में विकास की गंगा बहती रहेगी। आखरी सांस तक विकास की लड़ाई लड़ते रहेंगी। चाहे कितनी भी कीमत चुकानी क्यों नहीं पड़े।आमजनता की भरोसा वह कभी नही तोड़ेगीं। मुखिया के प्रति लोगों में खासकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। मुखिया ने बताया कि न्यायपालिका पर उन्हें पुरा भरोसा है। विरोधी चाहे जितनी साजिश रच लें, लेकिन वह बार-बार नाकाम होगें।

## गैस संकट पर फूटा गुस्सा, बायपास चौक जाम कर उपभोक्ताओं का प्रदर्शन, एसपी ने लिए कड़े एक्शन





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मोतिहारी**। मध्य पूर्व में चल रहे तनाव, खासकर इसराइल और इराक के बीच युद्ध जैसे हालात का असर अब बिहार के मोतिहारी में भी देखने को मिल रहा है। गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण शहर में उपभोक्ताओं के बीच भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। शहर के छतौनी थाना क्षेत्र बायपास चौक पर गैस उपभोक्ताओं ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया।गैस नहीं मिलने से भड़का आक्रोश गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं ने बायपास चौक को पूरी तरह जाम कर दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि वे कई दिनों से गैस की बुकिंग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी ओर, उनके मोबाइल पर गैस डिलीवरी और अगली बुकिंग से संबंधित मैसेज लगातार आ रहे हैं, जिससे भ्रम और बढ़ रहा है।एक उपभोक्ता ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उन्होंने लगभग एक सप्ताह पहले गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला है। इसके बावजूद उनके मोबाइल पर डिलीवरी और अगली बुकिंग का मैसेज आ चुका है, जिससे वे काफी परेशान हैं।हालांकि जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को जाम हटवाया गया। प्रशासन की तत्परता के कारण स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई, लेकिन लोगों में आक्रोश बरकरार रहा।इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में गश्ती पदाधिकारी और ट्रैफिक सिपाही को निलंबित कर दिया। साथ ही, जाम लगाने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश भी दिया गया है।एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि गैस वितरण में गड़बड़ी करने वाले वेंडरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालु 1 रुपए में करेंगे महाकाल का दर्शन

**भागलपुर।** भागलपुर से आज(27 मार्च 2026) 100 श्रद्धालुओं का जत्था श्री महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए रवाना होगा। महाकाल दर्शन संगठन की ओर से सिर्फ 1 रुपए में सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। संस्था के सदस्य सुन्नी ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा की शुरुआत छोटे स्तर पर मात्र पांच श्रद्धालुओं के साथ की गई थी। समय के साथ लोगों की आस्था और जुड़ाव बढ़ता गया। पहले यह संख्या 50 तक पहुंची और अब बढ़कर 100 हो गई है, जो संस्था की लोकप्रियता को दर्शाता है। यात्रा की सबसे खास बात यह है कि संस्था की ओर से आम लोगों के लिए बेहद किफायती व्यवस्था की गई है। इच्छुक श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया जाता है और उनमें से लॉटरी सिस्टम के माध्यम से पांच भाग्यशाली लोगों का चयन किया जाता है। चयनित श्रद्धालुओं को मात्र एक रुपए में महाकाल और ओंकारेश्वर के दर्शन का अवसर दिया जाता है।

**ओंकारेश्वर के दर्शन का अवसर दिया जाताः** प्रेस वार्ता के दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को कम लागत में प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराना और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है, जिसमें हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते हैं। टीम में सन्नी सरीन, प्रशांत कुमार, सुमित कुमार, नितिन भुवानिका, प्रिंस कुमार, मनीष दास, अमित कुमार, पवन जैन, प्रशांत टेकरीवाल, सोनू कुमार और संजय कुमार समेत अन्य सदस्य सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। यह पहल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का भी काम कर रही है।

### मंदिरों में रामनवमी पर उमड़ी भीड़

**बेगूसराय।** बेगूसराय में रामनवमी धूमधाम से मनाई जा रही है। सुबह से मंदिरों में लोगों की लंबी लाइन लगी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में भक्ति और उत्साह का माहौल है। खासकर जिला मुख्यालय के पटेल चौक स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सुबह की पहली आरती के साथ ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे भीड़ भी बढ़ती चली गई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोग भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के इस खास दिन पर पूजा-अर्चना करने पहुंचे। कई श्रद्धालु उपवास रखकर पूरे विधि-विधान से पूजा करते नजर आए।

**मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गयाः** पटेल चौक स्थित दुर्गा मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। यहां लंबी कतारों में खड़े होकर लोग दर्शन करने के लिए इंतजार करते रहे। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा।

**पूजा के बाद प्रसाद का वितरणः** जिले के अन्य दुर्गा मंदिरों, काली मंदिरों और राम-जानकी मंदिरों में भी इसी तरह की भीड़ देखने को मिली। कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**सुरक्षा-व्यवस्था कड़ीः** भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। मंदिरों के आसपास के अलावा 225 जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो। यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। स्वयंसेवी संगठन भी श्रद्धालुओं की मदद में जुटे रहे।

### रामनवमी पर मंदिरों में ध्वजारोहण

**भागलपुर।** भागलपुर में रामनवमी के अवसर पर शहर के अलग-अलग मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। भक्तों ने पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में भजन-कीर्तन, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रमुख मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे। कई मंदिरों में विशेष पूजा की व्यवस्था की गई थी, जहां भक्तों ने विधि-विधान से भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आराधना की। महिलाओं और बच्चों की भी अच्छी खासी भागीदारी देखी गई। कई श्रद्धालु उपवास रखकर पूजा में शामिल हुए।

**अजित शर्मा मंदिर पहुंचेः** पूर्व नगर विधायक अजीत शर्मा अपनी पत्नी के साथ घंटाघर चौक स्थित हनुमान मंदिर पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिरों में विशेष रूप से ध्वजा चढ़ाने को लेकर उत्साह देखा गया। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु ध्वजा लेकर पहुंचे। जय श्रीराम के जयकारों के बीच मंदिर पर ध्वजा चढ़ाया गया। प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्था की गई थी। ट्रैफिक रूटों में भी बदलाव किया गया है।

**भारी वाहनों की नो एंट्रीः** शहर के घंटाघर चौक पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने बैरिकेडिंग की है। इसके अलावा शहर के बरारी, तिलकामांझी, आदमपुर, मोजाहिदपुर समेत अन्य क्षेत्रों के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। जिससे उनकी भव्यता और भी बढ़ गई थी।

### निजी स्कूलों में इको क्लब गठन में सुस्ती पर बीईपी नाराज

**भागलपुर।** जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में इको क्लब- मिशन फॉर लाइफ के गठन और इसकी सूचना भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करने में सुस्ती बरती जा रही है। इस पर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपी) ने कड़ी नाराजगी जताई है। राज्य परियोजना निदेशक ने सभी जिला शिक्षा एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन विद्यालयों ने अब तक पंजीकरण नहीं किया है, वे इसे 31 मार्च तक पूरा करें। क्लब गठन में निजी स्कूलों ने अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई है। सरकारी स्कूलों में 95.9% ने क्लब गठन पूरा कर लिया है, जबकि निजी स्कूलों में यह केवल 8.02% तक ही सीमित है। स्कूलों को वित्तीय सहायता भी दी जाएगी क्लब के गठन पर एलिमेंट्री स्कूलों को 15,000, प्राइमरी स्कूलों को 5,000 और सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को 25,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। गतिविधियों के 10-12 फोटो व वीडियो विभाग को भेजना होगा।

### आचार्यश्री का जीवन महर्षि मेंहीं की सेवा में समर्पित रहाः भगीरथ

**भागलपुर।** अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा की ओर से गुरुवार को महर्षि मेंहीं कुप्पाघाट आश्रम में वर्तमान आचार्यश्री महर्षि हरिनंदन परमहंस महाराज का 92वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे स्वामी रविंद्र बाबा द्वारा स्तुति-विनती से हुई। फिर वरिष्ठ महात्मा, महासभा के पदाधिकारियों और उपस्थित अतिथियों ने महर्षि हरिनंदन परमहंस जी महाराज को माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। गुरुसेवी भागीरथ दास महाराज ने कहा कि आचार्यश्री का पूरा जीवन सद्गुरु महर्षि मेंहीं की सेवा में पूर्णतः समर्पित रहा है। संतों का जीवन सदैव परोपकार के लिए होता है। वे अपने कष्टों को सहकर भी समाज को सुख और सही मार्ग कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती और वृक्ष अपने फल स्वयं नहीं खाते, ठीक उसी प्रकार संतों का अवतार भी जीवों के कल्याण के लिए होता है। वहीं, स्वामी प्रमोद बाबा ने आचार्यश्री की गहन साधना, कठोर तपस्या और उनके आध्यात्मिक अनुभवों का स्मरण किया। पंकज बाबा ने बताया कि कार्यक्रम के बाद भंडारे में संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संचालन स्वामी सत्यप्रकाश बाबा और मुख्य समारोह का संचालन महासभा के महामंत्री दिव्य प्रकाश ने किया। इस अवसर पर कृष्णवल्लभ बाबा, ज्ञानी बाबा, मनु भास्कर, सिद्धार्थ कुमार, अमित कुमार, बादल, डॉ. संध्या, जयप्रकाश यादव व रामानंद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। स्वास्थ्य जांच शिविर लगा श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्था थी। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में जगह-जगह सुरक्षाकर्मी तैनात थे।

# सुल्तानगंज स्टेशन पर आरपीएफ बैरक भवन, थाना का उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को आरपीएफ बैरक भवन और थाना का उद्घाटन किया गया। रेल आईजी एएन सिन्हा समेत कई अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। रेल आईजी ने बैरक भवन और थाना के उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि नए आरपीएफ बैरक भवन और थाना के शुरू होने से जवानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे अधिक प्रभावी ढंग से अपनी ड्यूटी निभा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रेल आईजी एएन सिन्हा ने बताया कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अपराध पर नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों का व्यापक जाल बिछाया जा रहा है। इसके साथ ही अपराधियों की तस्वीरें आरपीएफ और जीआरपी के जवानों के मोबाइल पर उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें अपराध करने से पहले ही पकड़ा जा सके। यह व्यवस्था अपराध नियंत्रण में काफी कारगर साबित होगी।

**रेल आईजी ने कहा- शराब तस्करी पर लगाम के लिए विशेष रणनीति तैयारः** रेल आईजी ने आगे कहा कि शराब तस्करी पर लगाम कसने के लिए भी विशेष रणनीति तैयार की गई है। हाल के दिनों में शराब माफियाओं और अन्य अपराधियों की

♦ रेल आईजी बोले- यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बना रहे, अपराध पर लगाम लगेगी

गिरफ्तारी की गई है, जिससे रेलवे क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन उपायों से ट्रेन और स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इस मौके पर आरपीएफ क्राइम इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार, मनोहर कुमार, ए.के. सिंह, राकेश कुमार वर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। साथ ही आरपीएफ और जीआरपी के दर्जनों जवान एवं सुल्तानगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध इस्तेमाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका में जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए निगरानी तेज कर दी है। जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देश पर कालाबाजारी और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं। गैस एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आपूर्ति की नियमित समीक्षा की जा रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के अनुसार, पिछले दिन 4,041 उपभोक्ताओं ने गैस बुक कराई, जबकि 5,077 उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी दी गई। यह आंकड़ा जिले में एलपीजी आपूर्ति की प्रभावी व्यवस्था को दर्शाता है। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिले और कोई अनियमितता न हो।

**गैस सिलेंडरों के वजन, निर्धारित दर और उपयोग की विधि की पड़तालः** इसी कड़ी में अनुमंडल पदाधिकारी, बांका



और संबंधित थानाध्यक्षों के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। कुल 13 गैस एजेंसियों और 74 अन्य स्थलों, जिनमें होटल और रेस्टोरेंट शामिल हैं, की गहन जांच की गई। इस दौरान गैस सिलेंडरों के वजन, निर्धारित दर और उपयोग की विधि की पड़ताल की गई। अनुमंडल पदाधिकारी, बांका को मिली गुप्त सूचना के आधार पर धोरैया-सनहौला मुख्य मार्ग स्थित गौरा चौक के हैदराबादी बिरयानी होटल पर छापेमारी की गई। जांच में होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग पाया गया।

## गौशाला से आठ दुधारू गायों की चोरी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर के पूरबसराय थाना क्षेत्र स्थित एक गौशाला से बीती रात आठ दुधारू गायों की चोरी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। अंतरराष्ट्रीय गौ माता संगठन के सदस्यों ने गुरुवार शाम गौशाला में 46 गायों को चारा खिलाया था। शुक्रवार सुबह जब वे दोबारा गौशाला पहुंचे, तो पाया कि आठ दुधारू गायें गायब थीं।

**संगठन ने पुलिस को सूचना दीः** संगठन द्वारा तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गौशाला का एक गेट जर्जर था, जिसका इस्तेमाल चोरों ने चोरी के लिए किया। अंतरराष्ट्रीय गौ माता संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि चोरी हुई गायें हाल ही में संगठन द्वारा तस्करी से बचाई गई थीं और इसी गौशाला में रखी गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी ने कुछ समय पहले गौशाला के जीर्णोद्धार और नए गेट के निर्माण का निर्देश दिया था, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुमार ने प्रशासन से गौशाला की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## 55 लाख की लागत से एस्ट्रो टर्फ तैयार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित पोलो मैदान में लगभग 55 लाख रुपए की लागत से एस्ट्रो टर्फ तैयार हो गया है। यह सुविधा जल्द ही फुटबॉल खिलाड़ियों को समर्पित की जाएगी, जिससे वे दिन-रात अभ्यास कर सकेंगे। गुरुवार को डीएम निखिल धनराज निप्पीणीकर ने खुद फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ इस टर्फ पर पूर्वाभ्यास किया। डीएम ने बताया कि नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से पोलो मैदान में इस एस्ट्रो टर्फ का निर्माण कराया गया है। इसका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा, जिसके बाद इसे औपचारिक रूप से फुटबॉल खिलाड़ियों को सौंप दिया जाएगा।

**फुटबॉल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चितः** उन्होंने जानकारी दी कि खेल प्रोत्साहन नीति के तहत पोलो मैदान में अंतरराष्ट्रीय



स्तर के फुटबॉल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस एस्ट्रो टर्फ पर फुटबॉल और क्रिकेट खिलाड़ी दिन और रात दोनों समय अभ्यास कर सकेंगे। खिलाड़ियों को रात में अभ्यास करने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए दूधिया रोशनी की व्यवस्था की गई है। टर्फ में वियतनाम से मंगाई गई कृत्रिम घास का उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त, खेलने के दौरान चोट से बचाव के लिए रबर के दाने भी डाले गए हैं।

**तारापुर प्रखंडों में एस्ट्रो टर्फ बनाने की योजनाः** डीएम ने यह भी बताया कि आने वाले समय में जमालपुर, खड़गपुर और तारापुर प्रखंडों में भी एस्ट्रो टर्फ बनाने की योजना है, जिस पर कार्य जारी है। जिले में एस्ट्रो टर्फ बनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। फुटबॉल खिलाड़ियों ने इस पहल पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले में पहले फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए ऐसी कोई विशेष व्यवस्था नहीं थी। जिला प्रशासन की इस पहल से पोलो मैदान में एस्ट्रो टर्फ का निर्माण मुंगेर को एक नई पहचान देगा और खिलाड़ियों को दिन-रात प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों ने बताया की पटना, रजगीर के बाद अब मुंगेर में एस्ट्रो टर्फ का निर्माण कराया गया है।

## अफवाह फैलाने-असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया में भगवान श्री राम की जयंती यानी रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल है। संकट मोचन मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में सुबह से विशेष पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने शोभा यात्रा के सभी मार्गों पर पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तथा डंडा अधिकारियों को तैनात किया गया है। जगह-जगह चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मी



और लाठी बल तैनात हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानीः** सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन ने कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है। शोभा यात्रा मार्ग की सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। अररिया पुलिस के व्यापक सुरक्षा प्लान के तहत रामनवमी को शांतिपूर्ण बनाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य है कि यह धार्मिक पर्व पूरे सौहार्द और भक्ति भाव के साथ मनाया जाए। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे शोभा यात्रा में अनुशासन बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें तैनातः** ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रबंध किया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। रामनवमी शोभा यात्रा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि सामाजिक सद्भाव का प्रतीक भी है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर यात्रा को भव्य और सुरक्षित बनाने का पूरा प्रयास किया है। स्थानीय नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है और वे भगवान राम की जयकारों के साथ यात्रा में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी से यह पर्व बिना किसी बाधा के संपन्न होगा।

## बीच सड़क पर बिजली के खंभे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। बीच सड़क पर ही बिजली के खंभे गाड़ दिए गए हैं, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। खंजरपुर की ओर से मायागंज अस्पताल जाने वाली इस सड़क को वैकल्पिक बाइपास भी कहा जाता है, लेकिन महज 100 मीटर के दायरे में खंभों की मौजूदगी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। गुरुवार को बाइक से पति-पत्नी मायागंज अस्पताल जा रहे थे। सड़क के बीचों-बीच लगे खंभों के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया। स्ट्रीट लाइट पोल से टकरा गए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। जिस जगह पर बिजली के खंभे लगे हैं, वहां से महज 100 मीटर की दूरी पर पूर्वी बिहार का सबसे बड़ा अस्पताल मायागंज है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं।



रात के समय यह सड़क और अधिक खतरनाक हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में खंभे स्पष्ट दिखाई नहीं देते।

**बीच सड़क पोल, बिगड़ रहा संतुलनः** स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले छह महीनों में कई हादसे हो चुके हैं। तीन बार ई-रिक्शा बिजली के खंभे से टकराई है। बाइक सवार युवक भी सीधे खंभे से टकरा गया था, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थी। स्थानीय निवासी गीता देवी ने बताया कि सुबह एक युवक और युवती बाइक से जा रहे थे। खंभे से टकराकर गिर गए। ई-रिक्शा चालक ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मायागंज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज कराया गया।

## रामनवमी पर मीट-मछली दुकानें बंद

♦ नगर परिषद ने जारी किए निर्देश, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया नगर परिषद प्रशासन ने रामनवमी पर्व के अवसर पर क्षेत्र में संचालित सभी मीट, मछली और मुर्गा की दुकानों को बंद रखने का निर्देश जारी किया है। यह निर्णय धार्मिक सद्भाव बनाए रखने और शोभा यात्राओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। नगर परिषद की प्रचार वाहन ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे इस संबंध में घोषणाएं कीं। कार्यपालक पदाधिकारी चंद्र प्रकाश राज ने बताया कि रामनवमी के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। राज ने कहा कि रामनवमी भगवान श्री राम के जन्मोत्सव का प्रतीक है। इस दिन पूरे नगर में बड़ी संख्या में भक्त शोभा यात्राओं में शामिल होंगे। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी गतिविधि से धार्मिक माहौल प्रभावित न हो, इसलिए यह एहतियाती उपाय किया गया है। विशेष रूप से, शोभा यात्रा मार्ग में पड़ने वाली सभी मीट, मछली और मुर्गा की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी।

**दुकानदारों को पहले ही सूचना दीः** कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्देशों




का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार, दुकानदारों को पहले ही सूचना दे दी गई है और वे इस निर्णय का स्वागत कर रहे हैं। अररिया में रामनवमी को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। विभिन्न मंदिरों और संगठनों द्वारा शोभा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनके दोपहर लगभग 3 बजे तक निकलने की उम्मीद है। इन यात्राओं में बड़ी संख्या में राम भक्त भाग लेंगे। प्रशासन ने पर्व के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## रामनवमी शोभा यात्रा पर बिजली आपूर्ति बाधित

**अररिया।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर अररिया शहरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने बताया कि शोभा यात्रा को देखते हुए आज दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक पूरे शहरी क्षेत्र में बिजली कटौती की जाएगी। यह निर्णय शोभा यात्रा के मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया है। ऊंचे झंडे, झालर और अन्य सामग्री के बिजली की लाइनों से टकराने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने बताया कि बिजली विभाग की टीम पूरे क्षेत्र में निगरानी रखेगी। शोभा यात्रा जैसे ही किसी क्षेत्र से गुजरेगी, उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य जैसे मोबाइल चार्जिंग, पानी भरना और खाना बनाना समय से पहले निपटा लें। इस दौरान उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। अस्पताल, पानी की आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं को इस कटौती से बाहर रखा गया है या उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार, यह कटौती केवल शहरी क्षेत्र तक सीमित है; ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। गौरव कुमार ने कहा कि विभाग यात्रा के दौरान किसी भी समस्या पर तुरंत प्रतिक्रिया देगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-43-25, दिनांक 23.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-43-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थानः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में "कम ऊँचाई वाले ब्रिजों के नीचे इंसुलेशन पेंट का प्रावधान" के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.91,44,508/-, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 1,82,900/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** दिनांक 16.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-714/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम-प्रसंग में युवक ने खाया जहर, इलाजरत

**आरा**। टाउन थाना क्षेत्र के चौधरी आना मोहल्ला में एक 25 वर्षीय युवक ने प्रेम प्रसंग में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पीड़ित युवक टाउन थाना क्षेत्र के चौधरी आना मोहल्ला निवासी अमर कुमार है। बताया गया कि अमर गुरुवार को दिन में जहर खरीद कर घर पर लाया और खा लिया। परिवार के लोगों ने देखा कि अमर कुमार बेड पड़ा है और उसकी स्थिति ठीक नहीं है। मुंह से गंध आ रहा है। जिसके बाद परिवार के लोग इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये, जहां इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर ने बताया कि युवक कोई नशीली दवा खा लिया है, स्थिति गंभीर है। इलाज किया जा रहा है। मोहल्ले में तरह-तरह की हो रही हैं चर्चाएं आरा के चौधरी आना मोहल्ला में सामने आए इस मामले ने एक बार फिर युवाओं में बढ़ते भावनात्मक दबाव और प्रेम-प्रसंग के असर को उजागर किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, 25 वर्षीय अमर कुमार का किसी युवती के साथ संबंध था, जिसे लेकर वह मानसिक तनाव में था। हालांकि परिजन इस बारे में खुलकर कुछ नहीं बता रहे हैं, लेकिन घटना के पीछे प्रेम-प्रसंग को ही मुख्य वजह माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमर सामान्य स्वभाव का युवक था और उसका परिवार से कोई विवाद नहीं था। जहर खाने की घटना ने सभी को चौंका दिया।

### शिक्षा विभाग की ओर से अब चयनित छात्रों को 10 अप्रैल तक मिलेगा मौका

**आरा**। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) ने आरटीई (राइट टू एजुकेशन) एक्ट 2009 के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब चयनित बच्चों का नामांकन 10 अप्रैल 2026 तक किया जा सकेगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर द्वारा आधिकारिक पत्र जारी कर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार, आरटीई अधिनियम की धारा 12(1)(c) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इस सत्र में ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए थे, जिसके बाद रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के जरिए कुल 70,155 बच्चों का चयन किया गया। हालांकि, अब तक इनमें से केवल 53,479 बच्चों का ही संबंधित विद्यालयों में नामांकन हो पाया है, जबकि बड़ी संख्या में चयनित बच्चे अब भी नामांकन से वंचित हैं। इसी स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने नामांकन की समय-सीमा को बढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि शेष बच्चों का दाखिला सुनिश्चित किया जा सके।

**चयनित सभी बच्चों का नामांकन हर हाल में हो सुनिश्चितः डीईओः** जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान) को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चयनित सभी बच्चों का नामांकन हर हाल में कराना सुनिश्चित करें। साथ ही विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन निजी विद्यालयों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में लापरवाही बरती जाएगी या अनावश्यक विलंब किया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करें।

### रामनवमीः धनसोई बाजार में पुलिस का फ्लैग मार्च

**धनसोई**। श्री राम नवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर धनसोई बाजार में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने बाजार के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम लोगों को यह संदेश दिया गया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से संवाद कर शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही, डीजे एवं तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी गई।

### आईटीआई परिसर में 28 मार्च को लगेगा विशेष जॉब कैम्प

**बक्सर**। जिला नियोजनालय बक्सर द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए 28 मार्च को जॉब कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि यह जॉब कैम्प संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई परिसर स्थित जिला नियोजनालय परिसर में आयोजित होगा। इस जॉब कैम्प में एलआईसी कंपनी द्वारा एजेंट पद के लिए कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्रथम वर्ष में 48,000 रुपये तक का मानदेय (कमीशन आधारित) प्रदान किया जाएगा। इस पद के लिए 18 से 70 वर्ष तक के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल डुमरांव, ब्रह्मपुर सहित आसपास के क्षेत्र होंगे। प्रभारी पदाधिकारी ने बताया कि इस जॉब कैम्प में अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता के आधार पर ऑन-द-स्पॉट किया जाएगा। कैम्प में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का जिला नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे नेशनल कैरियर सर्विस (NCS) पोर्टल www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जॉब कैम्प में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा और आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि पर उपस्थित हो सकते हैं। नियुक्ति से संबंधित सभी शर्तों के लिए नियोजकस्वयं जिम्मेदार होंगे, जबकि नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता की होगी। यह विशेष जॉब कैम्प पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित रहेगा।

### गैस एजेंसियों के पास 3,111 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध

**बक्सर**। जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनकी लगातार निगरानी की जा रही है। जिले के वरीय पदाधिकारियों,एसडीएम, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की भौतिक जांच की जा रही है। जांच के दौरान कालाबाजारी और जमाखोरी में लिप्त प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर सदर ने पहवा रेस्टोरेंट और संगम फैमिली रेस्टोरेंट के खिलाफ घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही 24 गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया है। प्रशासन के अनुसार 13 मार्च से 25 मार्च तक जिले में कुल 65,514 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 25 मार्च तक गैस एजेंसियों के पास 3,111 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के लिए उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं, जो 24 घंटे कार्यरत है। 25 मार्च तक नियंत्रण कक्ष में कुल 395 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 338 का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों पर कार्रवाई जारी है।

### ट्रेलर की चपेट में आए रिटायर्ड कर्मी की मौत

**कोईलवर**। आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के समीप गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गई। वह दवा लाने के लिए बाइक से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार व अनियंत्रित ट्रेलर ने उन्हें रौंद दिया। मृतक 72 वर्षीय योगेन्द्र पांडेय बबुरा थाना क्षेत्र के पुराना सबलपुर गांव निवासी स्वर्गीय रघुवीर पांडेय के पुत्र थे। वे झारखंड स्थित बीसीसीएल कंपनी से सेवानिवृत्त थे। जानकारी के अनुसार घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर बबुरा थाना की डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल योगेंद्र पांडेय को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

# 108 कन्याओं का पूजन, नवरात्रि पर दिखी आस्था की झलक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ चरण पखारने से लेकर भोजन-विदाई तक निभाई गई पारंपरिक रस्में, नारी शक्ति का दिया संदेश

**आरा**। नवरात्रि के पावन अवसर पर आरा शहर के करमन टोला मुहल्ला स्थित एस एन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्कूल परिसर में कन्या पूजन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कुल 108 कुंवारी कन्याओं की विधि-विधान से पूजा की गई। इस दौरान पूरे माहौल में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा की विशेष छटा बिखरी रही। कार्यक्रम की शुरुआत कन्याओं के स्वागत से हुई, जहां उन्हें देवी स्वरूप मानकर उनके चरण पखारे गए। इसके बाद उनके पैरों में आलता लगाया गया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उन्हें सम्मानपूर्वक आसन पर बैठाया गया। पूजा-अर्चना के बाद कन्याओं को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया, जिसमें पूरी, सब्जी, हलवा सहित विभिन्न व्यंजन शामिल थे। आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सम्मान और समाज में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित करना था।

**धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का संदेशः** समारोह के अंत में सभी कन्याओं को उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर स्मिता सिंह, जन्मेजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का संदेश देता है, बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान और उनके महत्व को भी मजबूती से स्थापित करता है।

**माता रानी से प्रार्थनाः** डायरेक्टर स्मिता सिंह ने बताया कि इस साल अपने पति जन्मेजय सिंह के साथ नवरात्र का पाठ रखे थे। हर्षल कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है। इस साल 108 माता का स्वरूप का पूजन किया है। भोजन कराने के बाद कन्याओं को एक छोटा उपहार दिया गया। ऐसे में हमारी कोई औकात नहीं है कि भगवान को कुछ उपहार दे सके। लेकिन उपहार ऐसा चीज है कि हर उम्र के लोग प्रसन्न होते है। माता रानी से ये प्रार्थना करती हूं कि अगले साल इससे भी भव्य आयोजन कर सके।

## पंखा से लटका मिला युवक का शव



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में फंदे से लटका हुआ युवक का शव मिला है। मृतक के नाक से झाग निकलता, दाहिने आंख के ऊपर दाग, गर्दन में रस्सी का काला दाग और पैर में मिट्टी लगा हुआ था। हत्या कर फंदे से लटकाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान कसाप गांव निवासी सुधीर(23) के तौर पर हुई है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम ग्रामीणों ने किसी के साथ जाते देखा था, उसे जबरन ले जाया जा रहा था। देर शाम कमरे में शव मिला। पंखे में चादर बंधा हुआ था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। चौकीदार संजय कुमार ने बताया कि सुधीर का सीमा देवी से प्रेम-प्रसंग था। उसने दो महीना पहले दोनों की लव मैरिज हुई थी। शव सीमा देवी के घर में मिला है। बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा था। वारदात के बाद से ही फरार है।

**जांच के लिए FSL की टीम पहुंचीः** मामले की सूचना सदर एसडीपीओ-1 राजकुमार साह और थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के लिए FSL टीम को भी बुलाया गया। पुलिस की ओर से बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मौत फांसी लगने से होना प्रतीत होता है। हालांकि खुद फांसी लगाई है या किसी ने फांसी लगाकर उसकी हत्या की है। यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

## घर-घर हुई शीतला माता की पूजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। चैती नवरात्र के अष्टमी की रात घर-घर विधि-विधान के साथ शीतला माता की पूजा की गई। सुबह से ही घरों की साफ-सफाई की गई। इस पूजा में स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जाता है। शीतला माता की पूजा और डगर बजने से पहले लोगों ने घर को गंगाजल और पानी से धोकर शुद्ध किया। घरों में शीतला माता की पूजा को लेकर एक-एक सदस्य लगे हुए थे। शाम को चार बजते ही हाथों में कलश और आम का पल्लव लिए लोग गंगा नदी से जल लेने के लिए निकल पड़े। शहर के रामरेखा घाट, सिद्धनाथ घाट, सती घाट, नाथ बाबा घाट, जहाज घाट समेत अन्य प्रमुख गंगा घाटों पर कलश में गंगाजल भरने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग गंगा स्नान कर कलश में जल लेकर घर पहुंचे। कलश में गंगाजल लाने वालों में महिला एवं पुरूष श्रद्धालु शामिल थे। शीतला माता की पूजा से कष्ट से मिलती है मुक्ति महात्मा गांधी बड़ा बाजार स्थित मंदिर के पुजारी विद्याधर मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में ऐसी मान्यता है कि घर पर शीतला माता की पूजा करने से तमाम तरह की बीमारियों और कष्ट से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने बताया कि शीतला माता को मां दुर्गा और मां पार्वती का रूप माना जाता है। अष्टमी के दिन रतजगा कर महिलाएं शीतला माता की पूजा करती हैं। रात में चना का दाल भरी पुड़ी, गुड़ और चावल का खीर आदि का प्रसाद बनाया जाता है। शीतला मईया की पूजा-अर्चना के बाद सुबह 4 बजे के बाद उनकी विदाई श्रद्धा के साथ की जाती है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में सुधा आउटलेट का उद्घाटन, डेयरी से हुआ समझौता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर**। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर परिसर में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ सुधा आउटलेट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह संस्थान के प्राचार्य डॉ. रामनरेश राय एवं शाहाबाद डेयरी के प्रबंध निदेशक धनंजय कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कॉलेज परिसर में सुधा आउटलेट शुरू होने से अब विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं परिसर में रहने वाले परिवारों को गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इससे दैनिक जरूरतों की पूर्ति के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। संस्थान प्रशासन ने इसे बेहतर सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम बताया है। इसी क्रम में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में कॉलेज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट (T&P) सेल द्वारा शाहाबाद दूध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक गौरव परमार सहित अन्य प्राध्यापक भी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. रामनरेश राय ने कहा कि यह एमओयू संस्थान और उद्योग के बीच ज्ञान, तकनीक और नवाचार के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम बनेगा। इसके जरिए छात्रों को डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और औद्योगिक अनुभव के अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी।

## जीयर स्वामी ने धर्म, सेवा और विश्व कल्याण का दिया संदेश



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। अयोध्या के राजघाट पर जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति मनवेंद्र सिंह और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यज्ञ स्थल पहुंचकर स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई विधायक भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में बिहार के परिवहन मंत्री निराला जी तथा भोजपुर संदेश के विधायक राधा चरण सेठ को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचकर स्वामी जी के दर्शन कर रहे हैं और यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ ले रहे हैं।यज्ञ स्थल की भव्यता दूर से ही आकर्षित कर रही है।

## चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान जयंती के अवसर पर कुशवाहा महासंघ की ओर से गुरुवार को नगर में भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा व जुलूस पिप्पली बुद्ध विहार स्थित गौतम बुद्ध की प्रतिमा से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः वहीं लौटकर संपन्न हो गया। मौके पर विशाल सभा का आयोजन किया गया।शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़ों का आकर्षक काफिला चल रहा था, जिसके पीछे हजारों की संख्या में पैदल श्रद्धालु शामिल थे। इसके बाद बाइक सवारों का लंबा काफिला और दर्जनों रथों पर सम्राट अशोक की तस्वीरों के साथ श्रद्धालु विराजमान थे। शोभायात्रा शहर के रेलवे स्टेशन, ज्योति प्रकाश चौक, मॉडल थाना, पिपरपाती रोड, अस्पताल रोड, मेन रोड, यमुना चौक, पुलिस चौकी, कॉलेज गेट और जेल पाइन रोड जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समाज में सम्राट अशोक के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैः अभिमन्यु सिंह कार्यक्रम के दौरान अभिमन्यु सिंह कुशवाहा ने सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में समाज में बढ़ती भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता के बीच सम्राट अशोक के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि अशोक का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति केवल शस्त्रों में नहीं, बल्कि करुणा, अहिंसा और एकता में निहित होती है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ऐसे महान शासक थे, जिन्होंने युद्ध की भयावहता को समझते हुए अहिंसा और धर्म का मार्ग अपनाया और पूरी दुनिया को शांति का संदेश दिया।

## रामनवमी शोभायात्रा, 14 घंटे तक बिजली कटेगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। आरा शहर में रामनवमी महापर्व को लेकर अलग-अलग इलाकों से होते हुए रमना मैदान तक भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा। एहतियातन शहरी इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आज(27 मार्च 2026) सुबह 10 बजे से लेकर रात 12 बजे तक पूर्वी गुमटी PSS, धरहरा, जापानी PSS से करीब 14 घंटे तक सप्लाई ठप रहेगी।

**विभाग की ओर से अलर्ट जारीः** सहायक विद्युत अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी की व्यवस्था कर लें। उपभोगताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजलीः** मोती टोला, बलुआही, कसाब टोला, दुध कटोरा, हनुमान टोला, वालीगंज चिकटोली, रामगढ़िया, काजी टोला, कबीरगंज, अबरपुल, मिल्की मोहल्ला, विश्राम नगर, इब्राहीम नगर, धनुपरा-आरा पटना बाइपास रोड, मिराचक, बेगमपुर, भलुहीपुर, अरण्य देवी, मीरगंज डोमटोली, भलुहीपुर कब्रिस्तान, भलुहीपुर बमपुलिस। सिंडिगेट, शीशमहल चौक,बघउतपुर, आनंद नगर, सपना सिनेमा रोड, नेहरू नगर, श्री टोला, बस स्टैंड, रस्सीबागन, जवाहर टोला, शिवपुर, करमन टोला, नवादा, मठिया, महादेवा रोड, जेल रोड, चरखंबा गली, सपना सिनेमा रोड, सदर हॉस्पिटल, P मेहरा रोड, मिल रोड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी गोढ़ना रोड, बिहारी मिल, बहिरो, प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, अनईठ बाजारी मोहल्ला, बंगला कॉलोनी, बंधन टोला, स्टेशन रोड, नवादा थाना, पोस्ट ऑफिस रोड, पूर्वी गुमटी, मुर्घटिया, कैलाश नगर, कॉपरेटिव कॉलोनी, न्यू बहीरो के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**कल्याणपुर, सर्वोदय नगर में बिजली कटेगीः** इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के पावरग्रिड फीडर और कोइलवर फीडर से आपूर्ति बाधित रहेगी जिससे बहियारा, चांदी, गुठौला, पियानिया, जमीरा, दरियापुर, गोढ़ना, बेलौर, कुसुमा, सरथुवा में बिजली गुल रहेगी। जगदेव नगर, सिंह कॉलोनी, बाजार समिती, बिष्णु नगर, अनाईथ खोरीका, भेलाई, चौराई, कल्याणपुर, सर्वोदय नगर, बैंक कॉलोनी, राम बिहार कॉलोनी, सिद्धार्थ नगर, जीरो माइल, आदर्श नगर, कृष्णापुरी, बेहरा, एकौना, तेतरिया, उदवंतनगर, मलथर, सलथर, मथवनिया, डिहरी, गड़हा, चंचल टोला, असनी, जैतपुर, जैतपुर मठिया, सोनपुरा, ज्ञानपुरा, बीरमपुर, इंद्रपुरा, मसाढ़ टोला, मठिया गांव के आसपास के क्षेत्र। सिंडिकेट फीडर के पुरानी पुलिस लाइन, नाला मोड़, चौधरियाना, सिंडिकेट, तरी मुहल्ला, आम्रपाली मार्केट, आर्य समाज, एमपीबाग के आसपास के क्षेत्र।

**पकड़ी और टाउन थाना से सप्लाई ठप रहेगीः** टाउन थाना फीडर के डीईओ ऑफिस, एस. पी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एमपीबाग, बाबू बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदन जी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास के आसपास के क्षेत्र।

## चलती बाइक से गिरी महिला



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में चलती बाइक से एक महिला गिर गई। अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान मरसिया गांव निवासी राज बहादुर सिंह की पत्नी चिंता देवी(40) के तौर पर हुई है। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र की है। मृतका के बेटे अविनाश कुमार ने बताया कि चैती छठ को लेकर दो दिन मां को लेकर नाना के घर गया था। पूजा खत्म होने के बाद प्रसाद लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में बड़ौरा गांव के पास अचानक ब्रेकर आ गया। बैलेंस बिगड़ने से मां गाड़ी से नीचे सड़क पर गिर गई। गंभीर हालत में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका को एक पुत्र अविनाश कुमार और एक पुत्री आंचल कुमारी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मसौढ़ी में राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य और उत्साहपूर्ण शोभा यात्रा निकाली गई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**! मसौढ़ी में राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य और उत्साहपूर्ण शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हज़ारों श्रद्धालु "जय श्री राम" के नारों के साथ शामिल हुए। केसरिया ध्वज, आकर्षक झांकियों और पारंपरिक नगाड़ों के साथ निकाली गई इस यात्रा ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना।जिसमें हज़ारों श्रद्धालु "जय श्री राम" के नारों के साथ शामिल हुए। केसरिया ध्वज, आकर्षक झांकियों और पारंपरिक नगाड़ों के साथ निकाली गई इस यात्रा ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना।हजारों की संख्या में राम भक्तों का जनसैलाब सड़कों पर दिखा. मसौढ़ी में एक शोभायात्रा





श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी से निकाली गयी।दूसरी शोभा यात्रा शनिदेव मंदिर से निकली.शनिदेव मंदिर में विधि विधान से कार्यक्रम का उद्घाटन किया.इसके बाद रामनवमी जुलूस का शुभारंभ हुआ. यह जुलूस पूरे शहर में देर शाम तक घूमता रहा. वहीं श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से जो जुलूस निकाला गया था उसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कर रहे थे. हजारों की संख्या में राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा. हर किसी के हाथ में श्री राम का पताका था. जय श्रीराम के नारों से पूरा मसौढ़ी गुंजायमान था. सीता, राम और लक्ष्मण इस शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा. रथ में सवार श्री राम लक्ष्मण और सीता के साथ रामनवमी का जुलूस हर किसी के दिलों में जोश भर रहा था.

मसौढ़ी में रामनवमी पर नारी शक्ति का उत्साह

रामनवमी के अवसर पर मसौढ़ी में नारी शक्ति का उत्साह चरम पर देखा गया. राम जन्मोत्सव के अवसर पर झांसी की रानी की तरह घोड़े पर सवार होकर शोभायात्रा निकाली गई.इस शोभा यात्रा में नारी शक्ति राम धुन पर जमकर झूमती नजर आई. दरअसल, पारंपरिक तौर पर रामनवमी के अवसर पर पुरुष समाज के लोग ही जुलूस में शामिल होते थे.लेकिन इस वर्ष से नारी शक्ति भी शोभा यात्रा में शामिल हुए,प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के साथ-साथ अन्य प्रकार की व्यवस्था भी पूरी तरह दुरुस्त रखी गई थी.इस शोभा यात्रा में बीडीओ प्रभाकर कुमार स्थानीय विधायक अरुण मांझी मुख्य पार्षद पिंकी देवी उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार उर्फ छोटे पासवान वार्ड पार्षद सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभू सिंह जिला महामंत्री विजय यादव जिला मंत्री अजय शर्मा राकेश कुमार लोजपा नेता मंतोष पासवान संजय केशरी राजेश कुमार उर्फ पिंटू रजक रंजन चंद्रवंशी नीरज शर्मा नदवां टुनटुन शर्मा युवा वार्ड पार्षद उज्वल कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

**मसौढ़ी**। पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम छा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, भगवानगंज थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव निवासी 24 वर्षीय रंजीत बिंद ने घरेलू विवाद के बाद यह आत्मघाती कदम उठा लिया। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी कमरे में पहुंची, तो उसने रंजीत को फंदे से लटका देखा। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के कारण ही युवक ने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

### ठंडा पानी व शरबत पिलाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश



**मसौढ़ी**! रामनवमी शोभायात्रा में हिन्दू-मुस्लिम एकता और धार्मिक सद्भाव रेलवे गुमटी स्थित तीन मोहानी के पास देखने को मिला। रामनवमी की शोभायात्रा जब राम जानकी मंदिर से शूर होकर अनुमंडल चौराहा होते हुए मेन रोड से गुजर रही थी।इस दौरान टोपी,लुंगी और पायजामा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों के लिए चिलचिलाती धूप से राहत देने के लिए पानी,शरबत और शीतल पेय से उनका स्वागत किया। श्रद्धालुओं को ठंडा पानी,शरबत एवं शीतल पेय पिलाया और रामनवमी की शुभकामनाएं दी।इस टीम का नेतृत्व कर रहे मकसूद रजा ने बताया कि रामनवमी जैसे पर्व के मौके पर मुस्लिम भाइयों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों को शरबत पिलाकर शहर में भाईचारा का संदेश दिया गया। इससे न केवल एक नई परंपरा की शुरुआत हुई है। बल्कि धार्मिक सद्भाव बनाए रखने और एक दूसरे के धार्मिक आयोजनों में शामिल होंने से परस्पर सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मेराज अहमद मोहम्मद अफराज साहिल कृष्णा सर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### गंगा में डूबीं दो चचेरी बहनें, एक का शव मिला, दूसरी की तलाश जारी, रामनवमी पर हुआ हादसा

**हाजीपुर**। हाजीपुर के राघोपुर थाना क्षेत्र में रामनवमी के अवसर पर गंगा नदी में स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। स्नान के दौरान दो चचेरी बहनें गहरे पानी में डूब गईं, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दूसरी अब भी लापता है। घटना राघोपुर पश्चिमी पंचायत के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चियां अपने परिवार के साथ रामनवमी के मौके पर गंगा नदी में स्नान करने गई थीं। इसी दौरान वे अनजाने में गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। मृतका की पहचान राघोपुर पश्चिमी निवासी सुरेंद्र सिंह की 13 वर्षीय पुत्री सत्तो कुमारी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसका शव नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दूसरी बच्ची रणजीत सिंह की 14 वर्षीय पुत्री रीना कुमारी है, जो घटना के बाद से लापता है। स्थानीय लोग और प्रशासन उसकी तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चियों को बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन गहरे पानी और तेज धारा के कारण वे सफल नहीं हो सके। देखते ही देखते दोनों बच्चियां पानी में समा गईं। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया चंदन सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद दोनों बच्चियों के परिवारों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। रामनवमी जैसे पावन पर्व पर हुए इस हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी में स्नान करते समय सावधानी बरतें और गहरे पानी में जाने से बचें। फिलहाल लापता बच्ची की तलाश जारी है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### अष्टयाम यज्ञ और कलश यात्रा संपन्न, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के देसरी प्रखंड स्थित खड़कपुर गांव के पासवान टोला में बाबा वीर चौहरमल की प्रतिमा स्थापना को लेकर धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर शनिवार को अखंड अष्टयाम यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लेकर पूरे वातावरण को आस्थामय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा से हुई। यह यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु हाथों में सजे-धजे कलश लिए हुए थे और 'बोल बाबा वीर चौहरमल की जय' के जयकारे लगाते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचे। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों और भजनों की ध्वनि से पूरा गांव गूंज उठा। अष्टयाम यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में लाला पासवान सहित गांव के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यज्ञ मंडप को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने मंडप की परिक्रमा कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। आयोजकों ने बताया कि अखंड अष्टयाम यज्ञ की समाप्ति के बाद विधिवत रूप से बाबा वीर चौहरमल की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यज्ञ में शामिल एक श्रद्धालु ने बताया कि बाबा वीर चौहरमल क्षेत्र के लोगों की आस्था के केंद्र हैं, इस प्रतिमा स्थापना से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और बताया कि इस धार्मिक आयोजन में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में शामिल होने के लिए पहुंचे। पूरे इलाके में आयोजन को लेकर उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिसे लेकर सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### छपरा में तेज आंधी, पटना में बारिश, कई शहरों में छाए बादल

**पटना**। रामनवमी पर बिहार में मौसम बदला हुआ है। छपरा और नालंदा में आंधी चल रही है। बक्सर और किशनगंज में आसमान में काले बादल छाए हैं। पटना में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। राज्य के 38 जिलों में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इनमें 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि 26 जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में 60 किमी/घंटा तक की रफ्तार से तेज हवा चलने, गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, बाकी 26 जिलों में मौसम खराब रहने, हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 27 और 28 मार्च को प्री-मानसून गतिविधियों का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल सकता है। मौसम ऐसा क्यों बना हुआ है: मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बिहार में इस बदलाव के पीछे कई अहम कारण हैं। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी वाली हवाएं राज्य के ऊपर सक्रिय हो गई हैं।

## ठंडा पानी व शरबत पिलाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**! रामनवमी शोभायात्रा में हिन्दू-मुस्लिम एकता और धार्मिक सद्भाव रेलवे गुमटी स्थित तीन मोहानी के पास देखने को मिला। रामनवमी की शोभायात्रा जब राम जानकी मंदिर से शूर होकर अनुमंडल चौराहा होते हुए मेन रोड से गुजर रही थी।इस दौरान टोपी,लुंगी और पायजामा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों के लिए चिलचिलाती धूप से राहत देने के लिए पानी,शरबत और शीतल पेय से उनका स्वागत किया। श्रद्धालुओं को ठंडा पानी,शरबत एवं शीतल पेय पिलाया और रामनवमी की शुभकामनाएं दी।इस टीम का नेतृत्व कर रहे मकसूद रजा ने बताया कि रामनवमी जैसे पर्व के मौके पर मुस्लिम भाइयों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों को शरबत पिलाकर शहर में भाईचारा का संदेश दिया गया। इससे न केवल एक नई परंपरा की शुरुआत हुई है। बल्कि धार्मिक सद्भाव बनाए रखने और एक दूसरे के धार्मिक आयोजनों में शामिल होंने से परस्पर सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मेराज अहमद मोहम्मद अफराज साहिल कृष्णा सर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पटना के मनेर में बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, गोलीबारी-पथराव में कई घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

दो दर्जन से अधिक हिरासत में



**पटना**। राजधानी पटना के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत खासपुर पंचायत के छितनावा गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दो पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद मामला गोलीबारी और पथराव तक पहुंच गया। घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। ग्रामीणों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। करीब आधे घंटे तक चली इस हिंसा में महिला-पुरुष समेत दर्जनों लोग घायल हो गए। कई लोगों के सिर फूट गए, जबकि अन्य के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर 4 से 5 राउंड फायरिंग होने की पुष्टि की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। मौके से 2 देसी कट्टा, लगभग 5 खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मनेर थाना की पुलिस भारी बल के साथ गांव पहुंची, लेकिन उपद्रवियों का दुस्साहस ऐसा था कि पुलिस की मौजूदगी में भी दोनों पक्षों के बीच पथराव और फायरिंग जारी रही। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा, जिसके बाद स्थिति नियंत्रित हो सकी। मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन गांव में तनाव बना हुआ है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन वीडियो फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। फिलहाल छितनावा गांव में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## धनरूआ के सांडा गांव में चैता दूगोला कार्यक्रम का आयोजन: कलाकारों को सम्मान मिला, छपरा और सांडा की टीमों ने भाग लिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। धनरूआ प्रखंड के सांडा गांव में बुधवार की देर रात करीब 10 बजे चैती छठ के अवसर पर पारंपरिक चैता दूगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन सांडा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद युवा शक्ति विकास केंद्र के सचिव राजेश कुमार बिंद अशोक कुमार आर्य के द्वारा रिबन काट कर किया।



चैता दुगोला महामुकाबला प्रतियोगिता में प्रथम पक्ष से छपरा के व्यास पिंटू हलचल एवं द्वितीय पक्ष से नवयुवक संघ सांडा विकाश रंजन व्यास की टीम शामिल हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ भक्ति वंदना से दोनों कलाकारों ने किया।दोनों व्यासो के बीच कांटे की टक्कर पूरा रात चला।अंत में निर्णयक मंडली रंजन कुमार उर्फ मुखिया जी के द्वारा छपरा को टीम को विजेता एवं नवयुवक संघ सांडा की टीम को उपविजेता घोषित किया गया विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और उनमें उत्साह देखने को मिला।युवा शक्ति विकास केंद्र के सचिव राजेश कुमार बिंद ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को संरक्षित करने और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।उन्होंने उपस्थित जनसमूह के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथियों व कलाकारों को आयोजनकर्ता द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

मौके पर सूर्यकांत कुमार उर्फ एसके शैलेन्द्र कुमार अंबानी संजय मालाकार आकाश कुमार अरविंद कुमार उदय कुमार रविरंजन कुमार राजाबाबू संतोष कुमार कारू राम सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## पटना में नई रेनो डस्टर का भव्य शुभारंभ, आधुनिक सुविधाओं और दमदार प्रदर्शन से सुसज्जित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ कंकड़बाग शोरूम में आकर्षक आयोजन, नई पीढ़ी के ग्राहकों को लुभाने के लिए कई उन्नत सुविधाएं शामिल




**पटना**। राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित रेनो शोरूम में बहुप्रतीक्षित नई रेनो डस्टर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य अतिथि, मीडिया प्रतिनिधि और वाहन प्रेमी मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और जीवंत बना रहा।

नई डस्टर को आकर्षक डिज़ाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रस्तुत किया गया है। इसका मजबूत बाहरी स्वरूप, प्रीमियम आंतरिक सज्जा और अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएं इसे स्पोट्र्स यूटिलिटी वाहन वर्ग में एक मजबूत दावेदार बनाती हैं। वाहन में बेहतर ड्राइविंग अनुभव के साथ आधुनिक कनेक्टिविटी सुविधाएं भी दी गई हैं, जो इसे खासकर युवाओं के बीच लोकप्रिय बना सकती हैं।

इंजन और प्रदर्शन की बात करें तो नई डस्टर को विभिन्न इंजन विकल्पों के साथ प्रस्तुत किया गया है। इसमें 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन, 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ-साथ हाइब्रिड तकनीक का विकल्प भी उपलब्ध है। यह तकनीक बेहतर माइलेज के साथ पर्यावरण के अनुकूल ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।

कार्यक्रम के दौरान मेहमानों ने वाहन के डिज़ाइन और सुविधाओं की सराहना की। साथ ही परीक्षण ड्राइव और संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया, जिससे ग्राहकों को नई डस्टर को करीब से समझने और अनुभव करने का अवसर मिला। शोरूम प्रबंधन ने विश्वास जताया कि नई डस्टर भारतीय बाजार में स्पोट्र्स यूटिलिटी वाहन वर्ग को नया आयाम देगी और ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। इच्छुक ग्राहक अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए कंकड़बाग स्थित शोरूम से संपर्क कर सकते हैं।

## पालीगंज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार, हत्या कांड का मुख्य आरोपी भी दबोचा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिहटा, पटना**। पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत बिक्रम थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। गिरफ्तार अपराधी की पहचान संत रजक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि गोरखरी गांव में एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहा है। इसके बाद बिक्रम थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके से संत रजक को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए। बरामद हथियार को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पटना पश्चिम के सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हथियार उसके पास कहां से आया और वह किस बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। इसी कार्रवाई के दौरान पालीगंज थाना क्षेत्र में वर्ष 2025 में हुए एक हत्या मामले के मुख्य आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। धरहरा मोड़ के पास हुई हत्या के मामले में नामजद आरोपी लालू चौहान को बालापर गांव से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि हत्या कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए अभियान और तेज किया जाएगा।

# बिहटा की सड़क में 'नाला' का पानी गंदगी से वार्ड 23 के लोग परेशान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



> वार्ड 23 की समस्या की जानकारी मिली है। नगर परिषद की सफाई मशीन पिछले कई दिनों से खराब है, जिसके कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है। मशीन ठीक होते ही जल्द सफाई कराई जाएगी।
>
> - साक्षी मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट, बिहटा नगर परिषद

**पटना**। पटना जिले के बिहटा नगर परिषद के वार्ड नंबर 23 स्थित राघोपुर तीन मोहनी के पास बिहटा-कनपा मुख्य मार्ग पर पिछले कई महीनों से नाली का गंदा पानी बह रहा है। इससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे बाजार होने के कारण लोगों का आना-जाना भी प्रभावित हो रहा है। गंदे पानी के कारण सड़क पर फिसलन और गड्ढे बन गए हैं, जिससे कई बार छोटे वाहन चालक और पैदल यात्री गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**: स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर परिषद और वार्ड पार्षद से इस समस्या की शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासी पंकज कुमार ने बताया कि दो महीने से अधिक समय से यह स्थिति बनी हुई है। गंदे पानी के कारण बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है और रोजमर्रा के कामकाज में भी परेशानी हो रही है।

**97 करोड़ का बजट, फिर भी बदहाल व्यवस्था**: गौरतलब है कि हाल ही में बिहटा नगर परिषद के विकास के लिए करीब 97 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया है। इसके बावजूद कई वार्डों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल विकास के नाम पर बजट तो पेश होता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रांची में आज तेज हवा के साथ बारिश की संभावना, ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट



**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और पश्चिमी विक्षोभ का असर एक बार फिर झारखंड पर दिखेगा। रामनवमी के मौके पर रांची में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और गर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना जताई गई है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 28 मार्च को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। 29 मार्च को मौसम सामान्य रहेगा, लेकिन 30 मार्च को रांची में तेज हवा के साथ बारिश होगी। 31 मार्च और 1 अप्रैल को भी बारिश होने की संभावना है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 29 मार्च को तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है, लेकिन 30 और 31 को एक बार फिर तापमान में 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होगी। ऐसे में गर्मी से लोगों को राहत मिलने की संभावना काफी कम है।

**साइक्लोनिक सर्कुलेशन से बदल रहा राज्य का मौसम–** मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य पर भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर दिख रहा है। एक नया सिस्टम बनने की वजह से 27 मार्च को तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। लेकिन अगले चार से पांच दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। अगले माह के स्थिति सामान्य होगी। इसके बाद गर्मी बढ़ेगी।

### रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ःभव्य शोभा यात्रा निकली; सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, रांची के ट्रैफिक रूट में बदलाव



**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में रामनवमी पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राम और हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान राम के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह दिखा। मंदिरों में पुराने ध्वज हटाकर नए ध्वज स्थापित किए गए। वहीं, सुबह से ही घरों और कलश स्थापित मंदिरों में चैत्र नवरात्र का समापन हवन के साथ किया गया। इसके बाद कन्या पूजन और ब्राह्मण भोजन का आयोजन हुआ। दोपहर बाद लगभग सभी जिलों में विभिन्न रामनवमी महासमितियों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इनमें महावीरी पताका लिए लोगों ने लाठी, तलवारबाजी के करतब का प्रदर्शन किया।


### इंडिगो क्राइसिस में बंद हुईं कोलकाता की दो उड़ानें शुरू




**रांची।** रांची एयरपोर्ट ने समर शेड्यूल के तहत विमानों की नई समय सारिणी जारी की है, जो 29 मार्च से लागू होगी। नए शेड्यूल में कई उड़ानों के आगमन और प्रस्थान समय में 10 मिनट से लेकर 2 घंटे तक का बदलाव किया गया है। इंडिगो की कोलकाता जाने वाली दो फ्लाइट्स, जो क्राइसिस के दौरान बंद कर दी गई थीं, उन्हें फिर से शुरू किया गया है। वहीं, शाम के समय हैदराबाद जाने वाली एक फ्लाइट को कम किया गया है। सुबह बेंगलुरू, दिल्ली और कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ानें अब करीब आधा घंटा देरी से रवाना होंगी, जबकि बेंगलुरू से आने वाली फ्लाइट 40 मिनट पहले पहुंचेगी। दोपहर में हैदराबाद और बेंगलुरू जाने वाली उड़ानों में करीब दो घंटे की देरी की गई है। इसके अलावा शाम के समय दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरू और हैदराबाद के लिए उड़ानों के समय में भी बदलाव किया गया है।

**अब अहमदाबाद से रांची होकर पटना जाएगी प्लेन–** अहमदाबाद से आने वाली फ्लाइट अब रांची होकर पटना तक जाएगी और पटना से यह विमान रांची लौटकर अहमदाबाद जाएगी। अभी तक पटना, रांची और पटना चल रही थी। कोलकाता की 4 फ्लाइटें बहाल कर दी गई हैं। दो फ्लाइट इंडिगो क्राइसिस के समय बंद की गई थीं। शाम में हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट जोड़ी गई है। इसके अलावा कई फ्लाइट के टाइम बदले गए हैं।

### नर्सिंग होम में सर्जरी के दौरान किशोर की मौत, मामला दर्ज



**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो स्थित डॉ बदर नर्सिंग होम में गुरुवार रात अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान 16 वर्षीय किशोर रियान आलम की मौत हो गई। घटना के बाद किशोर के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वहीं अब मामले ने कानूनी रूप ले लिया है। मृतक के पिता महमूद आलम ने शुक्रवार को परसुडीह थाने में नर्सिंग होम के डॉ असरफ बदर, डॉ अजय और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मानगो के जवाहरनगर रोड नंबर-13 निवासी रियान को पेट दर्द की शिकायत के बाद गुरुवार को नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने अपेंडिक्स ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन से पहले तक रियान की स्थिति सामान्य थी, लेकिन ऑपरेशन की तैयारी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे एक इंजेक्शन दिया, जिसके तुरंत बाद उसकी हालत तेजी से खराब हो गई और उसके मुंह से पानी निकलने लगा। परिजनों का कहना है कि गंभीर स्थिति के बावजूद डॉक्टरों ने लेजर तकनीक से ऑपरेशन शुरू कर दिया, जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, तो रियान को आनन-फानन में सदर अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने नर्सिंग होम में हंगामा किया और बाद में थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मामले में एक अहम पहलू यह है कि घटना मानगो स्थित नर्सिंग होम में हुई, लेकिन मामला परसुडीह थाने में दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि रियान की मौत सदर अस्पताल में हुई, जो परसुडीह थाना क्षेत्र में आता है, इसी कारण वहां प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि, परिजन नर्सिंग होम के डॉक्टरों को ही मौत के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। परिजनों ने इंजेक्शन के ओवरडोज को मौत का मुख्य कारण बताया है और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और संबंधित डॉक्टरों और नर्सिंग होम प्रबंधन से पूछताछ की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आया है और नर्सिंग होम की कार्यप्रणाली, लाइसेंस और इलाज प्रक्रिया की जांच किए जाने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी इस नर्सिंग होम को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं, जिससे अब इस घटना ने चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# रामनवमी और नवरात्रि पर भव्य जवारा शोभायात्रा, श्रद्धा और उत्साह से गूंजा शहर





**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

रामनवमीं और नवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को शहर में आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। साकची के काशीडीह तथा सोनारी स्थित मरार पाड़ा में एम.पी. युवक संघ द्वारा आयोजित श्री श्री सार्वजनिक नवरात्रि जवारा पूजा इस वर्ष भी पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ संपन्न हुई। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नवमी के दिन शीतला माता मंदिर, मरार पाड़ा सोनारी से जवारा विसर्जन के लिए एक आकर्षक और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों, नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा में ज्योति कलश विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालु जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा मार्ग भक्तिरस में डूब गया। यह शोभायात्रा मरार पाड़ा से प्रारंभ होकर न्यू कपाली घाट तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ जवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधान में शामिल हुईं और पूजा-अर्चना कर आयोजन को और भी भव्य बना दिया। शहर के अन्य इलाकों में भी जवारा पूजा और शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों से निकली शोभायात्राएं स्वर्णरेखा नदी और दोमुहानी नदी तट पर पहुंचकर विसर्जित हुईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और आयोजकों द्वारा सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वहीं, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर शर्बत, फल, पानी और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली और सेवा भाव का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

## रांची में चोरी के तीन आरोपित गिरफ्तार,ज़ेवरात और मोबाइल बरामद



**एजेंसी। रांची**

रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुन्ना जयसवाल, उमंग साहू और सुजल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक सोने की चेन, एक अंगूठी, एक झुमका सेट, दो कान के जोड़े और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सभी सोने के जेवरात मुन्ना जयसवाल के पास से बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, मुन्ना जयसवाल और एक नाबालिग के खिलाफ पहले से ही चुटिया थाना में मामले दर्ज हैं, जिससे उनके आपराधिक इतिहास का भी पता चलता है। लालपुर थाना में 25 मार्च को अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का पर्दाफाश किया और तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है और मामले की गहन जांच जारी है।

# हत्या कांड का आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुए हत्या के एक पुराने मामले में पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नान्टु सैनी उर्फ मन्टु सैनी उर्फ बंगाली को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। यह हत्या मार्च 2021 में आपसी विवाद के दौरान हुई थी, जिसके बाद से आरोपित लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। घटना के बाद नान्टु सैनी ने अपनी पहचान छिपा ली थी और अलग-अलग राज्यों में ठिकाना बदलकर रह रहा था। उसने अपना पुराना निवास भी छोड़ दिया था और उसका परिवार भी कहीं और शिफ्ट हो गया था। पुलिस पिछले काफी समय से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। खासकर पिछले डेढ़ वर्ष से तकनीकी सेल की मदद से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली कि आरोपित मानगो थाना क्षेत्र स्थित सिटी इन होटल के आसपास देखा गया है। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा और मानगो थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर 25 मार्च की रात उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे अगले दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई के लिए सिदगोड़ा थाना प्रभारी फ़ैज़ अहमद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने सूझबूझ और रणनीति के साथ बिना किसी हंगामे के आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी फ़ैज़ अहमद ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में एक अन्य सह- आरोपित राजकुमार सैनी को घटना के समय ही हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि मुख्य आरोपित नान्टु सैनी अब जाकर पुलिस की गिरफ्त में आया है। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# झारखंड में फिर बढ़ने लगा तापमान, डाल्टनगंज में 37 डिग्री के पार पहुंचा

**एजेंसी। रांची**



राज्य में फिर से तापमान में वृद्धि होने लगी है। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान बढ़कर 37.6 डिग्री हो गया है, जबकि जमशेदपुर में तापमान 37 डिग्री और चाईबासा एवं सरायकेला में तापमान बढ़कर 36 डिग्री के स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि कुछ जिलों में अभी भी तापमान अपेक्षाकृत नहीं बढ़ा है। इनमें रांची और लोहरदगा में 32 डिग्री, लातेहार में 28 डिग्री एवं खूंटी में 33 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मौसम विभाग ने 31 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की घटनाएं हुई हैं। इधर पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 37.6 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम तापमान लातेहार में 14.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप महसूस की गई। इससे दोपहर में गर्मी महसूस की गई। हालांकि बाद में बादल छाए रहे। वहीं, शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 37 डिग्री और न्यूनतम 20.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 37.6 और न्यूनतम 18.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.5 डिग्री और न्यूनतम 17.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, दूसरी ओर रांची में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई है।

## मानगो में किशोर की संदिग्ध मौत पर बवाल,बन्ना गुप्ता ने परिजनों को दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के मानगो स्थित एक निजी नर्सिंग होम में 16 वर्षीय किशोर की संदिग्ध मौत के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी पत्नी, मानगो नगर निगम की मेयर सुधा गुप्ता शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों से बातचीत के दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाएगी तथा दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। मौके से ही बन्ना गुप्ता ने सिविल सर्जन को फोन कर निर्देश दिया कि मृतक रेयान आलम का पोस्टमार्टम एकल डॉक्टर के बजाय विशेषज्ञ डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा कराया जाए। साथ ही पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि जांच में पारदर्शिता बनी रहे और मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। हालांकि, प्रशासनिक कारणों से शुक्रवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। अब शनिवार को पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की जा रही है। इस बीच अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर पहलू की गंभीरता से जांच की जाए। घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई और सभी ने संबंधित डॉक्टर और नर्सिंग होम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई, जिसके कारण रेयान आलम की मौत हो गई।

# रामनवमी पर विधायक सरयू राय ने गोसेवा केंद्र और 'सनातन सदन' का किया भूमिपूजन





**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक एवं मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय ने गोसेवा केंद्र और प्रस्तावित 'सनातन सदन' का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सरयू राय ने कहा कि यह पहल सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और उसकी सही परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि 'सनातन सदन' को तीन मंजिला भवन के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां वेद, पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों के साथ-साथ पूजा-पद्धतियों और कर्मकांड से संबंधित विस्तृत साहित्य उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि ज्ञान, साधना और प्रशिक्षण का केंद्र होगा। यहां आचार्यों और कर्मकांडियों को मंत्रों के शुद्ध उच्चारण और विधि-विधान से पूजा संपन्न कराने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे धार्मिक अनुष्ठानों में शुद्धता बनी रहे। विधायक ने बताया कि मंदिर परिसर के दक्षिण-पश्चिम भाग में गोसेवा केंद्र की स्थापना की जाएगी। यहां गायों की सेवा के साथ भारतीय संस्कृति और स्वदेशी जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाएगा। गोसेवा केंद्र में गोमाता और भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। साथ ही पंच पल्लव-आम, पीपल, पाकर, बरगद और गूलर के पौधे लगाए जाएंगे, जिनका धार्मिक अनुष्ठानों में विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के दौरान सरयू राय ने कन्या पूजन कर लगभग डेढ़ दर्जन कन्याओं को प्रसाद, चुनरी और उपहार भेंट किए। प्रसाद में चना, हलवा, पूड़ी और खीर शामिल थे। इस अवसर पर शिवशंकर सिंह, आशुतोष राय, साकेत गौतम, असीम पाठक, अशोक कुमार, मुकेश कुमार और अभय सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रांची में 9 अक्टूबर को वेस्टइंडीज से टी20 मैच, अगले साल 19 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया संग टेस्ट

**एजेंसी। रांची**



धौनी के शहर रांची में फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का जोश दिखेगा। चौकों-छक्कों की बारिश होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) को दो अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी दी है। पहला मैच इसी साल नौ अक्टूबर को होगा। इस टी20 मुकाबले में भारत का वेस्ट इंडीज से मुकाबला होगा। वहीं दूसरा मैच 19 फरवरी 2027 को होगा। इस टेस्ट मैच में टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पहली बार वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले इस श्रृंखला का पहला टी-20 मुकाबला 6 अक्टूबर को लखनऊ में होगा। रांची को इस श्रृंखला का दूसरा टी20 मुकाबला मिला है। रांची को मैच मिलने के बाद यहां के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। लेकिन पिछले मैच में टिकट की अव्यवस्था को लेकर उनमें रोष भी है। पिछले साल 30 नवंबर को जब भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे मैच खेला गया था, उस समय टिकट खरीदने में भारी परेशानी हुई थी। कुछ टिकटों की बिक्री के बाद ही ऑनलाइन टिकट खत्म हो गए था। हालांकि इन मैचों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को जरूर फायदा होगा। होटल, रेस्टोरेंट, कैब सर्विस व छोटे कारोबारियों की आय बढ़ेगी। इसके लिए जरूरी है कि शहर की तैयारियां व्यवस्थित हों, ताकि दर्शक और मेहमान बेहतर अनुभव लेकर लौट सकें।

**30 नवंबर 2025 को जेएससीए स्टेडियम में हुआ था आखिरी मैच–** जेएससीए स्टेडियम में अब तक करीब एक दर्जन अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं। इनमें ज्यादातर मैचों में भारत की जीत हुई है। यहां आखिरी मैच 30 नवंबर 2025 को भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे खेला गया था। इसमें भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया था।

**रांची में तीन साल के बाद हो रही टेस्ट क्रिकेट की वापसी–**

रांची में तीन साल बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी हो रही है। इससे पहले जेएससीए स्टेडियम में 23 से 26 फरवरी 2024 को भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच खेला गया था। यह पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट था। इसमें भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर सीरीज जीती थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत रांची में 10 साल बाद उतरेगा। इससे पहले 2017 में जेएससीए स्टेडियम में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच खेला गया था। यह मैच ड्रॉ रहा था। अब फरवरी 2017 में फिर यहां दोनों टीमें आमने-सामने होंगी।

## टैंकर से भिड़ी कार, युवक गंभीर हालत में कटक रेफर

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर होटल ओम कृष्ण के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में कार सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को हल्की चोटें आईं। मिली जानकारी के अनुसार, बहरागोड़ा के दो युवक पश्चिम बंगाल से अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई थी। चालक को सड़क किनारे खड़ा टैंकर दिखाई नहीं दिया और कार सीधे उसके पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने तेजी से राहत कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए दोनों घायलों को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहरागोड़ा पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक सौरभ नायक को छुट्टी दे दी गई, जबकि ईचड़ाशोल निवासी सौरभ मंडल की हालत गंभीर बनी रही। चिकित्सकों ने सौरभ मंडल की नाजुक स्थिति को देखते हुए पहले उसे पीआरएम मेडिकल कॉलेज, बारीपदा रेफर किया। हालांकि वहां भी हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए कटक ले गए, जहां उसका इलाज जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने झगड़े में पत्नी को सिलेंडर से पीट-पीटकर मार डाला, गुरुग्राम में मर्डर से सनसनी

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में एक बेरहम पति ने घरेलू कलह में अपनी पत्नी के सिर पर गैस सिलेंडर से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी कमरे को बाहर से बंद कर फरार हो गया। बजघेड़ा थाना पुलिस ने इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर गुरुवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मंगलवार को साहिब कुंज चौमा फाटक के पास एक मकान में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि कमरे में महिला का शव खून से लथपथ हालत में था। सीन ऑफ क्राइम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीमों को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। गुरुवार को मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि 20 मार्च को ही बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले 22 वर्षीय सुनील को कमरा किराये पर दिया था। उसके साथ उसकी पत्नी गुंजन भी रहती थी। 23 मार्च की रात सुनील और गुंजन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान गुस्साए सुनील ने गैस सिलेंडर से पत्नी गुंजन के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब पड़ोसियों ने देखा कि मंगलवार से कमरा बंद है तो उन्होंने बुधवार शाम को खिड़की से अंदर झांका और पाया कि गुंजन खून से लथपथ पड़ी है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश करते हुए 26 मार्च को आरोपी सुनील को गुरुग्राम से ही गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान पता चला कि सुनील और गुंजन के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। 23 मार्च की रात दोनों के बीच फिर से झगड़ा हुआ और गुस्से में आकर सुनील ने गुंजन पर एक छोटे गैस सिलेंडर से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### एलपीजी संकट के बीच यूपी में बिजली की डिमांड बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गैस किल्लत के बीच प्रदेश में बिजली की मांग में अचानक तेजी से उछाल



आया है। पिछले पांच दिन में बिजली की मांग में करीब 3000 मेगावाट से अधिक की वृद्धि हुई है। उपभोक्ता परिषद ने इस पर चिंता जताते हुए पावर कारपोरेशन से मार्केट में बिक रहे इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिकल व्हीकल का सर्वे कराकर नये सिरे से तैयारी करने की मांग की है। परिषद के अध्ययन के अनुसार 10 मार्च को जब एकाएक गर्मी बढ़ गई थी, अधिकतम मांग 21,675 मेगावाट दर्ज की गई थी, जो मौसम में बदलाव के कारण 21 मार्च को घटकर 18,031 मेगावाट रह गई। इसके बाद 24 मार्च को यह बढ़कर 19,432 मेगावाट हुई, जबकि 26 मार्च को अचानक उछलकर लगभग 21,450 मेगावाट तक पहुंच गई। परिषद ने कहा एसी चलने के बाद ये लोड और बढ़ेगा ।ईरान–इजराइल युद्ध का अब व्यापक असर दिखने लगा है। विदेशों से आयात होने वाले कच्चे माल की बढ़ी कीमतों के कारण सोलर पैनल लगवाना अब महंगा हो गया है। कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम का प्रयोग सोलर पैनल में किया जाता है, इनकी कीमतें बढ़ी हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से सोलर पैनल लगवाना महंगा हो गया है। पिछले कुछ हफ्तों में कॉपर, स्टील, एल्युमिनियम, पॉलीसिलिकॉन के भावों में आई तेजी का सीधा असर अब आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। सोलर पैनल, लोहे के स्ट्रक्चर और वायरिंग की कीमतों में आए इस उछाल ने नये उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है।

# योगी को बच्ची ने गिफ्ट में दिया खिलौना वाला बुलडोजर; गदगद हो गए मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, एजेंसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर दौरे के दौरान एक दिलचस्प और भावुक क्षण देखने को मिला। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान कानपुर से आई पांच वर्षीय बच्ची यशस्विनी ने मुख्यमंत्री को 'खिलौना बुलडोजर' भेंट किया। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग मुस्कुरा उठे, वहीं सीएम योगी भी अपनी हंसी नहीं रोक सके, और गदगद हो गए।

मुख्यमंत्री ने बच्ची को अपने पास बुलाया, उससे बातचीत की और उसके साथ फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने बच्ची को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। इसके बाद सीएम ने स्नेहपूर्वक खिलौना उसे वापस कर दिया। बच्ची खुशी-खुशी वहां से चली गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी साझा किया गया है। एक्स पर लिखा है कि यह नन्हा-सा उपहार बड़े विश्वास का प्रतीक है, यह भरोसे की मासूम अभिव्यक्ति है।

इससे पहले, राम नवमी के अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और आदर्श जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। राम करुणा, सत्य और मर्यादा के सर्वोच्च उदाहरण हैं, जिनका जीवन समाज को सही दिशा देता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राम नवमी का पर्व हमें सत्य, करुणा और सौहार्द को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इसे 'रामत्व' के मूल भाव को समझने और आचरण में उतारने का अवसर बताया।

वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में



विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक में निर्देशित किया, 'गुंडागर्दी करने वालों को उठाकर बंद करो।' उन्होंने कहा कि किसी मुकदमे में यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो तो जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए।

**200 से ज्यादा लोगों की समस्याएं सुनी:** गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। अधिकारी यह यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

## गुरुग्राम में सात श्रमिकों की मौत मामले में पुलिस बरत रही ढिलाई

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सिधरावली स्थित सिग्नेचर ग्लोबल की निर्माणाधीन साइट पर एसटीपी के लिए खोदे गए गड्ढे में मिटी धंसने से सात श्रमिकों की मौत के मामले में 15 दिन बाद भी कंपनी और ठेकेदार कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। मामले में कंपनी, ठेकेदार समेत छह लोगों के खिलाफ गैर इरादत हत्या व सुरक्षा में लापरवाही से संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

गुरुग्राम पुलिस फिलहाल दो लोगों को ही पकड़ पाई है। जबकि प्रदेश स्तर पर सख्ती बरती जा रही है और राष्ट्रीय व हरियाणा मानवाधिकार आयोग दोनों संगठन गुरुग्राम पुलिस व अन्य विभागों से मामले में रिपोर्ट भी मांग चुके हैं।

नौ मार्च की रात सिग्नेचर ग्लोबल साइट में मिट्टी धंसने से 11 श्रमिक उसमें दब गए थे। ठेकेदार कंपनी व अन्य लोगों ने गुरुग्राम पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं दी थी। सभी घायलों को निकालकर भिवाड़ी के निजी व सरकारी अस्पताल भेजा गया था। यहां झारखंड और राजस्थान के सात श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया गया। भिवाड़ी पुलिस ने गुरुग्राम पुलिस को मामले की सूचना दी थी। कंपनी की तरफ से इस मामले को छिपाने की भी कोशिश की गई थी।

बिलासपुर थाना पुलिस ने एक दिन बाद श्रमिक के स्वजन की शिकायत पर केस दर्ज किया। इसमें सिग्नेचर ग्लोबल कंपनी, एसटीपी प्लांट निर्माण का कार्य करने वाली बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी, ठेकेदार दीनदयाल शर्मा उर्फ डीडी शर्मा, प्रोजेक्ट इंचार्ज दिनेश वीर, साइट स्ट्रक्चर इंचार्ज विकास पांडे व सेफ्टी इंचार्ज ऑफिसर के खिलाफ शिकायत दी गई थी। दिनेश व विकास पांडे को गिरफ्तार किया था। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। बिलासपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ठेकेदार को खुद चोट आई थी। उसके पैर में प्लास्ट लगा हुआ है। इलाज के बाद उस पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अन्य आरोपितों के बारे में भी जांच की जा रही है। वहीं बीते दिनों इस मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, श्रम विभाग, पुलिस और नगर निगम गुरुग्राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

## किन्नर के साथ अश्लील हरकत? मंत्री के वीडियो पर भारी बवाल, विपक्ष ने मांगा इस्तीफा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नरहरी झिरवल एक बड़े विवाद में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर उनका ट्रांसपर्सन (किन्नर) के साथ एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसके बाद उनके इस्तीफे या बर्खास्तगी की मांग तेज हो गई है। कांग्रेस ने उनके इस कृत्य को अश्लील और अनैतिक बताते हुए मुख्यमंत्री से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार, यह वीडियो मंत्री के आधिकारिक आवास का है, जिसमें वह किन्नर के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं। हालांकि, गुरुवार को एक मराठी समाचार चैनल से बात करते हुए झिरवल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। झिरवल ने दावा किया कि यह एक 'डॉक्टर्ड' (छेड़छाड़ किया हुआ) और असेंबल किया गया वीडियो है, जिसे केवल उन्हें ब्लैकमेल करने की नीयत से लीक किया गया है। मंत्री ने यह माना कि वह वीडियो में दिख रहे किन्नर को पिछले पांच सालों से जानते हैं, लेकिन उनका कहना है कि इस ब्लैकमेलिंग के पीछे किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ है जो उस ट्रांसपर्सन को जानता है। वीडियो में शराब की बोतलें दिखने के सवाल पर झिरवल ने स्पष्ट किया कि वह शराब नहीं पीते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक किसी ने उनसे इस्तीफा नहीं मांगा है।

इस घटना को लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस (विजय वडेट्टीवार): कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने इसे बीजेपी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के भीतर चल रहा गैंग वॉर करार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल एक-दूसरे को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वडेट्टीवार ने दावा किया कि ट्रांसपर्सन के भाई ने ही ब्लैकमेल करने के लिए यह वीडियो वायरल किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष (हर्षवर्धन सपकाल): उन्होंने इसे महाराष्ट्र की राजनीति में नैतिक पतन का ज्वलंत उदाहरण बताया। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि जनता के भरोसे और टैक्सपेयर्स के पैसे पर बैठे एक जनप्रतिनिधि का ऐसा व्यवहार बेहद निंदनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से झिरवल को तुरंत कैबिनेट से हटाने की मांग की।

आम आदमी पार्टी (प्रीति शर्मा मेनन): आप की मुंबई अध्यक्ष ने सीएम फडणवीस द्वारा अब तक कार्रवाई न किए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह वास्तव में 'कलयुग' है, जहां यौन अपराधी हमारे शासक हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने इस घटना पर टिप्पणी करते हुए कहा कि झिरवल जैसे वरिष्ठ मंत्री को अपनी मर्यादाओं और पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए था। उन्होंने माना कि यह वीडियो ब्लैकमेल करने के इरादे से बनाया और वायरल किया गया है, और मामले की गहन जांच की मांग की।

## गोबर गैस प्लांट लगाकर एलपीजी संकट से लड़ेगी सरकार, योगी का आदेश- मिशन मोड में काम करो

**लखनउ, एजेंसी।** खाड़ी युद्ध के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर मंडराते संकट के मद्देनजर यूपी सरकार बड़े पैमाने पर इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में गोबर गैस प्लांट स्थापित करने की योजना है। गोबर गैस प्लांट लगाकर एलपीजी संकट से लड़ेगी सरकार, योगी का आदेश- मिशन मोड में काम करो

खाड़ी युद्ध के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर मंडराते संकट के मद्देनजर यूपी सरकार बड़े पैमाने पर इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में गोबर गैस प्लांट स्थापित करने की योजना है। शुरुआत में प्रदेश में संचालित 7527 गौशालाओं से इसकी शुरुआत करने की योजना है। बाद में पशुपालकों को भी इस योजना की परिधि में लाया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश के 80 बड़े गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट की स्थापना की गई है जो पूरी तरह से क्रियाशील है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य एलपीजी रसोई गैस का विकल्प तैयार करना है ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके। साथ ही पर्यावरण का भी संरक्षण किया जा सके। यूपी में छोटी-बड़ी कुल 7527 गौशालाएं अथवा गो आश्रय स्थल है, जिनमें 12.39 लाख गोवंशीय पशुओं को पाला-पोसा जा रहा है। इन



गोशालाओं से प्राप्त होने वाले दूध की उपयोगिता तो है ही अब इनके अपशिष्ट विशेष कर एक-एक ग्राम गोबर के सदुपयोग की तैयारी की जा रही है।

इन गोबर का उपयोग सिर्फ कम्पोस्ट या खाद के लिए ही न करके वर्तमान में ईरान-अमेरिका एवं इजरायल युद्ध के कारण रसोई गैस के सम्भावित संकट से निपटने के लिए भी करने की तैयारी है। इसके लिए रणनीति तैयार की गई है जो कम से कम ग्रामीण क्षेत्रों में राहत जरूर पहुंचाएगी। उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की माने तो संकट की इस घड़ी में सस्ते गोबर गैस की व्यवस्था लोगों को भारी राहत देने वाला होगा। बकौल श्री गुप्ता, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कार्य को मिशन मोड पर शुरू करने के आदेश दिए हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। प्रदेश में इस समय 7,527 गो-आश्रय स्थल है जो सरकार द्वारा संचालित एवं संरक्षित हैं। इनमें 12.39 लाख से अधिक गोवंश हैं। इनमें 6,433 अस्थायी स्थलों में 9.89 लाख गोवंश और 518 वृहद गो-संरक्षण केंद्रों में 1.58 लाख गोवंश पले हुए हैं। इसके अलावा 323 कान्हा गो-आश्रयों में 77,925 और 253 कांजी हाउस में 13,576 गोवंश पाले-पोसे जा रहे हैं।

## 60 हजार लोगों के सामने भरी जाएगी विकास की उड़ान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए मंच बन चुका है। गुरुवार को प्रधानमंत्री के लिए चयनित हैलीपेड पर वायु सेना का हेलीकॉप्टर उतारकर गुणवत्ता को परखा गया। चप्पे-चप्पे पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार यानी 28 मार्च को एयरपोर्ट का शुभारंभ और एमआरओ का शिलान्यास करने के लिए जेवर पहुंचेंगे। वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए तैयार पंडाल की लंबाई करीब 200 मीटर लंबी है। यहां आम लोगों समेत वीवीआईपी और वीआईपी के लिए करीब 60 हजार कुर्सियां लगाई गई हैं। जनसभा में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नागर विमानन मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि समेत अनेक वीआईपी और वीवीआईपी शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए चरणबद्ध तरीके से सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे और परी चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले गुरुवार को एयरपोर्ट पर वायु सेना का हेलीकॉप्टर उतारा गया। हेलीकॉप्टर उतरकर काफी दूर तक चला और सुरक्षा गुणवत्ता की रिपोर्ट एकत्रित की। सबकुछ ठीक होने के बाद वह रवाना हो गया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जेवर पहुंच सकते हैं। संभावना है कि वह जिले में ही रात्रि विश्राम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। डीएम मेधा रूपम ने बुधवार की देर रात एयरपोर्ट पहुंचकर तैयारियां का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति पर रिपोर्ट तलब की।

## राज्यसभा में क्रॉस वोटिंग के बाद मेवात में सियासत गरमाई, भाजपा में जा सकते हैं 2 मुस्लिम विधायक

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों पर क्रॉस वोटिंग के आरोपों ने मेवात की राजनीति को गरमा दिया है। यहां से कांग्रेस के दो विधायकों के नाम सामने आने के बाद सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। गांव की चौपाल से लेकर सोशल मीडिया तक इस मुद्दे पर बहस जारी है। भाजपा इसे अपने विस्तार के अवसर के रूप में देख रही है।

कांग्रेस ने अपने पांच विधायकों पर क्रॉस वोटिंग का आरोप लगाया है, जिनमें जिला पलवल की हथीन सीट से विधायक इसराइल और जिला नूंह की पुन्हाना सीट से विधायक इलियास शामिल हैं। पार्टी का कहना है कि इन विधायकों ने आधिकारिक उम्मीदवार के बजाय दूसरे प्रत्याशी को वोट दिया। इसके बाद पार्टी ने सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसराइल ने साफ किया है कि उन्होंने अपनी पसंद से वोट दिया और यह उनका अधिकार है। उन्होंने फिलहाल पार्टी छोड़ने की अटकलों से इनकार किया है और कहा कि आगे का फैसला जनता की राय के अनुसार होगा।

**इलियास की सक्रियता से बढ़ी अटकलें:** विधायक इलियास की हालिया गतिविधियों ने सियासी अटकलों को और हवा दे दी है। बुधवार को मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात को कई लोग नए राजनीतिक समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। चर्चा है कि वह अपने बेटे को राजनीति में आगे लाने की योजना बना रहे हैं और इसके लिए पार्टी बदलने का विकल्प भी खुला रख सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इस पर सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्ट



बयान नहीं दिया है, लेकिन उनके कदमों पर सभी की नजर बनी हुई है।

**भाजपा की नजर मेवात के सियासी समीकरण पर:** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा मेवात क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। क्रॉस वोटिंग की घटना को इसी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। यह भी चर्चा है कि जिस निर्दलीय उम्मीदवार को वोट मिला, उसे भाजपा का समर्थन प्राप्त था। ऐसे में कांग्रेस विधायकों की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। भाजपा लंबे समय से इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अब उसे नए अवसर दिखाई दे रहे हैं।

**क्रॉस वोटिंग मामला हाईकमान तक पहुंचा:** सूत्रों के अनुसार हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के दौरान हुई क्रॉस वोटिंग का मामला अब राहुल गांधी तक पहुंच गया है। इस पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा के सभी विधायकों को दिल्ली बुलाया है, जहां विस्तार से चर्चा होगी। जिन पांच विधायकों पर क्रॉस वोटिंग के आरोप हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। पार्टी उन्हें निष्कासित करने या इस्तीफा लेने का फैसला भी कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो प्रदेश में उपचुनाव की स्थिति बन सकती है।

**दल बदल की पुरानी परंपरा, नए संकेत:** मेवात में पहले भी कई बड़े नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। जाकिर हुसैन, आजाद मोहम्मद, नसीम और एजाज जैसे नाम इसके उदाहरण हैं। ऐसे में मौजूदा घटनाक्रम को भी उसी क्रम में देखा जा रहा है। भाजपा इस क्षेत्र में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए स्थानीय प्रभावशाली नेताओं को साथ जोड़ने की रणनीति पर लगातार काम कर रही है।

## कबाड़ से किला, पहाड़ से रास्ता चंडीगढ़ में भी गूंजा जुनून का संदेश

**चंडीगढ़।** सुबह की हल्की ठंडक, पेड़ों के बीच छिपा एक अनोखा संसार और हर ओर फैली कलात्मकता—यह दृश्य चंडीगढ़ का रॉक गार्डन का है, जिसे साधारण पृष्ठभूमि के बावजूद असाधारण कल्पनाशीलता वाले नेक चंद ने रचा। टूटे बर्तन, चूड़ियां, बोतलें और कबाड़ की वस्तुओं से उन्होंने एक ऐसी दुनिया तैयार की, जो आज वैश्विक पहचान बन चुकी है।



दिन में सरकारी नौकरी और रात में कला की साधना—करीब 18 वर्षों तक उन्होंने चुपचाप इस अद्भुत गार्डन को आकार दिया। शुरुआत में इसे अवैध निर्माण मानकर हटाने की बात हुई, लेकिन जब लोगों ने इसकी खूबसूरती देखी, तो यही जगह चंडीगढ़ की पहचान बन गई। बिहार के गया जिले की गहलौर घाटी में एक और कहानी जन्म ले रही थी। दशरथ मांझी—एक ऐसा नाम, जिसने अकेले दम पर पहाड़ को चुनौती दी। पत्नी की मौत ने उनके भीतर ऐसा संकल्प जगाया कि उन्होंने हथौड़ा और छेनी से 22 वर्षों तक लगातार पहाड़ काटकर रास्ता बना दिया। जहां कभी दुर्गम पहाड़ था, वहां आज करीब 110 मीटर लंबा रास्ता है। यह सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि जिद, प्रेम और संघर्ष का प्रतीक है। लोग उन्हें पागल कहते रहे, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। एक ओर नेक चंद ने कबाड़ से सुंदरता गढ़ी, तो दूसरी ओरदशरथ मांझीने पहाड़ को काटकर जीवन आसान बनाया। दोनों की राह अलग थी, लेकिन उनकी ताकत एक ही थी—अटूट जुनून और अडिग संकल्प।

आज जब संसाधनों की कमी को अक्सर बहाना बनाया जाता है, ये दोनों उदाहरण यह साबित करते हैं कि इच्छाशक्ति के आगे हर बाधा छोटी पड़ जाती है। यह कहानी सिर्फ दो व्यक्तियों की नहीं, बल्कि उस जज्बे की है जो हर इंसान के भीतर मौजूद होता है।

जब भी जीवन कठिन लगे, तो याद रखिए—

एक व्यक्ति कबाड़ से दुनिया बना रहा था,

और दूसरा पहाड़ को रास्ता बना रहा था।

चंडीगढ़ का रॉक गार्डन आज देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद है और वहां की कलाकृतियां हर व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास और रचनात्मकता की नई ऊर्जा भरती हैं। वहीं बिहार के दशरथ मांझी का संघर्ष हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, जो असंभव को संभव बनाने का सपना देखता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### साझा घरेलू जिम्मेदारियां

भारतीय परिवारों में महिलाएं ही घरेलू कामकाज संभालती आई हैं। आमतौर पर पति उनका हाथ नहीं बंटाते, दुहाई परंपरा हो या फिर अपने काम और परिश्रम की। इस बहाने प्रकारांतर से महिलाओं की गरिमा और उनके श्रम की जिस तरह उपेक्षा होती आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए विचार का विषय होना चाहिए।सच यह है कि घर में भी कामकाज का दायरा काफी बड़ा होता है और उसे अकेले गृहिणी के भरोसे छोड़ देना उचित नहीं है। घरेलू काम को मिल-बांट कर करने से न केवल काम का बोझ हल्का होता है, बल्कि इससे एक दूसरे के प्रति सम्मान बढ़ जाता है और पत्नी को समानता का अहसास होता है।इस आदर्श स्थिति से पूरा परिवार एकजुट महसूस करता है, लेकिन ऐसी स्थिति कम ही दिखाई देती है। यह दुखद ही है कि घरेलू कामकाज से लेकर खाने तक में कमियां निकालने की शिकायतें कई बार विवाद की वजह बन जाती हैं और कभी-कभी मामला अदालत तक पहुंच जाता है। ऐसे ही एक मामले में तलाक मांग रहे पति से शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि पतियों को भी घर के कामकाज की जिम्मेदारी उठानी चाहिए, क्योंकि आपने घरेलू सहायिका से नहीं, जीवन संगिनी से शादी की है।इसमें कोई दोराय नहीं कि घर में खाना पकाना हो या साफ-सफाई करना हो, अगर पति-पत्नी की भागीदारी हो, तो इससे परस्पर समानता और सम्मान का भाव पैदा होता है। इसकी अहमियत केवल काम में सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला के व्यक्तित्व और उसकी अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है कि उसका विवाह पति के घर के सारे काम अकेले निपटाने के लिए नहीं हुआ है।बल्कि उसके व्यक्तित्व का भी सम्मान किया जाता है, उसे महत्त्व दिया जाता है। इससे एक नया आत्मविश्वास पैदा होता है, जो एक घर और परिवार के बीच संवेदना की कड़ियों को और मजबूत करता है।इसका एक जरूरी पहलू यह है कि जब घर के बच्चे अपने माता-पिता को मिल कर घरेलू कामकाज निपटाते देखेंगे, तो उनके भीतर भी स्त्री-पुरुष समानता के पाठ का प्रशिक्षण होगा। किसी घर में इस तरह के माहौल और कामकाज में बराबरी की सहभागिता लोगों को मानवीय संवेदनाओं से लैस करेगी और समाज को ज्यादा मानवीय बनाएगी।भारतीय संयुक्त परिवारों की पृष्ठभूमि उस मानवीय संवेदना से जुड़ती है, जिसमें सारे संसार को अपना परिवार माना जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट का धर्म-जाति पर अहम फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर धर्म परिवर्तन करने पर व्यक्ति अनुसूचित जाति (एससी) का सदस्य नहीं रहेगा। फैसला संविधान (एससी) आदेश, 1950 पर आधारित है। कोर्ट ने आरक्षण लाभ के दुरुपयोग पर चिंता जताई। हालांकि, धर्म बदलने के बाद भी जातिगत भेदभाव खत्म न होने की सामाजिक बहस जारी रहने की बात सामने आई।ुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया कि अगर कोई शख्स हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। आंध्र प्रदेश के एक पादरी से जुड़े मामले में आए फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। शीर्ष अदालत के फैसले का आधार कंसेंटीट्यूशन शेड्यल कास्ट आर्डर 1950 है। इस आदेश का क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही स्ष्ट श्रेणी में आ सकते हैं। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू हैं। एक, जिन धर्मों में जाति व्यवस्था नहीं है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते हैं। पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्होंने स्ष्ट से जुड़े लाभ छोड़ दिए हों। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद भी एससी कम्युनिटी को मिलने वाले फायदे लेते रहना संविधान के साथ धोखा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें हैं और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर मंशा यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए। हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा है।

# मध्यम वर्ग का घर का सपना : आसान होम लोन और बदलती वित्तीय व्यवस्था से बढ़ी उम्मीद



लेखक
**अजीत कुमार सिंह**
सेव ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं सह-संस्थापक

- » झभारत में "अपना घर" सुरक्षा, स्थिरता और सामाजिक सम्मान का प्रतीक
- » मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना जीवन की बड़ी उपलब्धि माना जाता है
- » बढ़ती रियल एस्टेट कीमतों और महंगाई से घर का सपना मुश्किल हुआ
- » महानगरों में फ्लैट की कीमतें लाखों से करोड़ों तक पहुंचीं
- » डाउन पेमेंट, रजिस्ट्रेशन और मेंटेनेंस से कुल लागत और बढ़ी
- » होम लोन बना घर खरीदने का सबसे बड़ा सहारा
- » बैंक और फाइनेंस कंपनियां दे रही हैं लचीले और आसान लोन विकल्प
- » लंबी अवधि, कम ब्याज दर और आसान प्रक्रिया से ईएमआई प्रबंधन आसान
- » डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक से लोन प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई
- » छोटे व्यवसायी, स्वरोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की पहुंच बढ़ी
- » सरकारी आवास योजनाएं और विशेष फंड से खरीदारों को राहत
- » टियर-2 और टियर-3 शहर बने नए आवासीय केंद्र
- » कम कीमत और कम खर्च के कारण मध्यम वर्ग का रुझान बढ़ा



भारत में "अपना घर" केवल चार दीवारों और एक छत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा, स्थिरता और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। खासकर मध्यम वर्ग के लिए घर का सपना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। वर्षों की मेहनत, बचत और उम्मीदों के बाद जब किसी परिवार को अपना घर मिलता है, तो वह सिर्फ एक संपत्ति नहीं बल्कि एक नई शुरुआत बन जाता है। हालांकि बदलती अर्थव्यवस्था, तेजी से बढ़ती संपत्ति कीमतों और बढ़ती जीवन-यापन लागत ने इस सपने को कई बार दूर भी कर दिया है। ऐसे में आसान होम लोन और वित्तीय व्यवस्था में हो रहे बदलाव मध्यम वर्ग के लिए नई उम्मीद लेकर आए हैं। भारतीय समाज में घर का महत्व केवल रहने की जगह तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक पहचान, आर्थिक सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता से भी जुड़ा होता है। किराए के मकान में रहने वाले परिवार के मुकाबले अपने घर में रहने से आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा दोनों में वृद्धि होती है। यही वजह है कि मध्यम वर्ग अपनी आय का बड़ा हिस्सा बचत में लगाता है, ताकि एक दिन वह अपना घर खरीद सके। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में रियल एस्टेट की कीमतों में तेज वृद्धि ने इस राह को कठिन बना दिया है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगरों में सामान्य फ्लैट की कीमत लाखों से बढ़कर करोड़ों तक पहुंच गई है। इसके साथ ही डाउन पेमेंट, रजिस्ट्रेशन शुल्क और मेंटेनेंस जैसे अतिरिक्त खर्चों ने कुल लागत को और बढ़ा दिया है। ऐसे में केवल बचत के भरोसे घर खरीदना अधिकांश परिवारों के लिए संभव नहीं रह गया है। यहीं पर होम लोन व्यवस्था एक महत्वपूर्ण सहारा बनकर उभरी है। पिछले कुछ वर्षों में बैंक और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों ने लोन प्रक्रिया को अधिक लचीला और सुविधाजनक बनाया है। लंबी अवधि के ऋण, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें और आसान दस्तावेजी प्रक्रिया ने मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना अपेक्षाकृत सरल कर दिया है। अब एक मध्यम आय वाला परिवार अपनी क्षमता के अनुसार ईएमआई तय कर धीरे-धीरे अपने घर का मालिक बन सकता है। वहीं, देश की वित्तीय व्यवस्था में भी तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। डिजिटल बैंकिंग, फिनटेक प्लेटफॉर्म और नई तकनीकों ने ऋण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज बना दिया है। अब छोटे व्यवसायी, स्वरोजगार करने वाले लोग और ग्रामीण-अर्धशहरी क्षेत्रों के परिवार भी आसानी से होम लोन तक पहुंच बना पा रहे हैं। इसके अलावा सरकार की विभिन्न आवासीय योजनाएं और अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए बनाए गए फंड भी घर खरीदारों के लिए राहत का कारण बन रहे हैं। एक बड़ा बदलाव यह भी देखने को मिल रहा है कि अब मध्यम वर्ग केवल महानगरों तक सीमित नहीं है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में अपेक्षाकृत कम कीमत, कम जीवन-यापन लागत और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण लोग इन शहरों में घर खरीदने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इससे देश के आवासीय बाजार को नया विस्तार मिला है।

हालांकि चुनौतियां अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। कई शहरों में घरों की कीमतें आय के मुकाबले अब भी काफी अधिक हैं। ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव से ईएमआई प्रभावित होती है और कई आवासीय परियोजनाओं में देरी भी खरीदारों के लिए चिंता का विषय बनी रहती है। इसलिए जरूरी है कि सरकार, वित्तीय संस्थान और रियल एस्टेट क्षेत्र मिलकर ऐसी नीतियां बनाएं, जो किफायती आवास को वास्तव में बढ़ावा दें। इसके बावजूद मध्यम वर्ग का घर का सपना आज भी जिंदा है। आसान होम लोन, डिजिटल बैंकिंग और बदलती वित्तीय व्यवस्था ने इस सपने को पहले से अधिक साकार करने योग्य बना दिया है। यदि यही रफ्तार और दिशा बनी रही, तो आने वाले समय में करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए अपना घर केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सच्चाई बन जाएगा। क्योंकि आखिरकार हर परिवार की सबसे बड़ी चाहत यही होती है कि उसके सिर पर एक ऐसी छत हो, जिसे वह गर्व से अपना "घर" कह सके।

# उत्तर कोरिया- दिखावटी चुनाव में तानाशाह की फिर बल्ले-बल्ले

(डॉ. रमेश ठाकुर)

उत्तर कोरिया में चुनाव का मतलब केवल कोरियाई आवाम के अनुशासन को चेक करना और सरकारी डेटा को अपडेट करना मात्र होता है। वहां जनता अपनी पसंद का न उम्मीदवार चुन पाती है और न वोट कर सकती है। वोट न करना देशद्रोह माना जाता है। नार्थ कोरियाई लोग किम जोंन का आदेश किसी भी सूरत में नहीं टालते। 2 करोड़ 66 लाख आबादी वाले अघोषित गुलाम मुल्क उत्तर कोरिया में 15वें 'सुप्रीम पीपल्स असेंबली' के संपन्न दिखावटी चुनाव में भी किम जोंग उन ने एकतरफा जीत हासिल करके फिर से अपने तानाशाह होने का परिचय न सिर्फ अपने देशवासियों को, बल्कि समूचे संसार को दे दिया है। सभी 687 सीटों पर उनके समर्पित लोग जीते हैं। मौजूदा चुनाव में भी उनके सामने ना कोई विपक्ष था और न ही कोई विरोधी? चुनाव में उन्होंने उम्मीदवार के रूप में अपने चपरासी, नौकर, जीजा, बहनें और जी-हुजूरी करने पार्टी कार्यकर्ता-कर्मचारियों को टिकट देकर उतारा था। चुनाव में किम जोंग की दो छोटी बहनें किम यो-जोंग, चो सन-हुईन और जीजा किम नॉउ व योंग-वोन भी जीते हैं। गठित कैबिनेट में इन चारों को बड़ी जिम्मेदारी देंगे किम जोंग। उत्तर कोरिया में चुनाव का मतलब केवल कोरियाई आवाम के अनुशासन को चेक करना और सरकारी डेटा को अपडेट करना मात्र होता है। वहां जनता अपनी पसंद का न उम्मीदवार चुन पाती है और न वोट कर सकती है। वोट न करना देशद्रोह माना जाता है। नार्थ कोरियाई लोग किम जोंन का आदेश किसी भी सूरत में नहीं टालते। अगर वो कहें कि आज सूरज पूरब से नहीं पश्चिम से उगेगा, तो देशवासियों को हाँ में ही जवाब देना होता है। जब वो हंसते हैं, तो सबको हंसना पड़ता है। घर से दो दिन किसी को नहीं निकलना है, तो कोई नहीं निकलता। लॉकडाउन जैसी स्थिति वहां हो जाती है। ऐसी अजीबोगरीब शर्तों को नार्थ कोरियाई आवाम को न चाहते हुए भी मानना पड़ता है। उत्तर कोरियाई का संसदीय चुनाव का इतिहास 1948 से रहा है। तब, वहां श्रमिक पार्टी, चोंडो ईस्ट चांगु पार्टी, कोरियाई लोकतांत्रिक पार्टी, श्रमिक जन पार्टी, पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी व डेमोक्रेटिक इंडिपेंडेंट पार्टी की धूम होती थी। लेकिन अब सिर्फ और सिर्फ तानाशाह का ही चारों ओर बोलबाला है। वहां, पिछला संसदीय चुनाव 10 मार्च 2019 को हुआ था। परंपरा प्रत्येक 5 साल बाद चुनाव कराने की है, लेकिन हुए 7 साल बाद हैं। इस चुनाव में आदेश था कि सभी सरकार के पक्ष में वोट करें, देशवासियों ने उनके आदेशानुसार वोट डाले। वोटर टर्नआउट 99.99 प्रतिशत रहा, जिनमें उनके पक्ष में रिकॉर्ड 99.93 प्रतिशत वोटिंग हुई। पंजीकृत मतदाताओं में केवल 0.0037 प्रतिशत वोटरों ने चुनावी प्रक्रिया में किसी कारण हिस्सा नहीं लिया जिनमें ज्यादातर ऐसे लोग बताए जाते हैं जो चुनाव के वक्त या देश से बाहर थे या हारी बीमारी से पीड़ित थे। सरकारी मीडिया एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक 516 लोगों ने वोट नहीं डाले, जिनकी खोज पड़ताल जारी है। खोजने पर उन्हें मौत की सजा सुनाई जाएगी। घरों की तलाशी जारी है, हाथ पर लगे निशान की जांच की जा रही है। कुल मिलाकर पूर्ववर्ती चुनावों की तरह इस बार भी तानाशाह शासक का बोलबाला पूरे संसदीय चुनाव के दौरान रहा। गौरतलब है कि किम जोंग उन की 'वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया' लंबे समय से देश पर जबरिया काबिज है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6044

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6043

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 6044



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

**ऊपर से नीचे**
1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 6043 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | दे | व | | सा | के | त |
| ग | म | न | | बा | त | | पा |
| दं | | दा | वा | | हिं | स | क |
| बा | ब | र | | गा | दु | र | |
| | र | | रे | | स्ता | | भू |
| अ | सी | म | | सो | नी | प | त |
| टू | | शा | ना | | | | ना |
| ट | ह | ल | ना | | श | प | थ |

## आज का राशिफल

### मेष
आप खुद को बहुत ऊर्जावान और साहसी महसूस करेंगे. शुक्रदेव का आपकी ही राशि में गोचर आपके व्यक्तित्व में एक खास आकर्षण पैदा कर रहा है, कार्यस्थल पर आपकी नेटवर्किंग और बातचीत करने का तरीका किसी बड़े प्रोजेक्ट को सफल बना सकता है. ध्यान रहे कि अति-उत्साह में आकर कोई ऐसी बात न कहें जिससे दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

### वृष
आज आप भविष्य के बारे में गंभीर योजनाएं बनाएंगे जो आने वाले समय में दूरगामी परिणाम देंगी. पांचवें भाव में ग्रहों का गोचर आपकी रचनात्मक ऊर्जा को नई दिशा देगा. करियर में पर्दे के पीछे रहकर किया गया काम अधिक सफल होगा, इसलिए अपनी योजनाओं को अभी गुप्त रखें. पार्टनर के साथ गहरे विषयों पर बातचीत होगी, जिससे भावनात्मक समझ बढ़ेगी. अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें ताकि बजट न बिगड़े।

### मिथुन
आज शुभ स्थिति आपके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी. आप एक सुलझे हुए नेता के रूप में उभरेंगे और अनुशासन ही आपकी सफलता की कुंजी बनेगा. स्वभाव में अत्यधिक सख्ती न आने दें ताकि सहकर्मी आपसे बात करने में सहज महसूस करें. करियर में बड़ी जिम्मेदारी या पदोन्नति की संभावना बन रही है. पार्टनर के लिए आप एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़े रहेंगे।

### तुला
आज आप अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं. चंद्रदेव और बृहस्पतिदेव आपके बारहवें भाव में हैं, अपनी गोपनीय योजनाओं को साझा करने से बचें ताकि आपकी मेहनत का फल आपको ही मिले. प्रेम जीवन में पार्टनर का सहयोग आपको मानसिक सुकून प्रदान करेगा. बजट पर ध्यान दें और पर्याप्त नींद लें।

### वृश्चिक
आज आपका पूरा ध्यान अपने करियर और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर रहेगा. कार्यस्थल पर आपकी व्यवस्थित कार्यशैली को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी आपसे महत्वपूर्ण राय ले सकते हैं. अनुशासन के साथ अपनी रचनात्मक रुचियों के लिए भी थोड़ा समय जरूर निकालें. परफेक्शन की जिद में आकर छोटी गलतियों पर तनाव न लें, बल्कि काम की प्रक्रिया का आनंद लें।

### धनु
आज आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर काफी गंभीर और योजनाबद्ध रहेंगे. चंद्रदेव और बृहस्पतिदेव की कृपा से धन संचय के नए अवसर प्राप्त होंगे, जो आपके भविष्य को सुरक्षित करेंगे. व्यावसायिक साख बढ़ाने के लिए आप कुछ कड़े और सटीक निर्णय ले सकते हैं. सावधान रहें कि विचारों में जिद्दीपन आपकी प्रगति में बाधा न बने, क्योंकि टीम वर्क में लचीलापन जरूरी है।

### कर्क
आज भाग्य पूरी तरह से आपके साथ खड़ा नजर आ रहा है. चंद्रदेव और बृहस्पतिदेव आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जो आपके ज्ञान और निर्णय लेने की क्षमता को अद्भुत विस्तार देंगे. करियर के क्षेत्र में आपकी मौलिक सोच और तकनीकी समझ आपको दूसरों से आगे ले जाएगी. अधिक बोलने के बजाय दूसरों की राय को धैर्य से सुनना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

### सिंह
आज आपके व्यक्तित्व में एक खास गंभीरता और परिपक्वता लेकर आया है. सातवें भाव में चंद्रदेव और बृहस्पतिदेव की युति आपके व्यापारिक समझौतों और रिश्तों में स्पष्टता लाएगी. पिछली मेहनत का फल मिलने का समय आ गया है, इसलिए धैर्य बनाए रखें. लव लाइफ में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना आपको मानसिक मजबूती देगा।

### कन्या
आज सामाजिक मेलजोल और मित्रों का साथ आपको नई ऊर्जा से भर देगा. चौथे भाव में ग्रहों की स्थिति घर में सुख-शांति और भावनात्मक सुरक्षा का माहौल बनाएगी. टीम के साथ मिलकर किए गए कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी, बस दूसरों से व्यावहारिक अपेक्षा रखें. करियर में आपके प्रदर्शन की सराहना होगी पार्टनर के साथ किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होना रिश्ते में उत्साह भरेगा।

### मकर
आज आप पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने में माहिर रहेंगे. नौवें भाव में बैठे चंद्रदेव और बृहस्पतिदेव आपकी किसी यात्रा या उच्च शिक्षा की योजनाओं को सफल बनाएंगे. कूटनीतिक सूझबूझ कठिन परिस्थितियों को भी आपके पक्ष में कर देगी, जिससे पुराने विवाद सुलझ सकते हैं. पार्टनर के साथ घर की सुख-सुविधाओं पर चर्चा से निकटता बढ़ेगी।

### कुंभ
आज आप किसी भी कार्य को अधूरा छोड़ना पसंद नहीं करेंगे और पूरी ऊर्जा से उसे सफल बनाएंगे. आठवें भाव में ग्रहों की स्थिति आपको अपनी छिपी हुई क्षमताओं को पहचानने का मौका दे रही है. तकनीकी या अनुसंधान क्षेत्र से जुड़े जातकों को कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है. संवाद के दौरान शब्दों का चयन सावधानी से करें ताकि किसी को बुरा न लगे. पार्टनर के साथ पारदर्शिता बनाए रखें, इससे संबंधों में सुधार होगा।

### मीन
आपके सामाजिक दायरे और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के प्रबल संकेत हैं. ग्यारहवें भाव में बैठे देव गुरु बृहस्पति और चंद्रदेव आपकी आय के नए स्रोत खोल सकते हैं. टीम के साथ मिलकर काम करना आपके लिए बहुत प्रेरणादायक रहेगा और करियर में नए अवसर मिलेंगे. स्वभाव में विनम्रता बनाए रखें ताकि काम का दबाव आपके व्यवहार को रूखा न बनाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


# पृथ्वी शॉ-आकृति अग्रवाल की लव स्टोरी, सगाई के बाद खुला राज!



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ इन दिनों अपने खेल से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। आईपीएल 2026 से ठीक पहले उनकी सगाई की खबर ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मचा दी है। मुंबई की चर्चित कंटेंट क्रिएटर आकृति अग्रवाल के साथ उनका रिश्ता अब आधिकारिक रूप ले चुका है, लेकिन इस लव स्टोरी के पीछे की कहानी अब सामने आ रही है, जिसने फैंस की दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

### महीनों की अटकलों के बाद हुआ खुलासा

पिछले कुछ महीनों से पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज थीं। दोनों कई बार एक दूसरे के साथ दिखे, कभी किसी कार्यक्रम में तो कभी घूमते, और साथ में कई फोटोज भी डालीं। पहले तो लोगों को लगा कि कोई दोस्त है, लेकिन दोनों ने इस सॉफ्ट लॉन्च के जरिए अपने रिश्ते के संकेत दिए। हालांकि, दोनों ने कभी खुलकर कुछ नहीं कहा। आखिरकार आठ मार्च 2026 को शॉ ने सगाई का एलान कर इन अटकलों पर विराम लगा दिया।

### महिला दिवस पर खास एलान

पृथ्वी शॉ ने आकृति को अपना 'लकी चार्म' बताया था। दिलचस्प बात यह है कि इस कपल ने अपनी सगाई के लिए आठ मार्च 2026 यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का दिन चुना। इस खास तारीख ने इस खबर को और भी खास बना दिया और सोशल मीडिया पर यह ट्रेंड करने लगी। शॉ ने सगाई को अपनी सबसे शानदार पारी कहा था।जब फैंस मैदान पर पृथ्वी शॉ के अगले कदम का इंतजार कर रहे थे, तभी भारतीय ओपनर ने मैदान के बाहर ही दिल जीत लिया। शॉ आकृति अग्रवाल के साथ इंस्टाग्राम रील शेयर करते रहते हैं और इसे सोशल मीडिया पर खूब पसंद भी किया जाता है। आईपीएल 2026 के करीब आते ही 26 वर्षीय शॉ काफी सुकून महसूस कर रहे हैं। वह खुश भी नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर, ऐसा लग रहा है कि पृथ्वी शॉ ने मुश्किल भरे कुछ सीजनों के बाद अब अपनी जिंदगी में सुकून पा लिया है।

### 2025 में सामने आई थी लव स्टोरी

दोनों के रिश्ते की चर्चा तब शुरू हुई जब फैंस ने इंस्टाग्राम पर उनकी हल्की-फुल्की बातचीत नोटिस की। आकृति ने शॉ की पोस्ट पर 'माय परफेक्ट व्यू' (मेरा बेहतरीन नजारा) कमेंट किया, जिस पर शॉ ने जवाब दिया 'आय यू' (अरे तुम!)। यहीं से अफवाहों ने जोर पकड़ लिया।इसके बाद दोनों को मुंबई में कई बार साथ देखा गया। पैपराजी और फैंस ने उन्हें रेस्टोरेंट्स से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया, जहां वे अक्सर मैचिंग या एक जैसे रंग के आउटफिट में नजर आते थे। साल 2025 में दोनों ने गणेश चतुर्थी समारोह और कई निजी और सोशल गेदरिंग्स में साथ शिरकत की, जिससे उनके रिश्ते की खबरें और तेज हो गईं।

### आकृति के साथ शेयर की थी खास रील

शॉ ने आकृति के साथ एक खास रील शेयर की थी। वीडियो में स्क्रीन पर एक सिंपल सवाल लिखा होता है- तुम दोनों कैसे मिले? इसके बैकग्राउंड में शॉ और आकृति का एक खूबसूरत वेकेशन मोमेंट दिखाया जाता है। जैसे ही दर्शक इसे एक सामान्य कपल रील समझते हैं, वीडियो अचानक एक अलग मोड़ ले लेता है। इसमें एआई से बनाया गया एक विजुअल दिखता है, जिसमें अंदर भगवान को दिखाया जाता है। इस रील के जरिए शॉ ने इशारों-इशारों में बताया कि उनकी मुलाकात भगवान की योजना थी। फैंस को यह अंदाज बेहद पसंद आया और उन्होंने इस पर खूब प्यार लुटाया।आकृति ने अपने करियर की शुरुआत शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म टिकटॉक से की, जहां उनके वीडियो तेजी से वायरल हुए।



## भारतीय फुटबॉल पर दाग! पैसों के झगड़े में कोच और खिलाड़ी स्टेडियम के बाहर अटके



**कोच्चि।** भारतीय पुरुष सीनियर फुटबॉल टीम को गुरुवार को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक अप्रत्याशित स्थिति का सामना करना पड़ा, जब खिलाड़ियों और मुख्य कोच को प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए प्रवेश से रोक दिया गया। यह विवाद स्टेडियम के सिक्योरिटी डिपॉजिट के भुगतान को लेकर सामने आया। भारतीय टीम, जिसमें केरल के तीन खिलाड़ी भी शामिल थे, और मुख्य कोच खालिद जमील आगामी एएफसी एशियन कप क्वालिफायर मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। 31 मार्च को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ होने वाले इस मुकाबले से पहले यह मीडिया बातचीत तय थी, लेकिन भुगतान विवाद के चलते इसे रद्द करना पड़ा। यह मामला स्टेडियम के मालिक ग्रेटर कोचिन डेवलपमेंट अथॉरिटी और केरल फुटबॉल एसोसिएशन के बीच बकाया राशि को लेकर है। जानकारी के मुताबिक, केरल फुटबॉल एसोसिएशन को मैच के लिए स्टेडियम चार दिनों तक बुक करने के बदले एक निश्चित सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा करना था, जो समय पर नहीं किया गया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशनके एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'मुद्दा यह है कि केरल फुटबॉल एसोसिएशन को स्टेडियम को चार दिन के लिए बुक करने के लिए एक निश्चित राशि जमा करनी थी। इसी कारण स्टेडियम प्रशासन ने एंट्री रोक दी।'


## दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ने लिया संन्यास, रियो ओलंपिक में रचा था इतिहास



**मियामी, एजेंसी।** बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने घुटने की चोट से लंबे समय तक परेशान रहने के बाद बृहस्पतिवार को अपने पेशेवर करियर से संन्यास लेने की घोषणा की। उनके करियर में ओलंपिक स्वर्ण पदक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल हैं। मारिन ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर कहा, 'मेरा सफर यहीं समाप्त होता है। ' उन्होंने बताया कि चोट के कारण उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता से दूर रहने का कठिन निर्णय लिया। उन्होंने कहा, 'मैं चाहती थी कि हम आखिरी बार ट्रैक पर मिलें, लेकिन मैं अपने शरीर को जोखिम में नहीं डालना चाहती। ' इस 32 साल की खिलाड़ी ने भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधू के साथ कई यादगार मुकाबले खेले। उन्होंने रियो 2016 ओलंपिक और 2018 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में सिंधू को हराया था। उनके करियर में 2014, 2015 और 2018 में विश्व चैंपियनशिप, सात यूरोपीय खिताब और 2016 ओलंपिक स्वर्ण पदक शामिल हैं। मारिन का अंतिम प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन पेरिस 2024 ओलंपिक में हुआ, जो दो गंभीर एसीएल चोटों के बाद उनकी शानदार वापसी थी। वह हुएल्वा में आयोजित होने वाले आगामी यूरोपीय चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगी, लेकिन अपने शहर के सम्मान में वहां उपस्थित रहेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं हुएल्वा में रैकेट हाथ में नहीं लूंगी, लेकिन अपनी ऊर्जा शहर को लौटाते हुए संन्यास लूंगी।'

# बेंगलुरु और हैदराबाद के मुकाबले से होगा आज आईपीएल का आगाज

### ये हो सकती है दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कहते हैं कि क्रिकेट एक 'जेंटलमैन' (भले लोगों) का खेल है। दूसरी ओर आईपीएल एक ऐसा उत्सव है जहां ये 'जेंटलमैन' कभी-कभी बच्चों जैसा बर्ताव करने लगते हैं और शनिवार की रात चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह फिर से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। पिछले साल जब आरसीबी ने आखिरकार अपना पुराना 'मनहूस सिलसिला' तोड़ा और आईपीएल की ट्रॉफी जीती, तो जीत का जश्न एक दुखद घटना में बदल गया। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ ने जीत की खुशी को फीका कर दिया; इस घटना में 11 फैंस की जान चली गई और अधिकारियों को सवालों के जवाब ढूंढने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। तब से लेकर अब तक, स्टेडियम के दरवाजों को नए सिरे से बनाया गया है, भीड़ को काबू करने के इंतजाम और भी ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं और इमरजेंसी के लिए बनाए गए नियमों में भी सुधार किया गया है। उम्मीद है कि इन सब बातों से सबक सीखा गया होगा; कल रात फैंस बिना किसी डर के अपनी टीम का हौसला बढ़ा पाएंगे और शायद इस जोश-खरोश के साथ-साथ उन्हें थोड़ी-बहुत इज्जत भी नसीब हो पाएगी।

**पिच रिपोर्ट** – मैदान की बात करें तो चिन्नास्वामी स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं है। पिच एकदम सपाट और तेज है, और बाउंड्री भी ज्यादा दूर नहीं हैं - गेंद हवा में ऐसे उड़ती है, मानो गुरुत्वाकर्षण ही छुट्टी पर चला गया हो। टॉस की अहमियत तो होती ही है, लेकिन कोई चालाक गेंदबाज या कोई जबरदस्त शॉट कुछ ही ओवरों में पूरे खेल का पासा पलट सकता है।

**कोहली के हाथों में बल्लाबाजी की कमान** – आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान विराट कोहली के हाथों में है - वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं, जिनके पैरों की फुर्ती, टाइमिंग और जब चाहें तब अपनी पारी की रफ्तार बढ़ाने की काबिलियत उन्हें गेंदबाजों के लिए एक 'दुस्वप्न' बना देती है। फिल सॉल्ट और टिम डेविड पारी की शुरुआत में 'एक्सप्रेस ट्रेन' की तरह तेज रफ्तार से खेलते हैं, अगर आपने अपना हेलमेट नहीं पहना, तो हो सकता है कि गेंद आपको जमीन पर ही गिरा दे!

रजत पाटीदार और वेंकटेश अय्यर मिडिल ऑर्डर में मजबूती देते हैं; वे दबाव झेलने और जरूरत के हिसाब से अपनी गति बदलने में माहिर हैं। जितेश शर्मा विकेटकीपिंग के साथ-साथ पारी को खत्म करने का सही मिजाज भी रखते हैं, जबकि क्रुणाल पांड्या और रोमारियो शेफर्ड ऐसे 'एक्स-फैक्टर' हैं जो बल्ले या गेंद से मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी विभाग को यश दयाल की गैरमौजूदगी और जोश हेजलवुड की अनुपलब्धता की भरपाई करनी होगी। ऐसे में, भुवनेश्वर कुमार के अनुभव और नुवान तुषारा व सुयश शर्मा के युवा जोश पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है कि वे शुरुआती सफलताएं दिलाएं और रनों पर अंकुश लगाएं।

**जवाब देने को तैयार सनराइजर्स** – ईशान किशन की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद, आक्रामकता और अप्रत्याशितता के जबरदस्त मेल के साथ जवाब देने को तैयार है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी कुछ ही ओवरों में पूरे स्टेडियम में जोश भर सकती है। नंबर 3 पर बल्लेबाज़ी करने वाले हेनरिक क्लासेन अपनी ताक़त के साथ-साथ सूझ-बूझ भरी बल्लेबाज़ी का भी प्रदर्शन करते हैं, जबकि लियाम लिविंगस्टोन, नीतीश रेड्डी और अनिकेत वर्मा मिडिल और लोअर-मिडिल ऑर्डर में बड़े-बड़े शॉट लगाकर, जरूरत पड़ने पर पारी की गति को तेज कर सकते हैं। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी से गेंदबाज़ी आक्रमण में एक खालीपन आ गया है, जिससे जयदेव उनादकट और ब्रायडन कार्स पर शुरुआती सफलताएं दिलाने का दबाव बढ़ गया है; वहीं हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को मिडिल ओवरों में रनों पर लगाम लगानी होगी।

### संभावित प्लेइंग इलेवन

- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** – फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जैकब डफी
- **सनराइजर्स हैदराबाद** – हेनरिक क्लासेन, इशान किशन (कप्तान), अनिकेत वर्मा, टीएम हेड, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, लियाम लिविंगस्टोन, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ब्राइडन कार्से, शिवम मावी

## मियामी ओपन : रायबाकिना को हराकर सबालेंका फाइनल में



**मियामी, एजेंसी।** मियामी बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं। मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया।

# ट्रांसजेंडर वुमन अब महिलाओं के साथ ओलिंपिक नहीं खेल सकेंगी

**आईओसी ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों से बैन लगाया; बायोलॉजिकल फीमेल ही हिस्सा ले पाएंगी**



**ज्यूरिख (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक 2024 के दौरान दो महिला बॉक्सरों की भागीदारी को लेकर विवाद सामने आया था। 66 किलोग्राम वर्ग में अल्जीरिया की इमान खलीफ और 57 किलोग्राम वर्ग में ताइवान की लिन यू टिंग के जेंडर पर सवाल उठे थे। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) ने कहा है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलिंपिक से ट्रांसजेंडर महिलाएं को अब महिला कैटेगरी के इवेंट्स में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नई नीति के मुताबिक अब सिर्फ बायोलॉजिकल फीमेल्स यानी वे महिलाएं जो जन्म से ही महिला हैं, उन्हें ही वुमन कैटेगरी में खेलने की अनुमति होगी। इसके लिए एक बार जीन टेस्ट (एसआरबाय जीन स्क्रीनिंग) कराना जरूरी होगा, जिससे लिंग की पुष्टि की जाएगी। यह टेस्ट थूक, गाल के स्वैब या ब्लड सैंपल से किया जा सकता है। वहीं, जो एथलीट जन्म के समय महिला थे, लेकिन अब खुद को ट्रांसजेंडर पुरुष मानते हैं, वे महिला स्पर्धाओं में खेलना जारी रख सकते हैं।2021 में न्यूजीलैंड की वेटलिफ्टर लॉरैल हबर्ड ओलिंपिक में भाग लेने वाली पहली ट्रांसजेंडर महिला बनी थीं।

### अब तक नियम क्या था

अब तक आईओसी ट्रांसजेंडर महिलाओं को टेस्टोस्टेरोन लेवल कम होने की शर्त पर खेलने की अनुमति देता था या फैसला व्यक्तिगत खेल संघों पर छोड़ दिया जाता था।

**नया नियम केवल प्रोफेशनल खेलों पर लागू** – आईओसी अब सभी खेलों के लिए एक एकसमान नीति चाहता है, ताकि खेल संगठन अलग-अलग नियम न बनाएं। कई खेल संगठनों ने पहले ही ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर पाबंदी लगा रखी है। यह बदलाव खेलों में निष्पक्षता यानी फेयर कॉम्पिटिशन सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले साल फरवरी में एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पास किया था। इसमें लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में ट्रांसजेंडर महिलाओं को वीजा न देने की बात कही गई थी। यह नियम केवल प्रोफेशनल खेलों पर लागू होगा, जमीनी स्तर (ग्रासरूट) के खेलों पर इसका असर नहीं पड़ेगा।

**आईओसी प्रेसिडेंट बोलीं- जीत-हार में बहुत कम अंतर होता है** – आईओसी की प्रेसिडेंट कर्स्टी कोवेंट्री ने इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि ओलिंपिक जैसे बड़े मंच पर जीत और हार के बीच बहुत मामूली अंतर होता है। उन्होंने कहा, ओलिंपिक खेलों में बेहद छोटा फासला भी जीत और हार तय कर सकता है। ऐसे में बायोलॉजिकल पुरुषों का महिला कैटेगरी में मुकाबला करना सही नहीं होगा।

### 'जन्म से पुरुष होने पर मिलता है फिजिकल एडवांटेज'

आईओसी ने अपनी इस नीति के पीछे वैज्ञानिक रिसर्च का भी हवाला दिया है। रिसर्च के अनुसार, जन्म से पुरुष होने के कारण एथलीट को स्ट्रेंथ (ताकत), एंड्योरेंस (सहनशक्ति) और पावर आधारित खेलों में शारीरिक रूप से बढ़त यानी एडवांटेज मिलता है। संस्था का मानना है कि हार्मोनल बदलावों के बावजूद यह शारीरिक अंतर पूरी तरह खत्म नहीं होता।

## दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ने लिया संन्यास, रियो ओलंपिक में रचा था इतिहास

पेरिस (एजेंसी)। बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने घुटने की चोट से लंबे समय तक परेशान रहने के बाद बृहस्पतिवार को अपने पेशेवर करियर से संन्यास लेने की घोषणा की। उनके करियर में ओलंपिक स्वर्ण पदक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल हैं। मारिन ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर कहा, 'मेरा सफर यहीं समाप्त होता है।' उन्होंने बताया कि चोट के कारण उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता से दूर रहने का कठिन निर्णय लिया। उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि हम आखिरी बार ट्रैक पर मिलें, लेकिन मैं अपने शरीर को जोखिम में नहीं डालना चाहती। इस 32 साल की खिलाड़ी ने भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधू के साथ कई यादगार मुकाबले खेले। उन्होंने रियो 2016 ओलंपिक और 2018 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में सिंधू को हराया था। उनके करियर में 2014, 2015 और 2018 में विश्व चैंपियनशिप, सात यूरोपीय खिताब और 2016 ओलंपिक स्वर्ण पदक शामिल हैं।

# टीम इंडिया होम सीजन में 22 मैच खेलेगी

- **9 वनडे, 5 टेस्ट और 8 टी-20 होंगे**
- **वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आएंगी**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने टीम इंडिया के 2026-27 के इंटरनेशनल घरेलू सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन में कुल 22 मैच (9 वनडे, 5 टेस्ट और 8 टी-20) 17 अलग-अलग शहरों में खेले जाएंगे। इस दौरान कुल चार टीमें भारत दौरे पर आएंगी। इसमें वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के नाम शामिल है। घरेलू सीजन का आगाज सितंबर में होगा।

**वेस्टइंडीज दौरे से शुरू होगा सीजन** – सीजन की शुरुआत 27 सितंबर 2026 से वेस्टइंडीज के भारत दौरे के साथ होगी। इस दौरे में तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। वनडे मुकाबले तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में होंगे, जबकि टी-20 सीरीज लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में खेली जाएगी।

**श्रीलंका टीम दिसंबर में आएगी** – इसके बाद दिसंबर 2026 में श्रीलंका टीम भारत दौरे पर आएगी, जहां दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

**जनवरी-फरवरी में भारत-ऑस्ट्रेलिया 5 टेस्ट खेलेंगे** – नए साल की शुरुआत में जनवरी 2027 में जिम्बाब्वे टीम भारत दौरे पर तीन वनडे मैच खेलेगी। ये मुकाबले कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में आयोजित होंगे। इस सीजन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी होगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी। इसकी शुरुआत 21 जनवरी 2027 को नागपुर में पहले टेस्ट से होगी। इसके बाद अगले चार टेस्ट चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### औरंगाबाद की रेल समस्याएं लोकसभा में गूंजी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद। राजद संसदीय दल के नेता व औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हाउर्फ अभय कुशवाहा ने लोकसभा के शून्यकाल में अपने संसदीय क्षेत्र की रेल सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बड़ी आबादी, श्रद्धालु और यात्री आज भी पर्याप्त रेल सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने विशेष रूप से फेसर स्टेशन से देव स्थित सूर्य मंदिर तक सीधी रेल लाइन बिछाने की मांग उठाई, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने रफीगंज स्टेशन पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, परैया स्टेशन पर सियालदह एक्सप्रेस एवं पलामू एक्सप्रेस, फेसर स्टेशन पर महाबोधि एक्सप्रेस और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। साथ ही फेसर स्टेशन पर एक नया टिकट काउंटर खोलने की आवश्यकता भी जताई। उन्होंने इस्माइलपुर स्टेशन पर दून एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस तथा जाखिम स्टेशन पर महाबोधि एक्सप्रेस, बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस और पंडित दीनदयाल उपाध्याय फास्ट पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की भी मांग रखी। सांसद ने कहा कि ये सभी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और इनका सीधा संबंध आम जनता की सुविधा, धार्मिक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास से है। उन्होंने केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस मुद्दे को संसद सहित अन्य मंचों पर लगातार उठाते रहेंगे।

रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न

# रामनवमी को लेकर डीएम-एसपी ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

- जुलूस मार्ग, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और चौक-चौराहों की समीक्षा
- विधि-व्यवस्था, यातायात, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर निर्देश
- पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने का आदेश
- मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर
- जनप्रतिनिधियों, पूजा समितियों और आम लोगों से संवाद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से रफीगंज और गोह प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थानों, जुलूस मार्गों तथा प्रमुख चौक-चौराहों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों और आम नागरिकों से संवाद कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर तैयारियों की निगरानी करें और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही जुलूस मार्गों में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और रामनवमी पर्व को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने में सहयोग करें, ताकि जिले में सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा कायम रह सके। इस निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तार अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर अमित राजन सहित संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में हाइवा और ऑटो की टक्कर में युवक की मौत, दो गंभीर

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा पेमा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार हाइवा और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी लालमोहन राम के 22 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रंजीत अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था और वहां से लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और रंजीत ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार, रंजीत सूरत में एक निजी फैक्ट्री में मजदूरी करता था और 14 मार्च को छुट्टी लेकर अपने घर आया था। वह दो भाइयों में सबसे छोटा था और अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। रंजीत के पिता ने बताया कि उमंगेश्वरी माता मंदिर में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद वह अपने भाई के ससुराल जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### महुआ बिगहा में रामनवमी पर 24 घंटे अखंड कीर्तन शुरू, भक्तिमय हुआ माहौल

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** प्रखंड के महुआ बिगहा गांव में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया, जिससे पूरे गांव में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त हो गया है। गांव के मंदिर परिसर में श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भजनों में लीन होकर धार्मिक उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति शनिवार को होगी। इसके बाद दोपहर से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। साथ ही 2 अप्रैल की रात पारंपरिक दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जो स्थानीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ आचार्य वेदप्रकाश पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

# औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य पीएनजी कनेक्शन विस्तार में तेजी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति और पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार को लेकर प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी वितरण और पीएनजी विस्तार की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें आपूर्ति को सामान्य बताया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7539 सिलेंडरों की मांग के मुकाबले करीब 6358 सिलेंडरों की होम डिलीवरी की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है और लंबित बुकिंग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत निवारण के तहत जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त 15 शिकायतों में से 14 का समाधान कर दिया गया है, जबकि एक शिकायत अभी प्रक्रियाधीन है। गैस एजेंसियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए छह संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है और कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं।

वहीं, स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएनजी कनेक्शन के विस्तार में भी तेजी आई है। पिछले दस दिनों में जिले के 50 नए घरों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। अब घरेलू उपयोग के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी पीएनजी कनेक्शन दिए जा रहे हैं, जिससे सुरक्षित और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित होगी। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करें और पीएनजी विस्तार के कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06186-295027 पर संपर्क करें।

# बीआरबीसीएल बना चैम्पियन, वॉलीबॉल फाइनल में एनटीपीसी कांटी को हराया

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)




बीआरबीसीएल परिसर में गुरूवार को आयोजित ईआर-1आईआरएसएम वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला खेल भावना और रोमांच से भरपूर रहा। फाइनल में बीआरबीसीएल और एनटीपीसी कांटी की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बीआरबीसीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट के समापन समारोह में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी, सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस दौरान गजल गायक अभिषेक पाठक, गायिका प्रिया चौहान और सैक्सोफोन वादक संजय मिश्रा ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया।

मुख्य अतिथि दीपक रंजन देहुरी ने बीआरबीसीएल टीम को जीत की बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। वहीं, रनर-अप रही एनटीपीसी कांटी की टीम के खेल की भी सराहना की गई और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल ने भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए खेल भावना को बढ़ावा देने की बात कही। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिस्पर्धा का मंच बना, बल्कि सांस्कृतिक समागम के रूप में भी लोगों के बीच यादगार बन गया।

### ट्यूनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत छात्रों का शैक्षणिक परिभ्रमण

औरंगाबाद (हसपुरा/दाउदनगर) (नि.सं.)। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने एवं छात्रों को अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से 'ट्यूनिंग ऑफ स्कूल' कार्यक्रम के अंतर्गत हसपुरा प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अहियापुर के छात्र-छात्राओं ने दाउदनगर के ज्ञान गंगा इंटर स्कूल का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस परिभ्रमण का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य अंबुज कुमार ने किया। ज्ञान गंगा इंटर स्कूल पहुंचने पर निदेशक नंदकिशोर सिंह एवं प्राचार्य सुरेंद्र कुमार उर्फ उमा बाबू ने छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मीटिंग हॉल में परिचय सत्र से हुई, जहां दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आपस में संवाद, वाद-विवाद एवं विचार-विमर्श कर शैक्षणिक अनुभव साझा किए।

# सम्राट अशोक जयंती पर भव्य आयोजन नाटक 'कफन' का हुआ मंचन

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



प्रखंड के अहियापुर गांव में शुक्रवार को सम्राट अशोक की जयंती समारोह पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में गोह विधानसभा के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक इतिहास के सबसे प्रतापी और महान शासकों में से एक थे, जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया और अपने कल्याणकारी कार्यों तथा शिलालेखों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सम्राट अशोक के करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया मृत्युंजय कुमार, शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सम्राट अशोक ने पूरी दुनिया को करुणा और अहिंसा का संदेश दिया। उन्होंने सड़कों, कुओं, धर्मशालाओं, छायादार वृक्षों और अस्पतालों का निर्माण कर जनकल्याण के कार्य किए। कलिंग युद्ध के बाद उन्होंने हिंसा का त्याग कर अहिंसा का मार्ग अपनाया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका अशोक चक्र आज भी देश की शान का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व सरपंच रणधीर कुमार ने स्थानीय समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। समारोह का संचालन सुधीर कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्राट अशोक क्लब के युवाओं की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा एकांकी नाटक 'कफन' का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। आयोजन में कई स्थानीय गणमान्य लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### युवा मंडल विकास अभियान के बाद प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में संचालित युवा मंडल विकास अभियान के समापन के बाद ओबरा प्रखंड में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अभियान के तहत गठित नए युवा मंडलों तथा पुनर्गठित पुराने मंडलों के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को गांव स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी युवा मंडल अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कराने में सहयोग करें, ताकि आम लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को समाज के विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# 29 मार्च को सवर्ण महापंचायत, यूजीसी बिल व संगठन विस्तार पर होगी चर्चा




निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

जिले के देव में 29 मार्च को सवर्ण एकता मंच द्वारा महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इस महापंचायत में यूजीसी बिल से उत्पन्न परिस्थितियों, सवर्ण समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

मंच के संयोजक सतीश पाठक और कुमार पाठक तथा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज को विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक करना और एकजुटता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि महापंचायत में विभिन्न सामाजिक पहलुओं पर विमर्श करते हुए सभी वर्गों के लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान नेताओं ने कहा कि समाज में उत्पन्न चुनौतियों को लेकर व्यापक चर्चा की आवश्यकता है और इसके लिए सभी लोगों को एक मंच पर आकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महापंचायत के माध्यम से आगे की दिशा और रणनीति तय की जाएगी।

नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का विरोध संविधान और कानून के दायरे में रहकर ही किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में शामिल होकर अपने विचार रखने की अपील की। प्रेसवार्ता में विजय कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, रामकेवल सिंह और राजकुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सुरेश विद्यार्थी बने शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, औरंगाबाद में खुशी की लहर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की औरंगाबाद जिला इकाई के अध्यक्ष एवं साहित्यसेवी सुरेश विद्यार्थी को संस्था का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। इस घोषणा के बाद जिले के साहित्यिक जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। शब्दवीणा की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रश्मि प्रियदर्शनी ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए बताया कि सुरेश विद्यार्थी को यह जिम्मेदारी उनकी निष्ठा, नेतृत्व क्षमता, सक्रियता, समर्पण भाव और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में अब उनका योगदान पूरे संगठन को मिलेगा, जिससे शब्दवीणा की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के साथ संगठनात्मक मजबूती भी बढ़ेगी।

सुरेश विद्यार्थी के इस मनोनयन पर संस्था के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। इनमें राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ. रवि प्रकाश, राष्ट्रीय उप प्रचार मंत्री अनुराग सैनी मुकुंद, बिहार प्रदेश संरक्षक प्रो. सुबोध कुमार झा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार, पश्चिम बंगाल प्रदेश संरक्षक पुरुषोत्तम तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ बेखबर सहित कई साहित्यकार शामिल हैं। इसके अलावा औरंगाबाद जिला इकाई के संरक्षक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, जिला सचिव सतीश कुमार पांडेय, संगठन मंत्री अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भी शुभकामनाएं दीं। मनोनीत होने के बाद सुरेश विद्यार्थी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समस्त शब्दवीणा परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

संदेश

प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है। यह वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की एक प्रभावी वैश्विक पहल है, जिसका शुभारंभ वर्ष 2007 में किया गया था। इसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव जीवन के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना है।

WWF-India प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण हेतु निरंतर कार्यरत है। 'अर्थ ऑवर' के अवसर पर प्रत्येक वर्ष लोग स्वेच्छा से एक घंटे के लिए गैर-आवश्यक रोशनी बंद कर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। यह एक प्रतीकात्मक, किंतु अत्यंत प्रभावशाली पहल है, जो हमें ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराती है। इस वर्ष 'अर्थ ऑवर' 28 मार्च, 2026 (शनिवार) को रात्रि 08:30 बजे से 09:30 बजे तक मनाया जा रहा है।

अतः सभी राज्यवासियों से आह्वान है कि वे इस निर्धारित अवधि में अपने-अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दें। साथ ही, सभी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में भी अनावश्यक प्रकाश बंद करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ तथा प्रकृति की रक्षा और सतत विकास के संकल्प को सुदृढ़ किया जाए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड

PR. No. 376196/IPRD/2025-26